www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 27 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –163 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



मप्र में भाजपा को लड़ने के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय
■ लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री ... पृष्ठ 6

■ ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल
■ नाइजीरिया में सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया पृष्ठ 7

एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका पृष्ठ 8

# प्रदेश में 1 नवंबर से होगी धान खरीदी

## कैबिनेट की बैठक में मुहर : प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी सरकार

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। भूपेश कैबिनेट की आज हुई बैठक में चुनाव से पहले कई अहम फैसले लिए गए हैं। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए 1 नबंवर से धान खरीदी होगी। वहीं कैबिनेट की बैठक में 20 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी पर भी मुहर लगी है। इसके साथ ही न्यू स्वागत विहार के पात्र हितग्रहियों को जमीन लौटाने का फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित हुई ।बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का निर्धारण किया गया। जिसके तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार धान और मक्का का उपार्जन किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की नगद और लिकिंग में खरीदी एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक की जाएगी। इसी प्रकार खरीफ मक्का की खरीदी एक नवबंर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की जाएगी मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 क्विंटल एवं मक्का प्रति एकड़ 10 क्विंटल लिकिंग सहित अधिकतम की जाएगी ।खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित को धान उपार्जन के लिये शासकीय प्रत्याभूति (राशि 14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग से प्राप्त परिणामी चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्या. (नेफेड) के माध्यम से फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) की आपूर्ति किये जाने की सहमति प्रदान की गई।



■ स्वागत विहार के हितग्राहियों एमएमको लौटाई जाएगी जमीन

■ व्यापारियों को 540 रु वर्गफीट में जमीन

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में पत्रकारों को नगर विकास योजना क्रमांक-4 कौशल्या माता विहार में मकान खरीदनें पर राज्य शासन की तरफ से 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय का अनुमोदन करते हुए इसके प्रथम स्टेज प्राक्कलन के अनुसार 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रूपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत किया गया।

ग्राम डूण्डा, सेजबहार एवं बोरियाकला, तहसील व जिला रायपुर में रियल स्टेट प्रोजेक्ट न्यू स्वागत विहार के स्वीकृत अभिन्यास एवं प्रभावितों को प्लाट उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया कि पूर्व में स्वीकृत 8 ले-आउट को निरस्त किया जाए ।न्यू स्वागत विहार कॉलोनी को अनधिकृत कालोनी मानते हुए नियमितीकरण की कार्यवाही की जाए। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित थोक व्यवसायिक बाजार या कमर्शियल हब परियोजना के आबंटन दर एवं भू-खण्ड आबंटन की प्रक्रिया निर्धारण के संबंध में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के परिपालन में व्यापरियों को 945 रूपए के स्थान पर 540 रूपए प्रति वर्गफीट की दर से भूखण्ड दिया जाएगा। नवा रायपुर प्राधिकरण को होने वाली क्षति की कुल राशि 117.86 करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित, द्वितीय श्रेणी) से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित प्रथम श्रेणी) के पद पर पदोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 5 वर्ष में 4 माह का शिथिलीकरण करने का अनुमोदन किया गया।

जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक के 3 पद वेतन मैट्रिक्स लेवल-15 (वेतनमान 118500-214100) सृजित करने का निर्णय लिया गय।

राजगामी संपदा की भूमि वाईडनर मेमोरियल स्कूल के लिए भूमि का आबंटन करने का निर्णय लिया गया ।रत्नेश्वर कुर्मि क्षत्रिय सेवा संस्थान रतनपुर को शासकीय भूमि आबंटन और व्यवस्थापन में रियायत का निर्णय लिया गया। आवेदक संस्था अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग को आबंटित ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# राज्य में शुरू हुई ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना

## अब पत्रकारों को मिलेगा 30 लाख ऋण तक ब्याज अनुदान

**रायपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अब प्रदेश में पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी।




राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### सुरक्षा परिषद में आज के हिसाब से बदलाव जरूरी : जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रही है। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की तारीफ करते हुए कहा कि हमारी पहल से अफ्रीकन यूनियन संगठन का हिस्सा बना। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जो काफी समय से इसका हकदार रहा है। न्यूयॉर्क में 13 सितंबर से चल रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सभी सदस्य देश अपनी बात रखते हैं।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है।

### लखीमपुर खीरी हिंसाः केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी। शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी।

### ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। ज्वेलरी शोरूम के मालिक ने बताया कि करीब 20-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी।

### भाजपा नेता शाहनवाज को आया हार्ट अटैक

**मुंबई।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### एशियाई खेल : भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता सोना

**हांगझोउ।** भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

# प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारी फिक्की अवार्ड से सम्मानित

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। देश की प्रतिष्ठित फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से अच्छे कार्यों तथा बेस्ट प्रेक्टिसेस पर राज्य के पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में 15 सितम्बर को नई दिल्ली में फिक्की संस्था द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड- 2022 के लिए राज्य के तीन पुलिस अधिकारियों को इस प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों में कम्युनिटी पुलिसिंग केटेगरी में जिला दंतेवाड़ा में चलाये गये लोन वर्राटू कार्यक्रम के लिए दंतेवाड़ा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव (आईपीएस), जो वर्तमान में जिला कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक हैं, सर्विलेंस एवं मॉनिटरिंग केटेगरी में जिला राजनांदगांव में चलाये गये त्रिनेत्रम अभियान के लिए तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव एवं वर्तमान नगर पुलिस अधीक्षक, आजाद चौक, रायपुर मयंक गुर्जर (आईपीएस) तथा वूमेन सेफ्टी केटेगरी में राज्यस्तरीय अभिव्यक्ति कार्यक्रम के लिए श्रीमती पूजा अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पुलिस मुख्यालय को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है, जो राज्य पुलिस के लिए गौरव का विषय है।

# रायपुर में तैयार हुई प्रदेश की पहली टेनिस अकादमी

## 3 हजार की दर्शक क्षमता के साथ 4 एकड़ क्षेत्र में 17.75 करोड़ की लागत से निर्मित

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में खेलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार विश्वस्तरीय खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के बाद खेलों के लिए अब एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। ये सौगात रायपुर में टेनिस अकादमी के रूप में प्रदेश की जनता को मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 27 सितंबर को टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी (छात्रावास एवं प्रशासनिक भवन) का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल तथा लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर के लाभांडी में 17.15 करोड़ रूपए की लागत से तैयार ये टेनिक अकादमी छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी अकादमी होगी।



■ टेनिस अकादमी में है एक मुख्य सिंथेटिक कोर्ट तथा 5 प्रेक्टिस सिंथेटिक कोर्ट

■ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे लोकार्पण

4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गयी टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी को तीन मुख्य हिस्सों में विभाजित किया गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के सम्मान

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसी)। फिल्मों में अपनी अदाकारी से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए फिल्मी जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को यह एलान किया है। दादा साहब फाल्के सम्मान का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि मशहूर अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए इस साल प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।



2002 में दादा साहब फाल्के सम्मान के लिए चुने गए थे देवानंद- आज हिंदी फ़िल्मों के सदाबहार एक्टर देवानंद का 100वां जन्म दिवस है। आज ही के दिन यानी 26 सितंबर को अविभाजित पंजाब के गुरदासपुर जिले (अब नारोवाल जिला, पाकिस्तान) के शकरगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

# अब कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बोल पा रही भाजपा : भूपेश

रायपुर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अर्नब नक्सली द्वारा चलाने का आरोप लगाया था। मोदी के इस बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है ।उन्होंने कहा भाजपा अब कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बोल पा रही है. कांग्रेस ही भाजपा को साफ करती जा रही है। भाजपा को कांग्रेस और राहुल से भय है। राजस्थान, हिमाचल , कर्नाटक में भाजपा को साफ किया। एमपी में केंद्रीय मंत्री, सांसद विधानसभा चुनाव में उतारे जा रहे ।बड़े-बड़े दिग्गज उतारे जा रहे। मतलब साफ है कि भाजपा हारने वाली है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज चुनाव अभियान समिति की बैठक प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सभी सदस्य यहां उपस्थित थे ।महत्वपूर्ण बात ये है कि लगातार हम लोग भरोसे का सम्मेलन कर रहे हैं और उसमें हमारे नेता आ भी रहे हैं। जबरदस्त उत्साह और लोगों का आशीर्वाद हमारी सरकार को मिल रहा है ।भारतीय जनता पार्टी की जहां तक बात है भारतीय जनता पार्टी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला

# पीएम को बताया सर्टिफाइड झूठा

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

**प्रधानमंत्री ने 51 मिनट के भाषण में 44 बार लिया कांग्रेस का नाम**

**ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी**

इसे कहते हैं, नींद हमारी,ख्वाब तुम्हारे। खेडा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री थोडा भी थोडा भी सच बोलना शुरू कर दें तो वे कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि यूपीए सरकार के समय जब महिला आरक्षण विधेयक आया था तो उसके विरोध में अटलबिहारी वाजेपेयी से लेकर लालकृष्ण आडवाणी और जशवंत सिंह तक शामिल थे। 10 साल तक मोदी सरकार को महिला आरक्षण विधेयक का खयाल तक नहीं आया और धृष्टता देखिए कि अब कहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई सर्टिफाइड लायर है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आज तक ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी

**संसद में अभिनेत्रियां आईं थीं, राष्ट्रपति नहीं**

उन्होंने कई अन्य मुद्दों को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहाकि संसद में अभिनेत्रियां तो आती हैं,लेकिन राष्ट्रपति नहीं। क्योकि वे आदिवासी महिला हैं।

9वां रोजगार मेला

# प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है।

आतंकवाद — गैंग में दो महिलाएं भी हैं शामिल, हथियार व गोला बारूद भी बरामद

# बारामुल्ला में पकड़ा गया लश्करे तौयबा का गैंग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बुधवार को लश्करे तौयबा के एक आतंकवादी और दो महिलाओं सहित पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक किशोर भी शामिल है।**

*बारामुल्ला में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बारामुल्ला अमोग नागपुरे ने बताया कि पुलिस ने बारामुल्ला में सक्रिय लश्कर आतंकवादी और पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उनके मुताबिक गिरफ्तारियों का सिलसिला सितंबर में उड़ी में दो संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने के बाद शुरू हुआ था। एसएसपी ने बताया कि 21 सितंबर को, बारामुल्ला में पुलिस को विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से पता चला कि यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ में शामिल हो गया है। बाद में उसे टप्पर पट्टन में एमवीसीपी चेकिंग के दौरान 22 तारीख को आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला बारूद के साथ पकड़ लिया गया।*



***आतंकवादियों को भर्ती करने कराने की थी योजना***–*नागपुरे के बकौल, पूछताछ के दौरान, उसने अपने दूसरे सहयोगी का नाम परवेज अहमद शाह बताया। जिसे बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसके खुलासे पर, उसके कब्जे से 2 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए। और मोहम्मद यासीन शाह से पूछताछ के दौरान और उसके खुलासे पर, 1 पिस्तौल, 1 पिस्तौल जंबाजपोरा स्थित उसके घर से मैगजीन और 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

उवाच

महिला आरक्षण बिल नरेंद्र मोदी ने 2024 के संसदीय चुनाव के लिए जल्दबाजी में किया है। यह 1984 में संविधान में लिखा गया था कि 2026 तक कोई भी संशोधन नहीं किया जा सकता है ना तो कोई सीट बढ़ सकती है और ना ही कोई हेर फेर हो सकता है।

–प्रो.रामगोपाल यादव,सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 26.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# मप्र में भाजपा को लड़ने के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : कांग्रेस



मध्य प्रदेश में डबल हार की ओर बढ़ रही है डबल इंजन की सरकार : कमलनाथ

■ भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर कमलनाथ ने बोला हमला

■ चुनाव में भाजपा से दोगुनी सीटें जीतने का किया दावा

**भोपाल, 26 सितम्बर (एजेंसियां)।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हमला बोलते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और डबल इंजन की ये सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, लिस्ट पर एक ही बात फिट है नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कमलनाथ ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है।

कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने उम्मीद का आखरी झूठा दांव खेला है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18.5 साल की भाजपाई सरकार और 15 साल से ज्यादा के शिवराज जी विकास के दावों को नकारने वाली भाजपाई प्रत्याशियों की सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी का दावा करने वाली भाजपा की आंतरिक हार पर पक्की मुहर है। एमपी में विकास के खोखले दावों की पोल खुलने के साथ बड़बोली भाजपाई सरकार के प्रचारवादी विकास के थोथे दावे आज सफेद झूठ साबित हो गए। कमलनाथ ने लिखा कि भाजपा केवल एक बात ध्यान रखें। ये जनता है, ये सब जानती है। 18 साल के कुशासन का हिसाब तो जनता लेकर रहेगी और न्याय होकर होगा। एमपी की जनता है तैयार, भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले लगभग दो दशक से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आई प्रत्याशियों की दूसरी सूची के कई नामों ने सभी को चौंका दिया है। पार्टी ने अपने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## शाजापुर में सभा को करेंगे राहुल गांधी



**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी आगामी 30 तारीख को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने बताया कि गांधी का विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्यप्रदेश का यह पहला बड़ा दौरा कार्यक्रम है। सिंह ने बताया कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश में जनता का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्नेह मिला था। उनका शाजापुर दौरा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक साबित होगा।

## ओडिशा विस में दूसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित



**भुवनेश्वर, 26 सितम्बर (एजेंसियां)।** सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही ठप कर दी तथा हंगामे के कारण अध्यक्ष प्रमिला मलिक को बिना कोई कामकाज किए सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अध्यक्ष ने सबसे पहले सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। बाद में गतिरोध को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक पर सहमति जताई। इसके पश्चात सदन की कार्यवाही 1205 बजे तक और फिर 1207 बजे से चार बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

इस बीच सदन में हंगामा जारी रहा और भाजपा तथा बीजद सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे। सदस्यों के हंगामे के चलते व विरोध के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका। प्राथमिक शिक्षा पर स्थगन प्रस्ताव के रूप में बहस के लिए विपक्षी कांग्रेस द्वारा दिया गया नोटिस भी स्वीकार नहीं किया जा सका। आज जैसे ही सुबह साढ़े दस बजे प्रश्नकाल शुरू करने के लिए सदन की कार्यवाही शुरू हुई, काले बिल्ले पहने भाजपा सदस्य सदन के बीचों बीच आ गए और अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए कार्यवाही बाधित कर दी।

## वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने को भी हम प्रतिबद्ध : राजनाथ



■ हिन्द प्रशांत की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे समृद्ध, सुरक्षित और समावेशी भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी देशों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दे सभी को प्रभावित करते हैं और कोई भी देश इन चुनौतियों का समाधान अकेले नहीं कर सकता। इसके लिए, उन्होंने व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के परस्पर मिलने और चिंताओं से निपटने के लिए कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौते 1982 को आधार मानकर इन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। सिंह यहां हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के 13वें द्विवार्षिक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। तीन दिन के इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय सेना और अमेरिकी सेना ने मिलकर किया है।

इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार तथा अमेरिकी सेना के प्रमुख सहित 20 देशों की सेनाओं के प्रमुख और 35 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को उचित महत्व मिले

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छोटे देशों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उचित महत्व मिलना चाहिए। सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन पर भारतीय सशस्त्र बल समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ आपदा स्थितियों में सबसे पहले योगदान करते हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि हिन्द प्रशांत केवल एक समुद्री क्षेत्र नहीं बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक क्षेत्र है जो सीमा विवादों और समुद्री डकैती सहित सुरक्षा चुनौतियों के एक जटिल तंत्र का सामना कर रहा है। इस तंत्र में वैश्विक घटनाएं, आर्थिक परिस्थिति , लोगों के विचार, मौसम और जीवन के तमाम पहलू शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### राजस्थान दौरे पर जाएंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर रहेंगे और झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ नई दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे।

### पुंछ में विशेष पुलिस अधिकारी मृत पाया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंगलवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मृत पाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत एसपीओ की पहचान खालिक हुसैन के रूप में हुई है। वह पुंछ जिला पुलिस लाइन में तैनात था और एक स्थानीय थाने सेजुड़ा हुआ था। मृतक की मोटरसाइकिल भी उसके पास ही पड़ी थी। पुलिस ने इसके पीछे किसी दुर्घटना की आशंका जताई है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### बेबी देवी ने विधानसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ

**रांची।** झारखंड विधानसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य और मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने यहां अपने कार्यालय कक्ष में बेबी देवी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ने विधायक सह मंत्री बेबी देवी को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के कारण डुमरी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव कराया गया था। महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बीबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था।

### उप्र के अमेठी में सड़क हादसे में तीन की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर की आमने सामने टक्कर में दो चालकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर थौरी गांव के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई।

## धर्म गुरु को लेकर संकट में छत्तीसगढ़ भाजपा

**रायपुर,26 सितम्बर (देशबन्धु)।** हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने वाले सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास जी के पुत्रों सहित परिवार के कुछ लोगों की विभिन्न अपराधों में संलिप्तता उजागर हुई है। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी में उन्हे लेकर असहज स्थिति निर्मित हो गई है। क्योंकि गुरु परिवार आरंग विधानसभा क्षेत्र से टिकट चाह रहा है वही कांग्रेस अपराध के उन मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमले की तैयारी में है। गौरतलब है कि बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी रायपुर के 700 घरों में चोरी के मामले में गुरु बाल दास जी के भतीजे सतखोजन की गिरफ्तारी हुई है। चोरी का माल भी भंडारपुरी से बरामद किया गया है। ऐसे में धर्म गुरु परिवार पर इतने बड़े लांछन लगने से भारतीय जनता पार्टी कुछ कह सकते की स्थिति में नहीं है। हाल ही मे कांग्रेस पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए गुरु बालदास ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। इस दौरान ही उन्होंने अपने पुत्र खुशवंत के लिए आरंग विधानसभा से टिकट की मांग रख दी थी। वहीं दूसरी तरफ गुरु बाल दास व परिवार के भाजपा प्रवेश के बाद कांग्रेस पार्टी ने उनके पुत्रों के कथित लूट सहित अन्य अपराधों का कथित चिट्ठा खोलना शुरू कर दिया है। यह सिलसिला चल ही रहा था कि 7 करोड़ की चोरी के मामले में भतीजे सतखोजन को गिरफ्तारी गुरु परिवार पर भारी पड़ती नजर आ रही है। सामाजिक स्तर पर भी उनके खिलाफ विरोध के स्वर उठ ही रहे है साथ ही सोसल मीडिया में भी सामाजिक जन अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

### बिधूड़ी प्रकरण पर भाजपा के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर जदयू ने उठाए सवाल

# गांधी के भारत को बनाया जा रहा नफरत की भूमि



क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी : राजीव रंजन

**पटना, 26 सितम्बर (देशबन्धु)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सांसद रमेश बिधूड़ी प्रकरण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए आज कहा कि इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। रंजन ने मंगलवार को यहां कहा कि नए संसद भवन में विशेष सत्र को अल्पसंख्यक समाज को गलियां दे कर आगाज करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को उस पर ठहाके लगाने वाले दो पूर्व मंत्रियों पर अभी तक न तो कोई कारवाई हुई है और न ही प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री अमित शाह जैसे भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। जदयू महासचिव ने भाजपा से सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि नए संसद भवन को पूरे विश्व के सामने शर्मसार करने वाले सांसद रमेश बिधूड़ी पर उन्होंने अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं की है।

वह बताएं कि किस 'नेता' के दबाव में आकर भाजपा के नेता इस प्रकरण पर कुछ बोलना तो दूर बिधूड़ी के बयान की भर्त्सना तक नहीं कर रहे। वह बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की चुप्पी को रमेश बिधूड़ी के बयान का मौन समर्थन क्यों न समझा जाए। वह बताए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी। रंजन ने पूछा कि भाजपा के नेता बताएं कि अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को गालियां दिलवा कर भाजपा नई पीढ़ी को कौन सा संदेश देना चाहते है। उन्हें बताना चाहिए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को इसी तरह से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

### भाजपा अपना चुनावी वादा पूरा करने में विफल : जदयू

बिहार के भवन निर्माण मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। चौधरी ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कीमतों को नियंत्रित करने का वादा किया था लेकिन खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें चिंताजनक रूप से बढ़ गई हैं, जिससे आम आदमी को बड़ी कठिनाई हो रही है। मंत्री ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने का भाजपा का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए नई नौकरियां पैदा करना तो दूर अलग-अलग क्षेत्रों में पहले से ही सेवाओं में लगे लोगों की भी छंटनी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए हिंदू और मुस्लिम के मुद्दे पर नफरत फैला रही है। चौधरी ने कहा कि लोग भाजपा की चुनावी चालों को पहले ही समझ चुके हैं और यह अब और काम नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में अधिक से अधिक दलों के शामिल होने की उम्मीद है।

## मल्टीप्लेक्स नहीं, लोक कल्याण का मंदिर है नया संसद भवन



**नई दिल्ली,26 सितम्बर (देशबन्धु)।** जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। रामचरितमानस के बालकांड की इस चौपाई का अर्थ है-जिसकी जैसी भावना होती है, उसे उसी रूप में भगवान दिखते है। कई सदी पहले गोस्वामी तुलसीदास जी की कही बातें आज भी सही है और आगे भी रहेगा। हाल ही में नए संसद भवन में चले विशेष सत्र को लेकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को यह मोदी का मल्टीप्लेक्स दिख रहा है। जबकि, महज चार दिन के कार्यकाल में जिस प्रकार से इस नए संसद में लोक मंगल की कामना से सबके विकास के लिए काम किया गया है, उसके बाद लोग इसे लोक कल्याण का मंदिर मानते हैं। भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर। तभी तो इस मंदिर में जाते समय सभी सांसदों के हाथों में फूल-प्रसाद के रूप में संविधान की प्रति दी गई। पहली पूजा के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को दोनों सदनों से सरकार ने पारित कराया। पूरा देश यह जानता है कि प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ही रेसकोर्स रोड की बजाय लोक कल्याण मार्ग कर दिया था। नए संसद भवन में भी पहली पूजा के रूप में केंद्र सरकार ने वेदोक्त सूत्र को आत्मसात किया है, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता। इसी सूत्र के आधार पर पहला बड़ा कदम देश की तमाम महिलाओं को पहले से अधिक सशक्त करना, उन्हें संवैधानिक रूप से और अधिक अधिकार देने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया।

ऐसे में यदि जयराम रमेश जैसे कांग्रेस नेता, जो केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं, को संसद भवन भी मल्टीप्लेक्स लगता है, तो समझा जा सकता है कि कांग्रेस की नजर में सब कुछ बाजार में ही है। बाजार के हिसाब से ही इन कांग्रेसियों का आचार-व्यवहार तय होता है।

## कावेरी विवाद पर राजनीति कर रहे भाजपा व जेडीएस : सिद्धारमैया

**बंगलूरू,26 सितम्बर (एजेंसियां)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को विपक्षी भाजपा और जेडीएस पर कावेरी विवाद का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। साथ ही, इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर विफल रही है। उन्होंने पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के साथ विवाद के समाधान के रूप में कावेरी नदी पर मेकेदातु संतुलन जलाशय के निर्माण और संकट के समाधान के लिए जल बंटवारे के फॉर्मूले के महत्व को दोहराया। बता दें, तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के विरोध में भाजपा और जेडीएस द्वारा समर्थित किसानों और कन्नड़ संगठनों द्वारा बुलाए गए बंगलूरू बंद का मंगलवार को आंशिक असर देखने को मिला।


**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुनील कुमार शाह (कर्ज़दार), विजय लक्ष्मी शाह (सह-कर्ज़दार) LBBLI00005052498 | प्लॉट नंबर सी-233, आम्रपाली वनांचल सिटी, ग्राम जामुल और छावनी तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ दुर्ग, क्षेत्रफल : 113.43 वर्ग मीटर यानी 1221 वर्ग फुट और भूमि का अविभाजित हिस्सा | रु. 34,56, 438/- (सितम्बर 12, 2023 तक) | रु. 28,00, 000/- / रु. 2,80, 000/- | नवंबर 01, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | नवंबर 08, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |
| 2. | श्री जीतेन्द्र कुमार साहू (कर्ज़दार), मीना साहू (सह-कर्ज़दार) LBRPR00005161420 | फ्लैट नंबर 501, 5वीं मंज़िल, आकृति हाइट्स, खसरा नंबर 2635/8, ग्राम कोहका फरीद नगर, आर.आई.सी. दुर्ग-1, पी.एच. नंबर 19, वार्ड नंबर 08, तहसील और जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, भिलाई, क्षेत्रफल : 1820 वर्ग फुट (169.14 वर्ग मी.) | रु. 56,92, 236/- (सितम्बर 12, 2023 तक) | रु. 44,50, 000/- / रु. 4,45, 000/- | अक्टूबर 26, 2023 को दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक | नवंबर 08, 2023 को सुबह 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 07, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **नवंबर 07, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 07, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 07, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **भिलाई** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 27, 2023**
**स्थान : राजनांदगाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



**punjab national bank / पंजाब नैशनल बैंक** | मंडल कार्यालय- रायपुर, सामान्य प्रशासन विभाग, प्लॉट नंबर 46, सेक्टर 24, नया रायपुर 492018, ई-मेल: coraigad@pnb.co.in, फोन: 0771-2210418

**परिसर की आवश्यकता**

पंजाब नैशनल बैंक को निम्नलिखित स्थानों में पट्टे/ किराए पर उपयुक्त रूप से तैयार और अच्छी तरह से निर्मित हॉल के साथ एक भवन की आवश्यकता है, जिसमें एटीएम के लिए उचित स्थान हो :

| अनु. क्र. | स्थान | केंद्र | जिला | आवश्यक अनुमानित कारपेट एरिया (वर्ग.फीट) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कंचनबाग, राजनांदगांव एवं 500 मीटर के परिक्षेत्र में. | राजनांदगांव | राजनांदगांव (छ.ग) | 1000-1200 |

[illegible] www.pnbindia.in [illegible] 10.10.2023 (मंगलवार) [illegible]

दिनांक : 27.09.2023, स्थान- रायपुर

मंडल प्रमुख



# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

**निविदा सूचना**

**क्रं./लो.क.वि./जोन-02/1017/336** — **भिलाई. दिनांक:22.09.2023**

आयुक्त नगर निगम मिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015/ रोड एस.ओ.आर. विद्युत एसओ आर. 01 08 2015 एवं अद्यतन संसोधन के पर कम / अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा जारी करने की तिथि –22.09.2023
2. आवेदन की अंतिम तिथि – 16.10.2023 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 19.102023 सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि – 20.10.2023

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र | धरोहर राशि | निविदा लागत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 अम्बेडकर नगर में सार्वजनिक बाल उद्यान के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण। | 4.99818 | 5000.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 2 | वार्ड क्र. 15 अम्बेडकर नगर में सार्वजनिक छतयुक्त मंच निर्माण कार्य। | 4.99714 | 5000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 3 | वार्ड क्र. 15 अम्बेडकर नगर में शास. स्कूल के पास सार्वजनिक प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य। | 3.99486 | 4000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 4 | वार्ड क्र. 16 रावण भाठा के पास दुर्गा मंदिर के पास छतयुक्त मय निर्माण कार्य। | 3.99365 | 4000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 5 | वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर में स्थित सार्वजनिक लोकांगन मैदान में डोम शेड निर्माण कार्य। | 9.98851 | 7500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 6 | वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर में शास. प्राथ. स्वा. केन्द्र में अहाता निर्माण कार्य। | 5.49386 | 5500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 7 | वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर में पानी टंकी के पास सार्वजनिक अटल उद्यान निर्माण कार्य। | 2.99934 | 3000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 8 | वार्ड क्र. 15 अम्बेडकर नगर में सार्वजनिक विद्या बाल उद्यान निर्माण कार्य। | 4.99583 | 5000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 9 | वार्ड क्र. 24 फौजी नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण। | 4.99818 | 5000.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 10 | वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड के सूर्यकुण्ड सरोवर में सार्वजनिक डोम रोड निर्माण कार्य। | 9.99768 | 7500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 11 | वार्ड क्र. 25 में सार्वजनिक सामुदायिक भवन के पास प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य। | 1.99758 | 2000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 12 | वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 4.99818 | 5000.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 13 | वार्ड क्र. 25 दीप नगर में सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य। | 4.99818 | 5000.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 14 | वार्ड क्र.26 रामनगर कब्रिस्तान के पास सार्वजनिक डोग शेड निर्माण। | 9.99962 | 7500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 15 | कृपाल नगर में लोधी भवन के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण। | 4.99818 | 5000.00 | 750.00 | 120 दिन |
| 16 | कुरूद में श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल के पास सार्वजनिक सास्कृतिक भवन गार्डन निर्माण कार्य। | 9.97906 | 7500.00 | 750.00 | 120 दिन |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की बेबसाईट www.eu.cgstate.gov.in और bhilai urbanegov.in से देखी जा सकती है । संपत्तिकर भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें ।

जल ही जीवन है जल का सदुपयोग करे उसे व्यर्थ न बहाए । घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर (सफाई मित्र) रिक्शा को देवें।

अपील समस्त शहरवासीयों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खीचकर स्वच्छता एप में भेजें। स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई।

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक 02**
**नगर पालिक निगम**

## भारतीय स्वतंत्रता सेनानी %बाघा जतिन% की बायोपिक में दिखेंगे एक्टर देव

**नई दिल्ली।** बंगाली सिनेमा में अपने काम के लिए सबसे ज्यादा जाने जाने वाले एक्टर देव अपकमिंग फिल्म 'बाघा जतिन' में महान स्वतंत्रता सेनानी बाघा जतिन का किरदार निभाएंगे। यह बायोफिक हिंदी में भी रिलीज होगी। बाघा जतिन का पूरा नाम जतींद्रनाथ मुखर्जी था। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे उनका उपनाम 'बाघा' पड़ा। 'बाघा' बांग्ला शब्द है, इसका हिंदी में अर्थ 'बाघ' होता है। कहानी में दिखाया कि कैसे वे आध्यात्मिकता के संबंध में स्वामी विवेकानंद की विचारधाराओं और क्रांति की अपनी विचारधाराओं से प्रभावित थे। अभिनेता ने कहा कि 26 अगस्त 1914 को कोलकाता में रोडा आर्म्स डकैती के रूप में याद किया जाता है। पिस्तौल और गोला-बारूद को बंगाल में राष्ट्रवादी संघर्षों की लगभग सभी घटनाओं से जोड़ा गया।

शोधकर्ताओं ने की मस्तिष्क संकेतों की खोज

# दो अलग-अलग लोगों की याददाश्त में हो सकता है अंतर

**लंदन,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। क्या आपने कभी सोचा है कि आप अपने साथियों की तुलना में चीजों को याद रखने में कम सक्षम क्यों हैं? शोधकर्ताओं ने कुछ मस्तिष्क संकेतों की खोज की है, जिससे लोगों की याददाश्त में आने वाले अंतर को समझा जा सकता है। हालांकि, यह सच है कि कुछ मस्तिष्क क्षेत्र याददाश्त प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि जब बेहतर या खराब याददाश्त प्रदर्शन वाले लोगों में जानकारी एकत्र करने की बात आती है तो ये क्षेत्र अलग-अलग गतिविधियों का प्रदर्शन करते हैं या नहीं।

स्विट्जरलैंड में बेसल विश्वविद्यालय की टीम ने 18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के 1,500 प्रतिभागियों की स्मृति पर इमेजिंग अध्ययन किया।

प्रतिभागियों को कुल 72 छवियों को देखने और याद रखने के लिए कहा गया था। प्रक्रिया के दौरान



**18 से 35 वर्ष की आयु के बीच के 1,500 प्रतिभागियों पर अध्ययन**

शोधकर्ताओं ने एमआरआई का उपयोग करके विषयों की मस्तिष्क गतिविधि को रिकॉर्ड किया। फिर उन्हें यथासंभव अधिक से अधिक छवियों को याद करने के लिए कहा। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रतिभागियों की सामान्य आबादी के बीच याददाश्त प्रदर्शन में काफी अंतर था।

हिप्पोकैम्पस (ब्रेन का एक पार्ट) सहित मस्तिष्क के कुछ क्षेत्रों में, मस्तिष्क का एक क्षेत्र जो मुख्य रूप से याददाश्त से जुड़ा होता है। इसमें शोधकर्ताओं ने याद रखने की प्रक्रिया के दौरान मस्तिष्क की गतिविधि और बाद में याददाश्त प्रदर्शन के बीच सीधा संबंध पाया।

नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित पेपर में टीम ने कहा, बेहतर याददाश्त वाले व्यक्तियों में मस्तिष्क के इन क्षेत्रों में अधिक सक्रियता देखी गई। जबकि, ओसीसीपिटल कॉर्टेक्स (ब्रेन का एक पार्ट) में अन्य स्मृति-प्रासंगिक मस्तिष्क क्षेत्रों के लिए ऐसा कोई संबंध नहीं पाया गया, वे याददाश्त प्रदर्शन के सभी स्तरों वाले व्यक्तियों में समान रूप से सक्रिय थे।

विश्वविद्यालय की डॉ. लियोनी गीसमैन ने कहा कि निष्कर्ष हमें यह बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं कि एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति के बीच याददाश्त में अंतर कैसे होता है।

गीसमैन ने कहा कि हालांकि, किसी एक व्यक्ति के मस्तिष्क के संकेत उनकी याददाश्त प्रदर्शन के बारे में कोई निष्कर्ष निकालने की अनुमति नहीं देते हैं।

83 प्रतिशत महिलाएं

# मासिक धर्म के दौरान करती हैं दर्द का सामना

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में गाइनोवेदा डॉट कॉम के किए गए एक शोध से यह बात सामने आई है कि 83 प्रतिशत महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द का सामना करना पड़ता है। शोध के लिए किए गए सर्वेक्षण में देश भर में 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग की 3 लाख से अधिक महिलाओं की प्रतिक्रियाएं देखी गईं। जिन्हें व्यापकता, गंभीरता और शारीरिक परिवर्तनों के आधार पर 3 समूहों में वर्गीकृत किया गया।

पहले समूह में मासिक धर्म संबंधी विकार वाली महिलाएं शामिल थीं, जो कुल उत्तरदाताओं का 70 प्रतिशत था। दूसरे समूह में योनि विकार (26 प्रतिशत) वाली महिलाएं शामिल थीं, जिनके पास योनि से संबंधित चुनौतियां थीं, जिसमें असुविधा, संक्रमण या अनियमितताएं शामिल थीं, जो उनके समग्र योनि स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती थीं।

तीसरे समूह में कुल 4 प्रतिशत उत्तरदाता शामिल थे, जिन्हें किसी भी विकार का सामना नहीं करना पड़ा। पैन इंडिया सर्वेक्षण में पीसीओएस की उम्र और घटना, इसकी व्यापकता, अनियमित पीरियड्स सहित अन्य विकार, पीरियड्स के दौरान दर्द की गंभीरता और उत्तरदाताओं के बीच देखे गए शारीरिक परिवर्तनों के आधार पर निष्कर्षों पर प्रकाश डाला गया है।

### आयु समूह और पीसीओएस की घटनाएं

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (भारत सरकार) के विस्तृत शोध के अनुसार पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) उम्र से बंधा नहीं है। यह एक विकार है जो महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान प्रभावित करता है। सर्वेक्षण के अनुसार, 25 से 34 आयु वर्ग की 60 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओएस है। जो बात बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई वह यह थी कि 24 वर्ष से कम आयु वर्ग की 51 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओएस है।

हालांकि, जो बात इसे और अधिक चिंताजनक बनाती है वह यह है कि पीसीओएस महिलाओं की प्रजनन क्षमता को काफी हद तक प्रभावित करता है। पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में बांझपन की व्यापकता 70 से 80 प्रतिशत के बीच होती है।

### पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख शारीरिक परिवर्तन

पीसीओएस से निपटने के दौरान, महिलाओं को शरीर की प्रमुख समस्याओं से भी गुजरना पड़ता है। 60 प्रतिशत महिलाओं में अत्यधिक वजन बढ़ना देखा गया। 59 प्रतिशत महिलाओं में चेहरे पर बालों का बढ़ना (हिर्सुटिज्म) देखा गया। 55 प्रतिशत महिलाओं में मुंहासे जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं देखी गईं, जबकि 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं में रंजकता और अन्य हार्मोनल त्वचा संबंधी समस्याएं देखी गईं। समाज में कुछ परिभाषित स्वास्थ्य और सौंदर्य मानकों के कारण, ये मुद्दे उनमें मानसिक और भावनात्मक परेशानी का कारण बन जाते हैं। शोध का नेतृत्व करने वाली गाइनोवेदा की सह-संस्थापक रचना गुप्ता ने बताया कि डॉक्टरों, ग्राहकों और उत्तरदाताओं की अंतर्दृष्टि से पूरक रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया अवधि परीक्षण सटीकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करता है। इस परीक्षण से प्राप्त अंतर्दृष्टि का उपयोग करके और आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन और डॉक्टर के समर्थन के साथ संयोजन करके, गाइनोवेदा ने अपनी स्थापना के बाद से केवल 3 वर्षों में 200,000 से अधिक लोगों के जीवन को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है।

### पीसीओएस और अन्य हार्मोनल विकारों की व्यापकता

पीसीओएस हमारे देश की महिलाओं पर कहर बरपाने वाला एकमात्र स्त्री रोग संबंधी विकार नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि जहां 54 प्रतिशत महिलाएं पीसीओएस से पीड़ित हैं, वहीं दूसरा प्रमुख मासिक धर्म विकार पीआईडी है, जो 17 प्रतिशत महिला आबादी को प्रभावित करता है। इसके अलावा, 9 प्रतिशत कैंडिडिआसिस से, 5 प्रतिशत फाइब्रॉएड से और एक प्रतिशत एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया से पीड़ित थे।

### पीरियड्स के दौरान अनियमितता और दर्द की गंभीरता

मासिक धर्म चक्र के दौरान दर्द के संबंध में सर्वेक्षण किए जाने पर, 83 प्रतिशत से अधिक भारतीय महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द होता है, जो उन्हें हर महीने दर्द निवारक दवाओं का सेवन करने के लिए मजबूर करता है। 58 प्रतिशत ने हल्के और सहने योग्य दर्द की शिकायत की, 25 प्रतिशत ने गंभीर दर्द की शिकायत की और केवल 17 प्रतिशत ने बताया कि उनके मासिक धर्म के दौरान कोई दर्द नहीं हुआ। 76 प्रतिशत महिलाओं को कम प्रवाह के साथ अनियमित मासिक धर्म का अनुभव हुआ। लगभग आधी महिलाएं अपने पूरे मासिक चक्र के दौरान 5 से कम पैड का उपयोग करती हैं।





# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट साझा किया है। उन्होंने लिखा है, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए इस साल के प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है'। प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहब बीवी और गुलाम, गाइड और खामोशी जैसी कई चर्चित फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। अपने पांच दशक से अधिक की अभिनय यात्रा में पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण और सामर्थ्य का उदाहरण पेश किया है।

# टीवी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे, लेकिन अच्छे कलाकार बहुत कम : सुम्बुल



**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी शो 'बिग बॉस' से घर-घर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस सुंबुल तौकीर खान सोनी टीवी के शो 'काव्या-एक जज्बा, एक जुनून' से कमबैक कर रही हैं। उनका मानना है कि टीवी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे हैं लेकिन अच्छे कलाकार कम हैं। सुम्बुल का शो सोमवार को प्रसारित हुआ जिसमें वह एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। शो के प्रोमो को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। एक खास बातचीत में उन्होंने शो, अपने और काव्या के बीच समानताओं के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब आपको सपोर्टिव को-स्टार मिलता है, तो एक अभिनेता के रूप में आपका काम बेहतर हो जाता है।

मिशात अभी तक काफी सपोर्टिव रहे हैं। मैं अक्सर महसूस करती हूं कि हमारी इंडस्ट्री में कई बड़े सितारे हैं लेकिन बहुत कम अच्छे कलाकार हैं और वह उन बेस्ट एक्टर्स में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है। 'अपने और काव्या के बीच समानता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि काव्या मुझसे बहुत अलग है। वह मुझसे कहीं अधिक बुद्धिमान और परिपक्व है। हां, लेकिन हमारे बीच कुछ समानता भी है और वह है अपने काम के प्रति हमारा जुनून। काव्या बहुत महत्वाकांक्षी है और मैं भी अपने काम और करियर को लेकर बहुत महत्वाकांक्षी रही हूं।' सोनी एंटरटेनमेंट टीवी शो 'काव्या' में सुम्बुल और मिश्कत वर्मा लीड रोल में हैं।

# 'एनिमल' ने किया ऐसा हश्र, खून से लथपथ हुआ बॉबी देओल का चेहरा



**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' के मेकर्स ने एक और पोस्टर शेयर किया है। इस बार इसमें एक्टर बॉबी देओल का 'खून से सना' लुक दिखाया गया है। फिल्म में बॉबी का किरदार जानवरों से नफरत करने वाले व्यक्ति का है। नए पोस्टर में उनका उग्र अवतार दिख रहा है। वह चुप रहने का इशारा कर रहे हैं। एक्टर ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एनिमल का एनिमी' 'एनिमल' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार, फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी हैं। यह फिल्म पहले 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम लंबित होने के कारण इसे 1 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया था।

आशा भोसले से हुई बड़ी चूक

# एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने की ज्योति याराजी को दे डाली बधाई

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी सिंगर आशा भोसले ने इस साल की शुरुआत में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का एक पुराना वीडियो शेयर किया और चीन के हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी को स्वर्ण पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एशियाई खेलों में अभी तक एथलेटिक्स स्पर्धाएं शुरू नहीं हुई हैं।



**पुराना वीडियो शेयर कर एशियाई खेलों में बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी को स्वर्ण पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी**

हालांकि, आशा भोसले ने एक्स पर इस साल की शुरुआत में बैंकॉक में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का एक वीडियो साझा किया।

वीडियो शेयर करते हुए आशा ने ट्वीट किया कि एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर आंध्र प्रदेश के याराजी को हार्दिक बधाई। इस पोस्ट के बाद यूजर्स ने सोशल मीडिया पर आशा भोसले को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक ने लिखा कि मैम महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ 1 अक्टूबर तक नहीं है और एशियन गेम्स 2023 में एथलीट केवल 29 सितम्बर से शुरू होगा।

# यूट्यूब ने 'प्रीमियम लाइट' सब्सक्रिप्शन प्लान को बंद करने का लिया फैसला

**महंगे यूट्यूब प्रीमियम में अपग्रेड करने के बीच चयन करने के लिए किया जाएगा मजबूर**

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने चुनिंदा देशों में लो-कॉस्ट सब्सक्रिप्शन प्लान 'प्रीमियम लाइट' को समाप्त करने की घोषणा की है। 'द वर्ज' की रिपोर्ट के मुताबिक, कस्टमर्स को भेजे गए ईमेल में कंपनी ने घोषणा की है कि वह इस साल 25 अक्टूबर के बाद 'प्रीमियम लाइट' को बंद कर देंगे। यूट्यूब ने ईमेल में लिखा कि हम आपको यह बताना चाहते हैं कि 25 अक्टूबर, 2023 के बाद, हम प्रीमियम लाइट का आपका वर्जन पेश नहीं करेंगे।

इसमें कहा गया है, हम 'प्रीमियम लाइट' के अलग-अलग वर्जन पर काम करना जारी रख रहे हैं। हम अपने यूजर्स, क्रिएटर्स और पार्टनर्स से मिल रहे फीडबैक पर भी गौर कर रहे हैं।

यूट्यूब का 'प्रीमियम लाइट' प्लान, जिसकी लागत 7.39 डॉलर प्रति माह है, पहली बार 2021 में चुनिंदा यूरोपीय देशों में पेश किया गया था, जिसमें बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। यह यूट्यूब ऐप्स और फॉर्मेट्स में ऐड-फ्री व्यूइंग की सुविधा प्रदान करता है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें प्रीमियम की अन्य फीचर्स जैसे ऑफलाइन डाउनलोड,



बैकग्राउंड प्लेबैक या कोई यूट्यूब म्यूजिक लाभ शामिल नहीं हैं।

मौजूदा 'प्रीमियम लाइट' सब्सक्राइबर्स को जल्द ही ऐड्स के साथ यूट्यूब देखने और ज्यादा महंगे यूट्यूब प्रीमियम में अपग्रेड करने के बीच चयन करने के लिए मजबूर किया जाएगा, जिसमें यूट्यूब म्यूजिक भी शामिल है।

यह रिमूवल यूट्यूब प्रीमियम द्वारा पहली बार इंडिविजुअल प्लान की कीमतें बढ़ाने के कुछ ही हफ्तों बाद हुआ है। प्लान अब 13.99 डॉलर प्रति माह से शुरू होता है। इस बीच, पिछले साल के अंत में फैमिली प्लान्स बढ़कर 22.99 डॉलर प्रति माह हो गए।

इस बीच, यूट्यूब ने अपने शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म 'शॉर्ट्स' के लिए नए फीचर की घोषणा की है, जो यूजर्स को वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का लाभ उठाने की अनुमति देगा।

'ड्रीम स्क्रीन' फीचर के अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। यह यूजर्स कोकेवल वही टाइप करके एआई-जनरेटेड वीडियो या इमेज बैकग्राउंड बनाने की अनुमति देगा जो वे देखना चाहते हैं।

# जहरीले रसायनों के संपर्क में आने से हो रहे स्वास्थ्य संबंधी विकार

**जालंधर,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। आधुनिक जीवनशैली में हम अपनी बढ़ती भौतिक मांगों को पूरा करने के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में कई रसायनों के संपर्क में आते हैं। एक अनुमान के अनुसार, हम प्रतिदिन लगभग 500 रासायनिक यौगिकों का सामना करते हैं, जिनमें से कई प्रकृति में सिंथेटिक और जहरीले होते हैं। इनमें से कई जहरीले रसायन न केवल मनुष्यों बल्कि प्रकृति में मौजूद अन्य जीवित जीवों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को फरीदकोट स्थित गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज में 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन' द्वारा आयोजित एक सेमिनार में विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी।

फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज - स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ नरेश पुरोहित ने सेमिनार को संबोधित करने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि हमारे पर्यावरण में इन रसायनों के जारी होने से



मिट्टी, पानी और हवा का प्रदूषण भी होता है और ये अंततः खाद्य श्रृंखलाओं के माध्यम से फिर से मानव शरीर में पहुंच जाते हैं। उन्होने कहा कि जैवआवर्धन की प्रक्रिया के माध्यम से मनुष्यों में इन जहरीले रसायनों की सांद्रता अधिक हो जाती है, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विकार और व्यवधान पैदा होते हैं।

डॉ. पुरोहित ने कहा कि अंगों की शिथिलता, एलर्जी का विकास, श्वसन और हृदय संबंधी विकार, प्रतिरक्षा प्रणाली का कमजोर होना, हार्मोनल गड़बड़ी, प्रजनन समस्यायें और जन्म दोष, विकास संबंधी समस्यायें और कैंसर की बढ़ती घटना कुछ महत्वपूर्ण अभिव्यक्तियां हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों, सतह क्लीनर और कीटाणुनाशक, खाद्य परिरक्षकों, सॉल्वैंट्स और पेंट, एयर फ्रेशनर, ब्लीचिंग रसायन, बैटरी, कृषि में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों, सीसा और अन्य भारी धातुओं में उपयोग किए जाने वाले कई रसायन कार्सिनोजेनिक हो सकते हैं या हमारे शरीर की नियामक प्रणाली के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इन विनाशकारी रसायनों के उपयोग को कम करने और उनके संपर्क में आने से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. पुरोहित ने विभिन्न सिंथेटिक रसायनों का विस्तृत विवरण दिया जो गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने खुलासा किया कि गायों में दूध बढ़ाने के लिए, मुर्गियों को अधिक अंडे देने के लिए और सब्जियों को बड़े आकार और ताजा दिखने के लिए मादा हार्मोन ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाया जाता है। फॉर्मेल्डिहाइड का उपयोग मछली को संरक्षित करने के लिए किया जाता है और बढ़ा हुआ प्रोटीन और वसा दिखाने के लिए दूध में मेलामाइन और यूरिया मिलाया जाता है।

**प्रतिदिन लगभग 500 रासायनिक यौगिकों का सामना करते हैं लोग**

मांस का उत्पादन बढ़ाने के लिए मवेशियों, बकरियों और भेड़ों को डेक्सामेथासोन दिया जाता है। यहां तक कि कोल्ड ड्रिंक में भी कीटनाशकों की मिलावट होती है, सेब पर मोम का लेप लगाया जाता है, फलों और सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए उनमें रासायनिक रंग मिलाये जाते हैं और खाद्य पदार्थों में स्वाद बढ़ाने वाले तत्व मिलाये जाते हैं।

डॉ पुरोहित ने कहा कि मनुष्यों में इन जहरीले रसायनों की सांद्रता जैव आवर्धन की प्रक्रिया के माध्यम से अधिक हो जाती है, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विकार और व्यवधान पैदा होते हैं।

# लालबागचा राजा मंदिर में भीड़ में पत्नी का हाथ थामे दिखे सोनू सूद, फराह खान

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्टर सोनू सूद, श्रेयस तलपड़े और फिल्म निर्माता फराह खान ने मंगलवार को गणेशोत्सव के अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए लालबागचा राजा का दौरा किया। पंडाल में सोनू सफेद कुर्ते में नजर आ रहे हैं और कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सोनाली भी थी। भीड़ के बीच से पत्नी का हाथ थामे सोनू सूद मंदिर की ओर बढ़ते दिखाई दिए।

उन्होंने उत्साह बढ़ा रहे प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया और 'गणपति बप्पा मोरया' का जयकारा लगाया। वहीं, फराह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को लॉन्ग नेकपीस से पूरा किया। इनके अलावा कड़ी सुरक्षा के बीच श्रेयस तलपड़े भी अपनी बेटी आद्या के साथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने अपनी बेटी को गोद में उठाया हुआ था। श्रेयस ने ग्रीन कलर का



कुर्ता पहना था, जबकि उनकी बेटी ने मैचिंग हेयरबैंड के साथ पिंक फ्रॉक पहना हुआ था।

सोनू फिलहाल पंजाब के अमृतसर में अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर 'फतेह' की शूटिंग कर रहे हैं, जो साइबर क्राइम पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन वैभव मिश्रा ने किया है और मुख्य जोड़ी के रूप में सोनू और जैकलीन हैं। फिल्म में शिवज्योति राजपूत और विजय राज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। श्रेयस के दो प्रोजेक्ट 'इमरजेंसी' और 'मन्नू और मुन्नी की शादी' पाइपलाइन में हैं।

रायपुर, बुधवार 27 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए ही, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्यों खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020-2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइज़री जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं न कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

# मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी ज़ुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।


डॉ. दीपक पाचपोर

> भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी

■ नित्य चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

> आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्‌घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्‌घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

## पावन प्रसंग

# सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु, अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्य पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जाात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं, जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं। असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्‌यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्‌यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्‌यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्‌यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और ख़ालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ षड्‌यंत्र रचने वाले कनाडा को फिर से सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। आतंकवादियों पर कार्रवाई कर और कनाडा में पल रहे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर दोस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आतंकी पन्नू इंडिया गेट पर ख़ालितस्तान झंडा लगाने की सोच रहा है। केरल में पीएफआई का बढ़ता वर्चस्व और सैनिक पर घातक हमला इस बात का संकेत है कि वे आज भी यह विचारधारा सक्रिय है। कनाडा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बैठकर भारत के विरुद्ध षड्‌यंत्र करने वाले आतंकी संगठनों की खैर नहीं। अरबों रुपए की पंजाब से फंडिंग ट्रांसफर करने की सूचना चौंकाने वाली बाबत है। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक का सम्मान करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है परंतु उसके बाद भूल का प्रायश्चित कर स्पीकर ने माफी मांग ली थी। भारत की मजबूत सैन्य ताकत और मजबूत सेना और सरकार के कारण इन संगठनों की नींद हराम हो गई है। अगर कमजोर सरकार आती है तो अकल्पनीय घटनाएं हमारे सामने आकार ले रही होतीं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 200 से अधिक घायल

**येरेवान।** आर्मेनिया के नागोर्नो-करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हो गए। आर्मेनियाई मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

# ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल

## संयुक्त बयान में चीन के रूख का समर्थन

**काठमांडू,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के सुर में सुर मिलाते हुए नेपाल ने मंगलवार को कहा कि वह ताइवान की आजादी के खिलाफ है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की चीन की आधिकारिक यात्रा के दौरान जारी 13 पेज लंबे संयुक्त बयान के अनुसार, नेपाली पक्ष ने एक-चीन सिद्धांत के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।



अब तक एक चीन नीति का हमेशा ही समर्थन करता आ रहा नेपाल यह मानता है कि ताइवान भी चीन का अविभाज्य अंग है, और नेपाल किसी भी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 23 सितंबर को न्यूयॉर्क से चीन पहुंचे। उन्होंने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों के मौके पर चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत की। सोमवार को पीएम दहल ने अपने चीनी पीएम ली कियांग से मुलाकात की और सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 12 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बयान के अनुसार, नेपाल-चीन ने विकास और समृद्धि के लिए टिकाऊ मित्रता की विशेषता वाले सहयोग की रणनीतिक साझेदारी को स्वीकार किया है, जिसे 2019 में राष्ट्रपति शी की नेपाल की यात्रा के दौरान बयान में शामिल किया गया था। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि विकास और समृद्धि के लिए मित्रता की विशेषता वाले चीन-नेपाल रणनीतिक सहयोग साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए पीएम दहल की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। संयुक्त बयान में चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर भी बात की गई, जहां यह जिक्र किया गया कि दोनों पक्ष उच्च गुणवत्ता वाले बेल्ट एंड रोड सहयोग को आगे बढ़ाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गहरा और विस्तारित करेंगे।

## ली छ्यांग ने नेपाली प्रधानमंत्री से बातचीत की

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने सोमवार को पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आए नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड से बातचीत की। ली छ्यांग ने कहा कि चीन और नेपाल के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से अब तक के लगभग 70 सालों में दोनों देशों ने हमेशा एक-दूसरे का सम्मान, भरोसा और समर्थन किया है। द्विपक्षीय संबंधों का स्वस्थ और स्थिर विकास किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की लगातार नई उपलब्धियां हासिल हुईं। इसने बड़े और छोटे देशों के बीच समान व्यवहार, सहयोग और समान जीत का उदाहरण स्थापित किया है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हांगचो शहर में प्रधानमंत्री के साथ सफलतापूर्वक मुलाकात की और चीन-नेपाल संबंधों के विकास के लिए आगे की योजनाएं और व्यवस्थाएं कीं।

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन बोले

## स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं



**बुडापेस्ट,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा है कि स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं है और उन्होंने नॉर्डिक देश से कहा है कि वो दूसरे देशों का सम्मान करे। शरद ऋतु सत्र के उद्घाटन के लिए संसद में बोलते हुए, हंगरी के प्रधानमंत्री ने सोमवार को कहा, स्वीडन के नाटो में शामिल होने के संबंध में समर्थन के लिए सरकार की ओर से कोई जल्दबाजी नहीं है और स्वीडन की सुरक्षा खतरे में नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वीडिश नाटो परिग्रहण का मुद्दा एक साल से अधिक समय से चर्चा में है। सैन्य गठबंधन के भीतर केवल तुर्की और हंगेरियन संसद को स्वीडन की सदस्यता को मंजूरी देना बाकी है। हाल के सप्ताहों में हंगरी और स्वीडन के बीच मतभेद बढ़ गए हैं। स्वीडिश स्कूलों में दिखाई गई एक पुरानी फिल्म फिर से सामने आई है, जिसमें हंगरी को यूरोपीय संघ में लोकतंत्र के एक बुरे उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। गुरुवार को, ओर्बन की फिडेज पार्टी के समूह नेता मेट कोक्सिस ने कहा कि इस बात की संभावना कम है कि हंगरी की संसद वर्तमान शरद ऋतु सत्र में स्वीडन पर मतदान करेगी।

## सुडोकू 6329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 27 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। बुजुर्गों तथा पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

वृषभ - आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति रहेगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दु-ख होगा।

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरी में लाभ मिलेगा।

तुला - आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी। तन- मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित बनेगा।

वृश्चिक - आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की संभावना है।

धनु - गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

मकर - संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों तथा मित्रों के साथ मिष्ठान और सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद ले सकेंगे। पर्यटन का भी आयोजन होगा।

मीन - आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा। स्वजनों से दूर जाना होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में आज बहुत सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1290 - चीन के चिली की खाड़ी में भूकंप से करीब एक लाख लोगों की मौत हुई।
1760 - मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।
1821 - मैक्सिको को स्वतंत्रता मिली।
1825 - इंग्लैंड में स्टॉकटन-डार्लिंगटन लाइन की शुरुआत के साथ दुनिया का पहला सार्वजनिक रेल परिवहन शुरू हुआ।
1833 - राम मोहन राय का इंग्लैंड के ब्रिस्टल में निधन।
1932-मशहूर निर्देशक यश चोपड़ा का जन्म हुआ।
1940 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली, जर्मनी एवं जापान ने धूरी राष्ट्र के समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1958 - मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को तैरकर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
1961 - सिएरा लियोन संयुक्त राष्ट्र का सौवां सदस्य बना।
1988 - अमेरिकी अंतरिक्ष यान %डिस्कवरी% का केप कैनेवरल से प्रक्षेपण।
1995 - बोस्निया में संघर्षरत तीन दलों के मध्य अमेरिकी मध्यस्थता में समझौता सम्पन्न।
1996 - अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान द्वारा क़ाबुल पर अधिकार, पूर्व राष्ट्रपति नजीबुल्लाह एवं उनके भाई को सरेआम फ़ांसी।
1998 - इंटरनेट सर्च इंजन गूगल की स्थापना हुई।
1998 - जर्मनी में सम्पन्न हुए चुनाव में गेरहार्ड श्रोयडर ने हेल्मट कोल को हराकर नये चांसलर बने।
2000 - वेनेजुएला की राजधानी काराकस में ओपेक देशों का शिखर सम्मेलन शुरू।
2002 - न्यूयार्क में विश्व बैंक व आइएमएफ़ की वार्षिक बैठक शुरू।
2003 - ध्वनि से भी अधिक तेज़ गति से उड़ने वाले ब्रिटिश एयर के कांकर्ड विमान ने न्यूयार्क से लंदन के लिए आख़िरी उड़ान भरी।

## नाइजीरिया में सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया

**अबुजा,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत जामफारा में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद अपहृत 16 लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने छुड़ा लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरल यूनिवर्सिटी गुसाऊ ने एक्स पर कहा कि बचाए गए 16 लोगों में 13 छात्र और तीन कर्मचारी शामिल हैं। बयान में कहा गया, सेना के समर्पित सदस्यों द्वारा संचालित बचाव अभियान ने हमारे नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस तरह से शुक्रवार तड़के घटित हुई इस घटना के बाद से अब तक बचाए गए लोगों की संख्या 22 हो गई है। उधर, सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावरों के साथ गोलीबारी के बाद उसी दिन छह लोगों को बचाया गया था। वहीं जामफरा के गवर्नर के प्रवक्ता मुगिरा यूसुफ ने कहा था कि विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित कम से कम 35 लोगों का अपहरण कर लिया गया।

## कनाडा ने नवीनतम यात्रा परामर्श में अपने नागरिकों से 'सतर्क रहने' को कहा

**टोरंटो,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के मद्देनजर कनाडा ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह को अपडेट करते हुए उन्हें सतर्क रहने और सावधानी बरतने के लिए कहा है। कनाडा सरकार ने एक अपडेट में कहा, कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध-प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। भारत ने पिछले सप्ताह कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए इसी तरह की सलाह जारी की थी, और कनाडाई नागरिकों



के लिए ई-वीजा सहित सभी श्रेणियों के वीजा को रोकने के अपने फैसले की भी घोषणा की थी। कड़े शब्दों में दी गई सलाह में कहा गया है कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से क्षमा किए जाने वाले घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया जाता है।

## निज्जर की हत्या पर ट्रूडो के आरोपों से अमेरिका को 'गहरी चिंता'

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दोहराया है कि कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर उसे गहरी चिंता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा- हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश में 1 नवंबर से ...**

भूमि में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया।गोंड समाज जिला-सरगुजा को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

रजवार समाज सूरजपुर को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज राजनांदगांव द्वारा सामाजिक भवन के निर्माण हेतु भूमि आबंटन प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

तहसील साहू संघ छुरिया, को सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया गया।हरदिया साहू समाज रायपुर और साहू समाज दुर्ग को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

मनेन्द्रगढ़ नगरीय क्षेत्र में वर्ष 1959 के पूर्व के कब्जाधारियों को भूमि स्वामी हक प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।ग्राम पंचायत घुमका, जिला-राजनांदगांव को नगर पंचायत बनाये जाने के लिए मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।ग्राम पंचायत पोरथा, जिला-सक्ती को नगर पंचायत बनाये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी में सुदीप ठाकुर को संचालक (संविदा) नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। रामेश्वर गहिरा गुरू प्राच्य संस्कृत महाविद्यालय श्री कोट, जिला -बलरामपुर-रामानुजगंज को छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम 2006 के प्रावधान के अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**प्रदेश में शुरू हुई ...**

संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी।

शपथ पत्र भी देना होगा- योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा। शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

नियमित भुगतान कर बैंक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा- संचार प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए ऋण पर मासिक किश्त का नियमित भुगतान स्वयं करना होगा, बैंकों को ऋण के मूल एवं ब्याज के नियमित भुगतान करने संबंधी बैंक का प्रमाण-पत्र जनसम्पर्क संचालनालय में प्रस्तुत करने पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की गणना कर संबंधित पत्रकार के बैंक खातों में राशि दी जाएगी।

योजना राशि की गणना- ब्याज अनुदान की प्रतिपूर्ति त्रैमासिक की जाएगी किसी भी दशा में अनुदान राशि का भुगतान एकजाई नहीं किया जायेगा। आवास ऋण ब्याज अनुदान की गणना इस प्रकार होगी। इसमें वित्तीय वर्ष में बैंक में देय ब्याज को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान से गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को बैंक ब्याज प्रतिशत दर से भाग दिया जाएगा।

आवास ऋण 30 लाख रुपए से अधिक होने की दशा में ब्याज अनुदान की गणना दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में अधिकतम 30 लाख रुपए की राशि तक की ब्याज गणना की जाएगी। इसमें योजनान्तर्गत अधिकतम राशि( 30 लाख रुपए) को वित्तीय वर्ष में स्वीकृत ऋण पर देयक ब्याज राशि से गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को स्वीकृत आवास ऋण राशि से भाग दिया जाएगा। द्वितीय चरण में ब्याज अनुदान राशि की गणना की जाएगी। इसमें प्रथम चरण में गणना पश्चात प्राप्त ब्याज राशि को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को बैंक ब्याज प्रतिशत दर से भाग दिया जाएगा।

योजना हेतु समिति करेगी अनुशंसा - प्रथम बार ब्याज अनुदान स्वीकृति के लिए संचालनालय में वरिष्ठ अधिकारियों की समिति विचार कर अनुशंसा करेगी। समिति में आयुक्त/ संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, अपर संचालक (पत्रकार कल्याण), अपर संचालक (समाचार), उप संचालक / संयुक्त संचालक (वित्त) शामिल होंगे।

योजना हेतु निर्णयात्मक शर्त/अधिकार- ब्याज अनुदान स्वीकृत करने के किसी भी प्रश्न पर तत्समय में प्रचलित अधिमान्यता नियमों में उल्लेखित संचार संस्थान एवं संचार प्रतिनिधि की अर्हतादायी शर्तों पर भी विचार किया जायेगा। ब्याज अनुदान स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त /संचालक, जनसम्पर्क को होगा।

**रायपुर में तैयार हुई ...**

पहला भाग एडमिन बिल्डिंग है जो तीन मंजिला है। इसमें रूम, हाल, जिम, वीआईपी लाउंज के साथ ही मीडिया सेंटर के साथ ही 500 की दर्शक क्षमता के साथ अनेक सुविधाएं होंगी। दूसरे हिस्से के रूप में अकादमी की हास्टल बिल्डिंग है। यह भी तीन मंजिला है जिसमें कार्यालय, अधीक्षक रूम, पार्किंग, किचन, डायनिंग जैसी अनेक सुविधाएं होगी। तीसरे हिस्से के रूप में मुख्य स्टेडियम है जहां 2500 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

***टेनिस अकादमी की विशेषताएं***

टेनिस एकेडमी अंतर्गत 1 नग मुख्य टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) एवं 5 नग प्रेक्टिस टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) का प्रावधान किया गया है।

टेनिस एकेडमी का निर्माण कुल 4 एकड़ क्षेत्रफल अंतर्गत किया गया है।

टेनिस कोर्ट निर्माण हेतु अल्ट्रा कुशन 9 लेयर सिंथेटिक सरफेस उपयोग किया गया है।

मुख्य टेनिस कोर्ट की दर्शक क्षमता 2000 एवं मुख्य भवन अंतर्गत व्ही आई पी दर्शक क्षमता 500 रखी गई है।

दर्शक बैठक व्यवस्था हेतु स्टेडियम चेयर का प्रावधान रखा गया है।

स्टेडियम अंतर्गत कुल वाहन पार्किंग क्षमता 150 नग रखी गई है।

मुख्य टेनिस कोर्ट अंतर्गत कुल 40000.00 वॉट क्षमता लाइट 1500 लक्स लेवल एवं प्रत्येक प्रेक्टिस कोर्ट अंतर्गत 4900 वॉट क्षमता लाइट 500 लक्स लेवल अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार ब्रांड कास्टिंग सुविधा हेतु लगाई गई है।

टेनिस एकेडमी अंतर्गत निर्बाध विद्युत प्रवाह हेतु 315 के व्ही के सबस्टेशन एवं आपातकालीन विद्युत प्रवाह हेतु 165 केव्हीए क्षमता के डी जी सेट का भी प्रावधान किया गया है।

टेनिस एकेडमी में हॉस्टल एवं मुख्य भवन में आवश्यकतानुसार एयर कंडिशनिंग की भी व्यवस्था की गई है।

खिलाडियों हेतु हॉस्टल भवन अंतर्गत कुल 46 नग रूम की व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत 92 खिलाडियों के रुकने की व्यवस्था है। साथ ही

खिलाडियों के भोजन हेतु डायनिंग हॉल भी निर्मित किया गया है।

**वहीदा रहमान को मिलेगा ...**

तहसील में जन्में देवानंद को साल 2002 में सिनेमा जगत का सबसे शीर्ष पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया था। करीब 21 साल बाद देवानंद की फिल्म 'गाइड' में नजर आई मशहूर अदाकारा वहीदा रहमान को इस साल दादा साहेब फाल्के सम्मान के लिए चुना गया है।

अब कांग्रेस मुक्त ...

ट्रेन ही नहीं चला पा रही है, यात्री ट्रेन सारे रद्द हैं। अब लगातार त्यौहार भी आ रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार केवल वंदे भारत को हरी झंडी दिखा रही है, जिसमें आदमी बैठी नहीं पाते हैं। इतना किराया रहता है तो आम जनता जिसमें यात्रा करते हैं वह सारे ट्रेन रद्द हो रहे हैं या विलंब से चल रहे हैं।


श्री बघेल ने कहा, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के दौर में लगातार महंगाई बढ़ रही है। सभी की कीमतें बढ़ रही है।इसमें भाजपा मौन है। एक तरफ सभी लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यात्री ट्रेन रद्द होने से परेशान हैं।

**बारामुल्ला में पकड़ा गया ...**

एसएसपी ने आगे कहा कि उसने अपने साथियों के नाम निगीना और आफरीना उर्फ आयत बताए और उनके खुलासे पर दो हथगोले बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, इस प्रक्रिया में दो महिलाओं समेत पांच को पकड़ लिया गया।

पुलिस का दावा है कि जांच से पता चला है कि यह आतंकवादी अपने 5 सहयोगियों के साथ पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और अधिक से अधिक आतंकवादियों को भर्ती करने और बारामुल्ला और आसपास के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

## वर्ग पहेली 6329



**बायें से दायें:-**

१. विदूषक, हँसी-मजाक करने वाला परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने-ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो-दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्यपुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाहवाही
१७. तीव्र लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा-छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6328



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## केन्या में करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों का वितरण

**नैरोबी,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के तहत सोमवार को करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों के वितरण को हरी झंडी दिखाई। श्री रुटो ने कहा कि इन किटों का उपयोग देश भर में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा किया जाएगा। इसमें रोगों के उपचार से संबंधित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से करीब एक लाख सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के वितरण में आवश्यक जानकारी प्रसारित करेंगे। श्री रुटो ने केन्या की राजधानी नैरोबी में लॉन्च के दौरान कहा कि केन्यावासियों की देखभाल अब उनके घरों पर पूरी तरह से प्रशिक्षित घरेलू सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा की जाएगी। देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगभग 70 प्रतिशत मामले रोकथाम योग्य बीमारियों के कारण होते हैं लेकिन अब इन बीमारियों का पता सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा लगाया जा सकता है। श्री रुटो ने कहा कि स्वास्थ्य किट का लॉन्च केन्या के लिए बीमारी से मुक्ति पाने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

# खेल जगत

## मनु शीर्ष फॉर्म में, भारत पहले चरण के बाद 25 मीटर पिस्टल के टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आगे

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। अनुभवी मनु भाकर ने मंगलवार को यहां फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर की शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के अंत में शानदार सटीक राउंड के साथ बढ़त बना ली। भाकर 294-10× के स्कोर के साथ चीन की सिक्सुआन फेंग 292-9× के साथ आगे चल रही थीं, जो स्पर्धा के पहले चरण के अंत में भारत की ईशा सिंह के साथ 292-9× के बराबर थीं। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह का भी स्कोर 292 था, लेकिन वह तीसरे स्थान पर हैं क्योंकि सिक्सुआन और ईशा के नौ-नौ की तुलना में इनर 10 सर्कल में उन्हें 8 हिट मिले। भारतीय टीम की तीसरी सदस्य - रिदम सांगवान 290-6 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर हैं, भारत प्रिसिजन राउंड के अंत में टीम स्पर्धा में आगे चल रहा है।



# भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता स्वर्ण




**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारत ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रच दिया, जब सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल की चौकड़ी ने मंगलवार को यहां टीम प्रतियोगिता में जीत हासिल की। सुदीप्ति (चिंस्की पर), दिव्यकृति (एड्रेनालिन फ़िरफोड), हृदय (केमक्सप्रो एमराल्ड) और अनुष (एट्रो पर) की भारतीय टीम ने 209.206 प्रतिशत अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए। हांगकांग ने 204.852 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक है, जब जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने कांस्य पदक जीता था, जब खेल ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में अपनी शुरुआत की थी। भारत के तीनों स्वर्ण पदक 1982 के एशियाई खेलों में व्यक्तिगत इवेंटिंग, टीम इवेंटिंग और व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में आए, जो 1982 के बाद कभी आयोजित नहीं किए गए।

हांगझोउ से पहले भारत ने एशियाई खेलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। 2018 में, भारत ने घुड़सवारी में दो रजत पदक जीते, दोनों इवेंटिंग में आए, जिसमें फवाद मिर्जा व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे और फिर राकेश कुमार, आशीष मलिक और जितेंद्र सिंह के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

लेकिन सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल के युवा संयोजन ने मंगलवार को सभी बाधाओं को पार करते हुए हांगझोउ में भारतीय घुड़सवारी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ड्रेसाज में, प्रतियोगिता सवार और घोड़े के बीच समन्वय का आकलन करने के लिए होती है क्योंकि वे 20 गुना 60 मीटर के क्षेत्र में पूर्व निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते हैं, जिन्हें आंकड़े या मूवमेंट्स के रूप में जाना जाता है। सभी प्रतियोगिताओं में, घोड़े को तीन गति दिखानी होती हैं: चलना, घूमना और कैंटर के साथ-साथ अखाड़े में सममित रूप से रखे गए 12 अक्षरों वाले मार्करों के भीतर और बीच में सहज बदलाव। मंगलवार को, भारतीय सवारों और उनके घोड़ों ने कम से कम पेनल्टी अंकों के साथ इस सेट का प्रदर्शन किया, और इस प्रकार स्वर्ण पदक जीता।

सुदीप्ति ने कुल 66.706 अंक प्राप्त किये, दिव्याकृति को 68.176 अंक मिले, हृदय को 69.941 अंक मिले और अनुश को 71.088 अंक प्राप्त हुए और वे चीनी प्रतिस्पर्धियों से आगे रहकर शीर्ष स्थान पर रहे।

# हमारे लिए एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका : सविता



**नई दिल्ली,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान और दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक में से एक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम को हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास है। भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर केसाथ पूल ए में है। पूल बी मे जापान, मेजबान चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान व इंडोनेशिया की टीमें है। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी बढिया़ फॉर्म जारी रखकर हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने को बेताब है। सविता की अगुआई में नेशंस कप जीतने से भारतीय महिला हॉकी टीम के हौसले बुलंद हैं और एशियाई खेलों में किसी भी टीम की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पूल ए मैच से करेगी। 2014 के बाद से भारतीय टीम सिंगापुर से तीन बार भिड़ी है और हर बार जीती है और उसने 2022 के महिला एशिया कप में उसे शिकस्त दी थी।

भारत की कप्तान सविता ने कहा, हमारे लिए लंबे इंतजार के बाद इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का बढिया़ मौका है। हमने इसी के मुताबिक तैयारी की है। हमारा पहला लक्ष्य मैच दर मैच जीत फाइनल में पहुंचना है। हम इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पहले से कहीं ज्यादा प्रतिबद्ध है। हमारी हर खिलाड़ी जानती है कि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने से हमारी भारतीय टीम सीधे अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर लेगी। हमारे यही सबसे अच्छी स्थिति है। हम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत अपना ध्यान एफआईएच प्रो लीग और उसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 पर लगा सकते हैं। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमारी टीम सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पहले मैच के लिए जेहनी तौर पर बढिया़ स्थिति में है। हमने अपनी खामियों को दुरुस्त कर एशियाई खेलों के लिए बढिया़ तैयारी की है। हमारी योजना दमदार आगाज कर सबसे पहले अंक तालिका में शीर्ष पर रहना है।

### भारत ने अब तक एक स्वर्ण व दो रजत सहित जीते हैं छह पदक

सूरज लता देवी की अगुआई में नई दिल्ली में 1982 में जब पहली बार महिला हॉकी को एशियाई खेलों में शामिल किया गया तो तब भारत ने अपने सभी पांचों मैच जीत स्वर्ण जीता था। भारतीय महिला हॉकी टीम 1982 में पहली बार इसे एशियाई खेलों में शामिल करने पर स्वर्ण तथा1998 में बैंकॉक में प्रीतम सिवाच की अगुआई में दक्षिण कोरिया से फाइनल में 1-2 से फिर 2018 रानी रामपाल की अगुआई में जकार्ता मृं जापान से फाइनल में 1-2 से हार रजत पदक सहित इन खेलों (1986, 2006, 2016) में तीन कांस्य सहित कुल छह पदक जीत चुकी है। चार बार 1990, 1994, 2002, 2010) में चौथे स्थान पर रहा।

# रमिता, दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम शूटिंग में कांस्य हारे



**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। कांस्य पदक पक्का करने के लिए उन्हें सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन भारत की रमिता जिंदल और दिव्यांश पंवार मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चार प्रयासों के बाद भी मैच नहीं जीत सके। युवा भारतीय जोड़ी को मंगलवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में कोरिया गणराज्य की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दिव्यांश ने मैच के बाद कहा, थोड़ा दबाव था, बराबरी भी थी। एक बार जब स्कोर 16 के पार हो जाए, तो कोई भी जीत सकता है और यह भाग्य की बात है। शुरुआत अच्छी थी, बीच में भी। मेरे पास कुछ खराब शॉट थे लेकिन रमिता शानदार थी और उसने उन खराब शॉट्स की भरपाई की। रमिता और दिव्यांश को शुरुआत में अच्छी बढ़त मिली और उन्होंने पहले आठ अंक जीते। हाजुन पार्क और युनसेओ ली की कोरियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-9 कर दिया। रमिता और दिव्यांश ने फिर से 11-9, 13-11,15-13 का अंतर बनाया लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ा सके। फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में 10 मीटर शूटिंग रेंज में कोरियाई लोगों ने अंततः भारतीयों को पछाड़कर तीसरे स्थान के लिए मैच 20-18 से जीत लिया। भारतीय यह मैच सबसे कम अंतर 0.2 अंकों से हार गए और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि उन्होंने शीर्ष छह में जगह बनाने और दो कांस्य पदक मैचों में से एक के लिए क्वालीफाइंग के माध्यम से संघर्ष किया था।

# हमारा लक्ष्य विश्व कप जीतना है : बाबर आजम

**लाहौर,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी टीम को लेकर आश्वस्त हैं और उनका लक्ष्य भारत में वनडे विश्व कप जीतना है। टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में श्रीलंका से हारकर एशिया कप 2023 से बाहर होने के बाद, बाबर की नज़र एक और बड़े टूर्नामेंट पर है।

मंगलवार को यहां विश्व कप 2023 के लिए प्रस्थान-पूर्व सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, बाबर आश्वस्त दिखे जब उनसे पूछा गया कि क्या वे मेगा-इवेंट के शीर्ष चार में रहने की कल्पना कर रहे हैं, जिस पर बाबर ने जवाब दिया; शीर्ष चार हमारे लिए एक छोटा लक्ष्य है। हम विजेता के रूप में आना चाहते हैं। हमारे पास विश्व कप से पहले एक साथ शिविर लगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं था क्योंकि हम लगातार बहुत लंबे समय से खेल रहे थे। हम खिलाड़ियों को एक ब्रेक देना चाहते थे ताकि वे तरोताजा होकर और जीतने के लिए भूखे होकर लौटें। जब आपमें वह भूख होती है तो आप अच्छा खेलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण कट्टर प्रतिद्वंद्वी केवल एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के



साथ खेलते हैं।

हम सभी को विश्व कप के लिए यात्रा करने पर गर्व है। हालांकि हमने पहले भारत में नहीं खेला है, लेकिन हम ज्यादा दबाव नहीं ले रहे हैं। हमने अपना शोध किया है और हमने सुना है कि परिस्थितियां वैसी ही हैं जैसी वे अन्य एशियाई देशों में खेलते हैं। इस बार कप्तान के रूप में यात्रा करना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है, मुझे उम्मीद है कि हम इस बार ट्रॉफी के साथ वापस आएंगे। बाबर ने नसीम शाह की टीम से अनुपस्थिति पर भी चिंता जताई और नई गेंद की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी, इसका खुलासा करने पर चुप्पी साधे रखी और इस समय अपनी रणनीतियों को अज्ञात रखने के टीम के फैसले पर प्रकाश डाला।

बाबर ने कहा, निश्चित रूप से, हमें नसीम शाह की कमी खलेगी क्योंकि शाहीन (आफरीदी) और नसीम ने एक साथ गेंदबाजी करते हुए हमें एक अलग बढ़त दी। उनके प्रतिस्थापन को चुनना आसान नहीं था, लेकिन हम सभी एक साथ बैठे और (मुख्य चयनकर्ता) इंजमाम उल हक से इनपुट लिया। हम हसन अली के साथ गए क्योंकि उनके पास अनुभव है। वह पहले भी विश्व कप खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि नई गेंद या पुरानी गेंद कौन फेंकेगा, क्योंकि हम अभी अपनी रणनीतियों का खुलासा नहीं कर सकते हैं। लेकिन हमने अभी कोई ठोस योजना नहीं बनाई है, जब हम भारत की यात्रा करेंगे और आकलन करेंगे तो यह हमारे लिए और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। मेगा टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हुए, पाकिस्तान मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना होने के लिए तैयार है, जहां वे शुक्रवार, 29 सितंबर को हैदराबाद में खाली स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेंगे।

# स्क्वैश के पूल बी मुकाबले में महिलाओं ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुषों ने सिंगापुर को शिकस्त दी

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला और पुरुष स्क्वैश टीमों ने मंगलवार को यहां अपने-अपने पूल चरण मैच में शानदार जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। महिला टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया जबकि पुरुष टीम ने सिंगापुर को हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।

महिलाओं की स्पर्धा में, अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन 15 वर्षीय अनाहत सिंह ने पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी। उन्होंने 18 मिनट तक चले मुकाबले में सादिया गुल को 3-0



(11-6, 11-6, 11-3) से हराया।

इस बीच, शीर्ष खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने नूर उल हुदा सादिक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 3-0 (11-2, 11-5, 11-7) से जीता। तीसरे मुकाबले में तन्वी खाना ने नूर उल ऐन को 3-0 (11-3, 11-6, 11-2) से हराकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय महिलाएं अपने आखिरी पूल बी मैच में बुधवार को मलेशिया से भिड़ने से पहले मंगलवार को नेपाल और मकाओ से भिड़ेंगी। इससे पहले दिन में, पुरुष टीम ने पूल ए मुकाबले में सिंगापुर को 3-0 से हराया।

हरिंदर सिंह संधू ने जेरोम क्लेमेंट जिन मिंग पर 3-1 (11-4, 13-11, 8-11, 11-7) से जीत हासिल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। फिर, सौरव घोषाल ने सैमुअल कांग शान म्यू को 3-0 (11-9, 11-1, 11-4) से हराकर बढ़त बना ली, अभय सिंह ने मार्कस फुआ जिया हुई को 3-0 (11-7,11-7, 11-7) से हराकर मुकाबला भारत की झोली में डाल दिया।

# भारतीय टीम की नजरें गोल्फ के सभी चार वर्गों में पदक जीतने पर

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। सात सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाले अपने मुकाबलों में शानदार हालिया फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद कर रही होगी। चार सदस्यीय पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, खलिन जोशी और एसएसपी चौरसिया होंगे, जबकि महिला टीम में अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनी प्रशांत शामिल हैं।

जहां लाहिड़ी और शर्मा को पुरुष वर्ग में स्वचालित बर्थ दी गई, वहीं अदिति को महिलाओं में समान सम्मान दिया गया। पुरुषों में जोशी और चौरसिया और महिलाओं में प्रणवी और अवनी भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सभी एमेच्योर और पेशेवर खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्वालीफायर के माध्यम से आए।

लाहिड़ी, सात के इस समूह में



एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2006 में ऐसा किया था, जब वह शौकिया थे। उन्होंने याद किया, वह एक अद्भुत एहसास था। लाहिड़ी ने एलआईवी टूर और एशियन टूर पर अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शीर्ष 3 प्रदर्शनों की एक श्रृंखला बनाई है, जबकि शुभंकर शर्मा ने 2023 (ब्रिटिश) ओपन में शीर्ष -10 में जगह बनाई, जो कि इस आयोजन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है; जाहिर तौर पर एशियाई खेलों में फिर से खेलने का अवसर मिलना। देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जिसे मैं संजोता हूं और इसके लिए उत्सुक हूं। ऐसा अक्सर नहीं होता है। इसलिए यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए हमेशा बहुत, बहुत महत्वपूर्ण घटना होती है। मैं वास्तव में पूरी टीम के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। मैं वास्तव में उनमें से कुछ को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। गोल्फ दल के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी, जिन्होंने दो ओलंपिक खेलों - 2016 में रियो और 2021 में टोक्यो में खेला है, ने कहा, हम सभी, पुरुष और महिला दोनों एक मजबूत टीम हैं। हमारे पास कुछ लोग हैं जो अच्छी फॉर्म में हैं ।

# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 सितंबर (देशबन्धु)। फिट होने पर वापसी पर वाले श्रेयस अय्यर के शतक तथा अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन द्वारा चटकाए तीन विकेट से भारत इंदौर में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मैच भी 99 रन से जीत 2-0 की विजय दाई बढ़त के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय वन डे मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम कर चुका है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव जैसे धुरंधरों के राजकोट में बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए टीम जुड़ने के बाद भारत की निगाहें इसमें भी ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दे उसका 3-0 से सूपड़ा साफ कर चेन्नै में आईसीसी वनडे विश्व कप में 8 अक्टूबर को पहले मैच से उसके हौसले पस्त होने की होगी। अपनी चोट से उबर रहे अक्षर पटेल तथा बढिया़ फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और शार्दूल ठाकुर भारतीय टीम के साथ तीसरे आखिरी वन डे अंतर्राष्ट्रीय टीम के साथ राजकोट नहीं आए हैं। वही शुरू के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों से बाहर रहे उपकप्तान हार्दिक पांडया और पहले मैच में पांच विकेट चटका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी टीम के साथ राजकोट में नहीं है। इन पांच दिग्गजों के तीसरे और वन डे के लिए भारतीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत के पास राजकोट के आखिरी वन डे के लिए एक मजबूत एकादश उपलब्ध है। अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेले

- रोहित और विराट तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम से जुड़े
- अश्विन की कोशिश स्पिन का जाल बुन विश्व कप के लिए दावा मजबूत करने की



जाने वाले मैच के लिए भारत को 13 खिलाड़ी उपलब्ध होंगे।

जहां तक अक्षर पटेल की बात वह तेजी से फिट हो रहे लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें फिट होने के लिए पूरा आराम देना चाहता है। ऐसे में खासतौर पर अश्विन राजकोट में तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच भी स्पिन का जाल बुनकर भारत को इसमें जीत दिलाने के साथ ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर खुद का वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने का दावा मजबूत करने के इरादे से उतरेंगे। दिग्गजों की वापसी पर भारत को तीसरे वनडे एकादश चुनने के लिए बेशक माथापच्ची करनी होगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एकादश में नियमित कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क और बैटिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श की तीसरे वनडे के लिए मेहमान टीम में वापसी और जोश हेजलवुड की पहले से ही मौजूदगी में तेज गेंदबाज आक्रमण सीरीज के शुरू के दो मैचों के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाज बेशक राजकोट में तीसरे और आखिरी मैच में बेहतर नजर आ रहा है। वन डे क्रिकेट विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि चोट से उबरने के बाद उसके धुरंधर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और अनुभवी तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट होने के साथ एकदम सही समय पर रंग में आए ही हैं टी-20 क्रिकेट के 360 डिग्री यानी किसी भी वक्त कहीं भी स्ट्रोक खेलने में सक्षम सूर्य कुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दोनों वन डे मैचों मैच के मिजाज के मुताबिक बड़ी पारियां खेल कर दिखाया कि वह घर में वन डे विश्व कप में टीम इंडिया के लिए धमाल करने को तैयार हैं। सोने पर सुहागा यह है कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रंग में होने और बदकिस्मती से यदि वन डे विश्व कप के शुरू होने तक अक्षर भी पूरी तरह फिट न पाए तो उनकी जगह लेने के लिए ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर- रविचंद्रन अश्विन एकदम तैयार हैं।

## सार संक्षेप

### 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

**लखनऊ।** 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने कहा, मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं।

### न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज 2-0 से जीती

**मीरपुर।** बंगलादेश बनाम न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबल में आज न्यूजीलैंड ने विल यंग (70) और हेनरी निकल्स (50) के अर्ध शतकों की बदौलत बंगलादेश को 91 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा कर सीरीज 2-0 से जीत ली है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। न्यूजीलैंड ने ऐलन (28) और फ़ॉक्सक्रॉफ़्ट शून्य का विकेट दस ओवर पहले 49 रन पर दो विकेट खोने के बाद संभलकर खेलते हुए 34.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### सुडोकू 6329 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.91 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.49 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.48 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.19 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.55 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावे स्वीकार

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक बड़ी राहत देते हुए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के

- **सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया**
- **एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना**
- **एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ**

10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना है। इससे एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ है और इससे गारंटी मुक्त करने के माध्यम से




बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 116.47 करोड़ रुपए की सर्वाधिक राहत प्रदान की गई। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एजेंसियों द्वारा निपटाए गए दावे और भुगतान की गई राशि शामिल है।

एमएसएमई के लिए विवाद से विश्वास एक राहत योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने बजट भाषण 2023-24 में की थी। यह योजना वित्त मंत्रालय द्वारा 17 अप्रैल 2023 को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत राहत के लिए जीईएम पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 थी। जीईएम ने इस योजना के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया था।

व्यय विभाग ने 11 अप्रैल 2023 को दावा दायर करने की योजना और प्रक्रिया का विवरण देते हुए निर्देश जारी किया था। बाद में निर्माण कार्य खरीद और आय अनुबंधों को शामिल करने के लिए योजना का दायरा बढ़ाया गया।

योजना के तहत कम की गई निष्पादन सुरक्षा, बोली सुरक्षा और परिसमाप्त क्षति के 95 प्रतिशत के रिफंड के माध्यम से राहत प्रदान की गई थी। अनुबंधों के निष्पादन में चूक के कारण वंचित एमएसएमई को भी राहत प्रदान की गई। इस योजना के तहत प्रदान की गई राहत, कोविड-19 महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने और इसे बनाए रखने के सरकार के प्रयासों के अनुकूल थी।

## भारतीय कंपनियां व्यापारिक दौरों के लिए अमेरिकी वीजा में तेजी के पक्ष में



**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज चाहते हैं कि अमेरिका उन व्यापारियों को वीजा जारी करने में तेजी लाए जो व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए वहां जाना चाहते हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित भसीन ने दिल्ली में मंगलवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी मुख्य अतिथि थे। भसीन ने कहा कि जो भारतीय व्यवसायी व्यापार और निवेश के अवसरों के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा मिलने में भारी देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गार्सेटी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद करने का अनुरोध किया। गार्सेटी ने 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश का दोतरफा प्रवाह हो रहा है, जिससे दोनों देशों में अधिक रोजगार और आय सृजन हो रहा है। अमेरिका में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, गार्सेटी ने बताया कि हाल ही में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका में आयोजित एक सम्मेलन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल सबसे बड़ा था, जिसमें 210 निजी कंपनियां शामिल थीं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत और अमेरिका को गतिरोध रहित संबंध बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, जिससे न केवल दोनों देशों की, बल्कि पूरे विश्व की समृद्धि बढ़ेगी।

## पूनावाला फिनकॉर्प की को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। साइरस पूनावाला समूह द्वारा संचालिक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड को इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसकी योजना तीन महीने के भीतर इस क्रेडिट कार्ड को लॉन्च करने की है।

यह साझेदारी पूनावाला फिनकॉर्प को फ्लेक्सिबल और वर्सेटाइल रिटेल क्रेडिट के नए दौर का हिस्सा बनने में सक्षम बनाएगी। पूनावाला फिनकॉर्प के प्रबंध निदेशक अभय भूतड़ा ने कहा, हमें भरोसा है कि इंडसइंड बैंक के साथ यह साझेदारी तकनीक को पसंद करने वाले और वित्तीय तौर पर जागरूक भारतीय ग्राहकों को नए जमाने के हमारे फाइनेंशियल प्रोडक्ट से जोड़ेगी और इस तरह से गेम-चेंजर साबित होगी। पूनावाला फिनकॉर्प में हम अपने ग्राहकों को पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी हिडेन चार्ज के सेवाएं देने में यकीन रखते हैं। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है और उत्पादों की पेशकश अनोखी व अपनी श्रेणी में सबसे बेहतर है। इस कारण हमें उम्मीद है कि हमारे मौजूदा और संभावित ग्राहकों को असाधारण व बिना किसी रुकावट वाली सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

## एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज ने उज्जीवन एसएफबी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड ने आज उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की जिसका उद्देश्य बैंक के ग्राहकों को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह गठजोड़ उज्जीवन एसएफबी के ग्राहकों को परेशानी मुक्त और सुविधाजनक ट्रेडिंग अनुभव प्रदान करते हुए बचत, डीमैट और ट्रेडिंग खातों से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। इस साझेदारी के दम पर और उज्जीवन एसएफबी की व्यापक अखिल भारतीय उपस्थिति का लाभ उठाकर, जहाँ यह बैंक 76 लाख से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है, एसएमसी ग्लोबल अपने ग्राहक आधार का पूरी सक्षमता से विस्तार करेगा। साझेदारी की इस व्यवस्था के तहत एसएमसी ग्लोबल उज्जीवन एसएफबी ग्राहकों के ट्रेडिंग और डीमैट खातों के रिलेशन को हैंडल करेगा। कंपनी एसएमसी बैंक के ग्राहकों को पूर्ण और डिस्काउंट ब्रोकरेज सेवाएँ प्रदान करेगा। उज्जीवन एसएफबी के मौजूदा ग्राहक उज्जीवन एसएफबी मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से डीमैट खाता खोल सकते हैं। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड के निदेशक और सीईओ अजय गर्ग ने कहा, 'उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाना एसएमसी के लिए प्रतिष्ठा की बात है, क्योंकि यह साझेदारी बैंक के ग्राहकों को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर तेज़, सुरक्षित और परेशानी मुक्त व्यापार और निवेश अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। यह साझेदारी एसएमसी ग्लोबल को पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज करने और अपने ग्राहक आधार को मज़बूत बनाने में मदद करेगी।' उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इतिरा डेविस ने कहा, अपने ग्राहकों को धन सृजन का एक अतिरिक्त मंच और अवसर प्रदान करने के लिए एसएमसी ग्लोबल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

## सार संक्षेप

### आईटेल ने लांच किया किफायती 5 जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी आईटेल ने भारतीय बाजार में अब तक का सबसे सस्ता 5 जी स्मार्टफोन पी 55 पावर 5 जी और प्रीमियम किफायती स्मार्टफोन एस 23 लांच करने की घोषणा की जिसकी क्रमशः शुरुआती कीमत 9699 रुपए और 13999 रुपए है। कंपनी के सीईओ अरिजीत तालपत्रा ने इन दोनों स्मार्टफोन को लांच करते हुये कहा कि उनकी कंपनी ने स्मार्टफोन बाजार में पहली बार दो वर्ष की गांरटी लेकर आयी है। इसके साथ ही कंपनी ने एक बार टच स्क्रीन रिप्लेसमेंट की भी वारंटी दी है। उनकी कंपनी का लक्ष्य युवाओं को कम कीमत बेहतर फीचर के स्मार्टफोन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 2016 से भारत में कारोबार कर रही आईटेल के 10 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और अब इन दोनों नये स्मार्टफोन के बाजार में आने से उनके ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि अब तक उनकी कंपनी 10 हजार से कम कीमत के स्मार्टफोन बना रही थी लेकिन पहली बार 10 हजार से अधिक कीमत के स्मार्टफोन पेश कर रही है। उन्होंने बताया कि पी 55 5 जी स्मार्टफोन में 6080 ऑक्टोकार प्रोसेसर है। 6.6 इंच एचडी डिस्प्ले वाले इस स्मार्टफोन में 50 एमपी का एआई डुअल रियर कैमरा और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट फास्ट चार्जिंग से लैस है। इसमें आठ जीबी रैम और 64 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9699 रुपए है और 12 जीबी रैम तथा 128 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9999 रुपए है। उन्होंने कहा कि आईटेल एस 23 में 6.78 इंच 3डी एमोलेड कर्वड डिस्प्ले है। इसमें 50 एमपी का एआई रियर कैमरा और 32 एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5000 एमएएच की बैटरी है। यह फोन 16 जीबी रैम और 256 जीबी रॉम में उपलब्ध है। इसकी कीमत 13999 रुपए है।

### बजाज ने लांच की 150 सीसी पल्सर एन150


गाजियाबाद। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने 150 सीसी में नई पल्सर एन150 लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि पल्सर एन150 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन250 और अविश्वसनीय रूप से सफल पल्सर एन160 शामिल हैं। पल्सर एन150 के साथ, भारत की सबसे कंपनी ने अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक परिवार को एक योग्य नया सदस्य मिला है। डिज़ाइन भाषा गतिशील और ऊर्जावान चरित्र रेखाओं, सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो गतिशीलता का दावा करती है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम देता है। बेली पैन, फ्रंट फेयरिंग और फ्रंट फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं। बजाज ऑटो के अध्यक्ष (मोटरसाइकिल) सारंग कनाडे ने कहा, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी ।

# शेयर बाजार गिरा

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां) वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65945.47 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत टूटकर 32,066.50 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,225.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1876 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां लाल जबकि शेष 27 हरे निशान पर रही।

बीएसई के छह समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.15, आईटी 0.46, बैंकिंग 0.45, कंज्यूमर ड्यूरबल्स 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत टूट गया जबकि एफएमसीजी 0.43, दूरसंचार 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.47 और रियल्टी समूह के शेयरों में तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.55, जापान का निक्केई 1.11, हांगकांग का हैंगसेंग 1.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 48 अंक की बढ़त लेकर 66,071.63 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,078.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,865.63 अंक तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 66,023.69 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत टूटकर 65,945.47 अंक रह गया।

निफ्टी आठ अंक बढ़कर 19,682.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,699.35 अंक के उच्चतम जबकि 19,637.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.55 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत फिसलकर 19,664.70 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में टेक महिंद्रा 1.30, इंडसइंड बैंक 1.29, इंफोसिस 1.00, एशियन पेंट 0.89, कोटक बैंक 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.83, टाइटन 0.75, एक्सिस बैंक 0.58, बजाज फिनसर्व 0.56, विप्रो 0.31, पावरग्रिड 0.25, मारुति 0.08, आईटीसी 0.05 और एचसीएल टेक 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, तेजी पर रहीं कंपनियां नेस्ले इंडिया 1.45, टाटा स्टील 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.67, बजाज फाइनेंस 0.52, एचडीएफसी बैंक 0.39, एनटीपीसी 0.35, एलटी 0.32, अल्ट्रासिमको 0.24, टाटा मोटर्स 0.19, भारती एयरटेल 0.18, टीसीएस 0.16, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.13, रिलायंस 0.06, सन फार्मा 0.06, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.03 और एसबीआई 0.03 प्रतिशत हैं।

## जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन में नए सीईओ होंगे अमेजन के कार्यकारी डेव लिम्प

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। जेफ बेजोस की एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन में बॉब स्मिथ की जगह सीईओ का पद निवर्तमान अमेजन के डिवाइस एंड सर्विस चीफ डेव लिम्प संभालेंगे। बेजोस ने ब्लू ओरिजिन के कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, 'लिम्प की सीईओ के रूप में 4 दिसंबर से शुरुआत होगी और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए स्मिथ 2 जनवरी को पद छोड़ देंगे।' लिम्प कंपनी के कई स्पेस प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण चरण में ब्लू ओरिजिन में शामिल हुए। सीएनबीसी को दिए एक बयान में, ब्लू ओरिजिन के प्रवक्ता ने कस्टमर-फर्स्ट माइंडसेट वाले इनोवेटर के रूप में लिम्प की प्रशंसा की, जिनके पास हाई-टेक इंड्रस्टी और बढ़ते हाई कॉम्प्लेक्स आर्गेनाइजेशन में बेहतरीन एक्सपीरियंस है। अमेजन डिवाइस एंड सर्विस के प्रमुख लिम्प, जो लगभग 14 साल से कंपनी के साथ हैं, ने अगस्त में पुष्टि की कि वह पद छोड़ रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज एंड सरफेस के प्रमुख रह चुके पनोस पानाय कथित तौर पर अपने हार्डवेयर बिजनेस की देखरेख के लिए अमेजन में शामिल हो रहे हैं। पानाय द्वारा अपने एलेक्सा और इको स्पीकर के लिए अमेजन डिवीजन को चलाने की संभावना है।

ब्लू ओरिजिन ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चंद्र लैंडर बनाने के लिए 3.4 बिलियन डॉलर का नासा कॉन्ट्रैक्ट जीता था। बेजोस ने अपने ईमेल में लिखा, 'स्मिथ के नेतृत्व में, हमारे वाहनों और इंजनों के लिए पर्याप्त बैकलॉग के साथ ब्लू ओरिजिन के सेल्स ऑर्डर कई अरब डॉलर तक बढ़ गए हैं।' उन्होंने कहा, 'जब बॉब शामिल हुए थे तब हमारी टीम 850 लोगों की थी जो बढ़कर आज 10,000 से अधिक हो गई है।

## बासमती चावल के निर्यात मूल्य में 300 डॉलर प्रति टन की कमी कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को कम करने पर विचार कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा कीमतों में कटौती के बाद उसका मुकाबला करने के लिए केंद्र बासमती चावल पर एमईपी को मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से लगभग



300 डॉलर प्रति टन कम कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने इसके लिए 1,050 डॉलर प्रति टन की कीमत तय की है। समझा जाता है कि केंद्रीय वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती निर्यातकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जहां स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय बासमती चावल की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सरकार इस सप्ताह इसकी घोषणा कर सकती है। चावल की कुछ किस्में निर्यात के लिए ही उगाई जाती हैं और उनका घरेलू बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले महीने सरकार ने नियमित बासमती चावल की आड़ में गैर-बासमती चावल की धोखाधड़ी वाली खेप को रोकने के लिए बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन तय करते हुये इससे कम कीमत के बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## ग्लोबल लेवल 50 प्रतिशत कर्मचारी स्थायी रूप से अपना सकते हैं हाइब्रिड कामकाज

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना है। अधिकांश व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कार्य विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) लाभ प्रदान करता है। अनुसंधान समूह ओमडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 69 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज विभिन्न पहुंच आवश्यकताओं वाले कर्मचारियों को अधिक अवसर प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। जबकि 67 प्रतिशत व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कर्मचारियों को स्थान संबंधी बाधाओं को खत्म करने की अनुमति देता है। 63 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह कर्मचारियों को एक एकजुट टीम के भीतर जुड़ाव महसूस कराता है। निष्कर्षों के अनुसार, लगभग 61 प्रतिशत का कहना है कि यह कर्मचारियों को कम हाशिये पर महसूस करने की अनुमति देता



है और 59 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह भर्ती लिंग अंतर को कम करने में मदद करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यवसाय अपने डिजिटल प्रौद्योगिकी विक्रेता और सेवा प्रदाता भागीदारों से बेहतर समर्थन की भी तलाश कर रहे हैं, 76 प्रतिशत व्यवसाय अपने मौजूदा डिजिटल आपूर्तिकर्ता संबंधों पर पुनर्विचार कर रहे हैं। ओमडिया के एनालिस्ट, मोबाइल वर्कस्पेस और

**मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना**

'फ्यूचर ऑफ वर्क' रिपोर्ट के लेखक एडम होल्टबी ने कहा, 'अलग-अलग कार्य शैलियों ने एंप्लॉय प्रोडक्टिविटी, सेटिस्फेक्शन और कस्टमर एक्सपीरियंस को प्रभावित किया है। व्यवसायों को कार्य पहल के सफल भविष्य के लिए डिजिटल पार्टनर्स, प्रोसेस और टेक्नोलॉजी की मदद की आवश्यकता है। होल्टबी ने कहा, 'हमारा रिसर्च सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स और टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करता है कि वे कस्टमर्स के डिजिटल वर्कप्लेस चैलेंजेस और ट्रांसफॉर्मेशन प्राथमिकताओं का समर्थन कैसे कर सकते हैं।'

# साकार हो रहा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 6080 करोड़ की लागत के 7300 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन
- दूरस्थ आदिवासी अंचलों के विकास पर सर्वाधिक फोकस

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7300 कार्यों का एक साथ लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन कार्यों में से 2668 करोड़ रूपए की लागत के 3978 कार्यों का लोकार्पण, 2805 करोड़ रूपए की लागत के 2692 कार्यों का भूमिपूजन और 606 करोड़ रूपए की लागत के 630 कार्यों का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प साकार हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास और निर्माण के कार्यों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, लघु वनोपज संग्राहकों सहित सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की अभिनव योजनाओं और नवाचारों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। आज जिन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है, उनमें सूरजपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर जैसे जिलों में सर्वाधिक काम हुए हैं। दूरस्थ अंचलों पर ज्यादा फोकस किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता आम जनता की आय में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान, कोदो, कुटकी, रागी, गन्ना सहित विभिन्न उपजों का सबसे ज्यादा मूल्य मिल रहा है। देश के तीन चौथाई लघु वनोपज का संग्रहण छत्तीसगढ़ में किया जाता है। तेंदूपत्ता की सबसे ज्यादा कीमत यहां मिल रही है। आवासहीनों को घर की छत दिलाने के लिए कल एक नयी योजना छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत 7 लाख आवासहीनों को पहली किस्त के रूप में 25-25 हजार रूपए की राशि दी गयी है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में नये 47 हजार पात्र लोगों को तथा श्रमिकों को भी आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किये गए है। अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को मजबूत बनाने का काम किया गया है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में चहुंमुखी विकास को गति मिले।



गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वायदे पूरे किए हैं। सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनायी गई। अधोसंरचना विकास के लिए पांच वर्षों में सड़क, पुल-पुलिया बनाने के कार्य बड़े पैमाने पर हुए है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि विकास के कार्यों में राज्य सरकार ने राशि की कमी नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, वे जल्दी प्रारंभ किए जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पांच वर्षों में किए गए कार्य छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि आज 6080 कार्यों का लोकर्पण एवं भूमिपूजन किया गया है, जिससे यह साबित होता है कि अधोसंरचना विकास में राज्य सरकार द्वारा कोई कमी नहीं होने दी गई। उन्होंने इन विकास कार्यों से लाभान्वित होने वाले लोगों को शुभकामनाएं दीं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि आज प्रदेशवासियों के लिए खुशी का दिन है, छत्तीसगढ़ के विकास का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले में 495 करोड़ रूपए की लागत के 250 कार्यों, नारायणपुर में 302 करोड़ रूपए की लागत के 775, मोहला-मानपुर-चौकी में 37.56 करोड़ रूपए के 49, राजनांदगांव में 32 करोड़ रूपए की लागत के 80 कार्यों, बालोद में 424.37 करोड़ रूपए की लागत के 620, धमतरी में 211 करोड़ रूपए के 895 कार्य, गरियाबंद में 140 करोड़ रूपए के 330 कार्य, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 56.86 करोड़ रूपए के 11 कार्य, दुर्ग जिले में 69 करोड़ रूपए के 21 कार्य, रायपुर जिले में 385 करोड़ रूपए के 695 कार्य, महासमुंद जिले में 145.33 करोड़ रूपए के 83 कार्य, बेमेतरा जिले के 304.49 करोड़ रूपए के 203 कार्यों, कबीरधाम में 355.5 करोड़ रूपए के 133 कार्यों, मुंगेली में 123.53 करोड़ रूपए के 243 कार्य, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 44.37 करोड़ रूपए के 83 कार्य, जांजगीर-चांपा जिले में 46.50 करोड़ रूपए के 80 कार्य, सक्ती में 280 करोड़ रूपए के 194 कार्य, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 185 करोड़ रूपए के 336 कार्य, कोण्डागांव में 19 लाख रूपए की लागत के 01 कार्य, रायगढ़ में 131 करोड़ रूपए के 691 कार्य, कोरबा में 150.51 करोड़ रूपए की लागत के 73 कार्य, जशपुर में 447.38 करोड़ रूपए की लागत के 906 कार्य, सरगुजा में 203.44 करोड़ रूपए की लागत के 262 कार्य, सूरजपुर में 734.60 करोड़ रूपए के 259 कार्य, कोरिया जिले में 103.62 करोड़ रूपए के 109 कार्य, बलरामपुर जिले में 393.22 करोड़ रूपए के 65 कार्य तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 14.50 करोड़ रूपए की लागत के 02 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों रायपुर को मिलेगी 1004 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 27 सितंबर को रायपुर शहर को 1003.88 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री बघेल बुधवार को पांच बड़े विकास कार्यों के लिए तात्यापारा के नवीन मार्केट में भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों में जी.ई. रोड के शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य है जिसकी लंबाई 510 मीटर तथा निर्माण लागत राशि 134.66 करोड़ रूपए है। इस सड़क के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा तथा शहर के लोगों को हैवी ट्रेफिक से भी निजात मिलेगी।

- 134.66 करोड़ की लागत से होगा शारदा चौक से तात्यापारा चौक सड़क का चौड़ीकरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर शहर के रिंग रोड क्र.1 एवं तेलीबांधा चौक से अग्रसेन धाम चौक लाभांडी तक 6-लेन फ्लाई ओव्हरब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे जिसकी निर्माण लागत राशि 473.13 करोड़ रूपए है।

रायपुर शहर में महादेवघाट एवं चंदनीडीह में खारुन रिवर फ्रंट के निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य जिसकी लंबाई 1.55 कि.मी. है एवं निर्माण लागत राशि 197.36 करोड़ रूपए है।

रायपुर शहर के एक्सप्रेस-वे (टेमरी) से माना व्ही.आई.पी. मार्ग पर ऐलिवेटेड कॉरिडोर सहित एयरपोर्ट को जोड़ने वाले मार्ग का 6-लेन में निर्माण कार्य, जिसकी निर्माण लागत राशि 156.27 करोड़ रूपए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर शहर के रिंग रोड क्र.1 पर उद्योग भवन महावीर नगर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर फ्लाई ओव्हर का निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन करेंगे जिसकी निर्माण लागत रु. 42.42 करोड़ रूपए है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, एक गँभीर

**पलारी** 26 सितंबर (देशबन्धु) पलारी ब्लाक के ग्राम चुचरूँगपुर मे दशगात्र कार्यक्रम मे सम्मिलित होने आए तीन लोगो के उपर गाज गिर मौके पर दो की मौत हो गई जबकि एक को गँभीर हालत मे जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चुचरूँगपुर के एक घर मे दशगात्र कार्यक्रम चल रहा था जिसमे योगेश वर्मा 36,तिलक वर्मा 42, और भागवत साहू 46 वर्ष तीनो निवासी सकलोर सुहेला दशगात्र कार्यक्रम मे शामिल हुए थे तभी तालाब कार्यक्रम के दौरान करीब ढाई बजे जोरदार बिजली कड़की और पेड़ के निचे बैठे तीनो आकाशिय बीजली के चपेट मे आ गए जिससे योगेश वर्मा और तिलक वर्मा कि मौके पर ही मौत हो गई जिससे मृतको के घरो दुखो का पहाड़ टुट पड़ा है परिवारो का रो रोकर बुरा हाल है। वही गाज के चपेट मे घायल भागवत साहू को उक्त कार्यक्रम मे शामिल मनीष चन्द्राकर अपनी स्कार्पियो वाहन से रोहीत साहू और शिवा साहू के मदद से पलारी सामूदायिक केन्द्र पलारी ले जाया जा रहा था वहीं रास्ते मे एँबुलेश आने घायल को एँबुलेश मे शिफ्ट किया गया।

## 4 लाख के हेरोइन समेत नशीली दवाईयों का जखीरा बरामद

**महासमुंद,**26 सितंबर (देशबंधु)।4 लाख के हेरोइन व नशीली दवाईयों के साथ 5 व्यक्तियों को बागबाहरा पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बागबाहरा बस स्टेंड के पास भारी मात्रा इंजेक्शन व नशीली टेबलेट बिक्री करने रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 5 व्यक्ति ओड़िशा के ग्राम जानसेट थाना पाईकमाल निवासी 30 वर्षीय रविनारायण दीप पिता गोपाली दीप,सरायपाली निवासी 31 वर्षीय निलेश शर्मा पिता राजेंद्र शर्मा, सरायपाली निवासी 23 वर्षीय कौशल सोनी पिता डिग्रीलाल सोनी, ओड़िशा के सहीपाला थाना नुड़ापाड़ा निवासी 34 वर्षीय हरिकिशन तांडी पिता खगेश्वर तांडी, सहीपारा के ही 23 वर्षीय चैतन्यनाग पिता तीजउनाग को धर दबोचा। टीम द्वारा तलाशी लेने पर 9 ग्राम पारदर्शी पालीथीन में कौशल सोनी के पास हेरोइन जिसकी कीमत 4 लाख रुपए है बरामद हुआ। इसी तरह तीन आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा हजारों रुपए के नशीली दवाईयां, इंजेक्शन बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 21,22 नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में एएसपी आकाश राव, एसडीओपी अजय शंकर के निर्देशन में थाना प्रभारी महेश साहू,



सायबर सेल नसीमुद्दीन खान, मीनेश ध्रुव, विकास चंद्राकर, अभिषेक राजपूत, चंपलेश ठाकुर, संतोष सांवरा, वीरेंद्र नेताम, युवराज ठाकुर आदि शामिल है।

### कोमाखान पुलिस ने पकड़ा 1 क्विंटल गांजा

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 पर ओड़िशा से बडी़ मात्रा में गांजा का खेप आने की सूचना पर एसपी धर्मेन्द सिंह ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 25 सितंबर को पुलिस द्वारा पांइट बनाकर जांच किया जा रहा था तभी नुआपाड़ा खरियार रोड की ओर से मारूति डिजायर कार एमएच 47 एन 3147 आ रही थी। टेमरी नाका के पास घेराबंदी कर रोका गया उसमें सवार महाराष्ट्र के ग्राम नारायणपुर थाना अचलपुर निवासी 33 वर्षीय विवेक जाघव पिता रमेश जाघव, महाराष्ट के ही ग्राम साटेगांव थाना चिमचोली के 30 वर्षीय रोशन इंगले पिता सिद्धांत इंगले ने ओड़िशा आने के कारण पूछने पर गोलमोल जवाब देने लगे। संदेह पर जब वाहन की जांच की गई तो डिक्की में 20 नग खाखी में बंद 1 क्विंटल गांजा मिला। जिसकी कीमत 50 लाख बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 20 ख एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है।

## नाबालिग से अनाचार मामले में एससी एसटी एक्ट के तहत आरोपी को उम्रकैद

**महासमुंद,**26 सितंबर (देशबंधु)। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 (2) के तहत थाना तेंदूकोना के 20 वर्षीय दिनेश निर्मलकर पिता देवलाल निर्मलकर को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी तरह लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह धारा 366 के तहत 7 वर्ष व धारा 363 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास के अलावा क्रमश: 2 हजार व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 6,2 व 1 माह की सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। शेष सजाए साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार प्रार्थी ने बागबाहरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अगस्त 22 को सुबह 9 बजे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत में काम करने गया था। दोपहर में उसकी पुत्री पेट में दर्द हो रहा है कह कर घर चली आई। दोपहर साढ़े 3 बजे जब वे घर लौटे तो पुत्री घर में नही थी। आसपास पता करने पर कोई जानकारी नही मिली। शिकायत पर गुमइंसान कायम कर जांच किया गया तो किसी व्यक्ति द्वारा बहलाफुसलाकर ले जाने की बात सामने आई इस पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अभियोक्त्री की बरामदगी होने पर उसने पुलिस को बताया कि अभियुक्त से प्रेम संबंध हो गया था। 21 अगस्त 22 को दोपहर एक बजे बिना बताए दिनेश निर्मलकर के साथ रायपुर गई और वहां से दिल्ली चली गई। दिल्ली में दिनेश ने जयमाला शादी किया और शारीरिक संबंध बनाया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। इस मामले में आरोपी अनुसूचित जाति, जनजाति का नही होने के कारण पाक्सो एक्ट व अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 का अपराध भी दर्ज किया गया।

## गड्ढ़ों पर काम चलाऊ पेंच वर्क

### खबर प्रकाशन के बाद नाममात्र का काम

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। लगातार बारिश की वजह से कसडोल नगर की सड़क बद से बत्तर हो चुका था जगह-जगह हुई गड्डो ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित तमाम जनप्रतिनिधियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया को उजागर कर दिया था। इधर जनसरोकार से जुड़े मामलों पर हमारे संवादाता की पैनी नजर पड़ी और प्रमुखता के साथ समाचार पत्र में गड्डो में तब्दील हुई नगर की सड़क, सुध लेने वाला कोई नही शीर्षक से खबर का प्रसारण किया था। जिसके बाद विभाग के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लेकर सोमवार को गड्डो पर नाम मात्र का पेंचवर्क कराया।



उल्लेखनीय है कि इस पेंचवर्क कार्य के तहत कई गड्डो को भरा तक नही गया है। जो गड्डो पर डस्ट डाला गया वो भी हल्के पानी मे उखड़ जाएगा। फिलहाल क्षेत्रीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों के मौन रहने के कारण नगर की समस्या चरम पर है। लेकिन यहाँ गुडवत्ता पर किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान नही जा रहा है, तभी तो विभाग के अधिकारी मनमाना काम करवा रहें है। उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य मार्ग से सैकड़ो लोग आवागमन करते है साथ ही आस-पास के कई छात्र-छात्रा स्कूल जाते है लेकिन अभी तक हताहत नहीं हुआ है। आपको बता दें कि हड़हाचौक से गुरुघासीदास चौक तक बिना गुडवत्ता के बने सड़क पर बिना ट्राफिक्क होने के बावजूद रिपेयरिंग के बाद उखड जाता है।

## वन मंत्री अकबर ने वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत 58 अधिकारियों को किया अलंकृत

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित स्टार अंलकरण कार्यक्रम में उप वन क्षेत्रपाल से वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत 58 अधिकारियों को अलंकृत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



वन मंत्री अकबर ने स्टार अलंकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वन सम्पदा के मामले में एक समृद्ध राज्य है। वनों के संरक्षण तथा संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके मद्देनजर हमारी सरकार द्वारा राज्य में विगत वर्षों के दौरान विभाग के साथ ही यहां कार्यरत अमले के हित में भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदोन्नति आदि कार्य नियमित क्रम में लगातार हो रहे है। इस तरह सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। मंत्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन विभाग में विगत वर्षों के दौरान सिर्फ वनों के संरक्षण तथा संवर्धन को ही बढ़ावा नहीं मिला है, बल्कि यहां वनवासियों की उन्नति की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे है। यही वजह है कि विगत दो वर्षों से छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों में देश में लगातार अव्वल बना हुआ है। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर 09 पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया है।

कार्यक्रम को वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ ने भी संबोधित किया और सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनूप विश्वास, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीमती संजीता गुप्ता, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कौशलेन्द्र कुमार, मुख्य वन संरक्षक राजू आगासिमनी, वनमंडलाधिकारी विष्वेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लिंगई माता के आज होंगे दर्शन, एक दिन पहले ही श्रद्धालुओं की लगी कतार



**कोंडागांव,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। साल में एक बार खुलने वाला आलोर की पहाड़ी पर स्थित गुफा में विराजमान मां लिंगेश्वरी का मंदिर इस वर्ष 27 सितंबर को खुलेगा. इसके साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए प्रशासन ङ्क पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। कोंडागांव जिला के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम झाटीबन आलोर के पहाड़ों के बीच एक गुफा में मां लिंगेश्वरी विराजित हैं. वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार लिंगेश्वरी माता की गुफा के द्वार साल में केवल एक बार ही खुलते हैं. संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त अलग-अलग राज्यों से दर्शन करने आते हैं. इनमें से अधिकांश दंपती ऐसे होते हैं, जिनकी शादी हुए 10-15 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई संतान नहीं हुई है।

## मुख्यमंत्री ने लौटाई चिटफंड निवेशकों की राशि

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले कोरिया तथा बेमेतरा जिले के 122 पीड़ित निवेशकों को 38 लाख 40 हजार 684 रूपए की राशि लौटाई। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा अब तक कुल 69 हजार 503 निवेशकों को 38 करोड़ 08 लाख 67 हजार रूपए वापस लौटाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज बेमेतरा जिले के 108 निवेशकों को 34 लाख 63 हजार 684 रूपए तथा कोरिया जिले के 14 निवेशकों को 03 लाख 77 हजार रूपए ऑनलाईन खाते में अंतरित किए गए हैं। साथ ही अब तक 214 अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध 468 प्रकरण दर्ज कर 587 डायरेक्टरों एवं 121 पदाधिकारियों कुल 708 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, 402 प्रकरणों में चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



- कोरिया और बेमेतरा जिले के 122 निवेशकों को लौटाई गई 38 लाख 40 हजार की राशि
- चिटफंड निवेशकों ने पैसे वापस मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार
- राज्य में चिटफंड निवेशकों को लौटाए जा चुकी है 38 करोड़ 8 लाख 67 हजार की राशि

कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार चिटफंड कंपनियों के निवेशकों की राशि लौटाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां चिटफंड निवेशकों के पैसे लौटाए गए हैं। प्रदेश की भोली-भाली जनता को ठगकर चिटफंड कंपनियों ने उनसे अपने बचत राशि का निवेश कराया था। कंपनियां निवेश को दोगुना-तीनगुना करने का प्रलोभन देकर पैसे वसूलने का काम करती थी। बघेल ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही चिटफंड निवेशकों का पैसा लौटाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता थी। हमने लगातार कार्रवाई कर इस दिशा में सफलता हासिल की है और इसे आगे भी जारी रखेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने आज जिन निवेशकों के पैसे लौटाए गए है, उन्हें बधाई दी। इस दौरान बेमेतरा जिले से जुड़ी हितग्राही श्रीमती सरस्वती साहू ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने सोचा नहीं था कि हमारा पैसा हमें वापस मिल पाएगा। लेकिन निवेशकों के लिए आपकी संवेदनशील पहल से मुझे अपने दो लाख 70 हजार रूपए वापस मिल पाए हैं। इसी तरह कोरिया जिले की चरचा निवासी श्रीमती उर्मिला को डेढ़ लाख रुपए और चिरमी निवासी बालम साय ने उनके एक लाख रुपए वापस मिलने की खुशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात कर साझा की और उनके प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, विधायक चक्रधर सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, एस. भारतीदासन, विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग महादेव कावरे उपस्थित रहे।

## प्रदेश में अब तक 1041 मिमी औसत वर्षा

### सर्वाधिक वर्षा बीजापुर में और कम वर्षा सरगुजा में हुई

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। राज्‍ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरी नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलि जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 1041.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 26 सितंबर सवेरे तक



रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1632.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 471.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 772.8 मिमी, बलरामपुर में 925.9 मिमी, जशपुर में 869.5 मिमी, कोरिया में 916.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 899.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1184.7 मिमी, बलौदाबाजार में 1197.0 मिमी, गरियाबंद में 914.2 मिमी, महासमुंद में 1024.1 मिमी, धमतरी में 953.5 मिमी, बिलासपुर में 1233.8 मिमी, मुंगेली में 1353.9 मिमी, रायगढ़ में 1218.3 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 976.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1167.3 मिमी, सक्ती में 1037.0 मिमी, कोरबा में 1041.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1113.1 मिमी, दुर्ग में 896.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 918.7 मिमी, राजनांदगांव में 1146.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1263.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1083.6 मिमी, बालोद में 1002.0 मिमी, बेमेतरा में 933.0 मिमी, बस्तर में 1005.4 मिमी, कोण्डागांव में 1019.9 मिमी, कांकेर में 984.4 मिमी, नारायणपुर में 920.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 1032.0 मिमी और सुकमा में 1380.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

NECC

| 27.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.20 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जावाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान और बारिश में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगा भाई।



# सुकमा की सड़कें इतनी जर्जर की नहीं पहुंच पाती आवश्यक सुविधाएं



जर्जर सड़क होने के कारण घण्टों फंसी रही एम्बुलेंस, राहगीरों की मदद से निकाली गई एम्बुलेंस

**सुकमा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। सुकमा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीण किस कदर आवश्यक सुविधाओं के लिए मोहताज हैं इसकी एक बानगी ग्राम पंचायत चिंतलनार के ग्राम मुंडवाल में देखने को मिलता हैं जहाँ जर्जर मार्ग होने के कारण एम्बुलेंस नहीं पहुँच पाती है। दो दिन पूर्व एक दिवसीय सुकमा दौरे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि छिंदगढ़ का ऐसा कोई गांव नहीं है जो पक्की सड़क से ना जुड़ा हो और वहीं दूसरी ओर छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिंतलनार के ग्राम मुंडवाल में पक्की सड़क नही होने की वजह से प्रसूता को अपने घर तक पहुंचाने में एम्बुलेंस को कड़ी मशक्कत करना पड़ रहा है। बता दें कि ग्राम मुंडवाल की शिशुवती बुधरी पति कोसा राम की जो कुछ दिनों पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुसपाल में भर्ती हुई थी जिसे डिलवरी के पश्चात उनके गृह ग्राम मुंडवाल में एंबुलेंस छोड़ने जा रही थी और सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण एंबुलेंस रास्ते में ही घण्टों फंसी रही जिसे उस मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की मदद से निकाला गया। इसके साथ ही खराब सड़क से निकल कर एम्बुलेंस ने पेशेंट को उसके घर छोड़ दिया परन्तु वापसी के दौरान पुन: उसी स्थान पर घण्टों एम्बुलेंस फंसी रही फिर किसी तरह मदद मिलने पर एम्बुलेंस को वहाँ से निकाला जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी भी बारिश हुई तो गाड़ियों का फंसना आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह आए दिन की घटना है इस दिशा में तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

### विकास का पहिया शहरों में ही थम गया है : दीपिका

इधर भाजपा मीडिया पैनलिस्ट मेम्बर छत्तीसगढ़ अधिवक्ता दीपिका शोरी को इस बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सुकमा जिले प्रवास के दौरान कहा था कि छिंदगढ़ का ऐसा कोई गांव नहीं है जो पक्की सड़क से ना जुड़ा हो और छिंदगढ़ जिले के मुंडवाल में पक्की सड़क नही होने की वजह से प्रसूता को लाने ले जाने में कठिनाई उठानी पड़ रही। कांग्रेस सरकार का काम सिर्फ झूट बोलना है।कांग्रेस की भूपेश सरकार के विकास का पहिया शहरों में ही थम गया हैं गाँव के लोगों का इनको कोई ख्याल नहीं है। कांग्रेस सरकार की किसी भी योजना को ले लें यह सिर्फ शहरों और सड़क के किनारे बसे हुए कस्बों तक ही सीमित हैं इन सभी स्थानों पर किए गए स्तरहीन कार्यों को दिखाकर भोले भाले ग्रामीणों को छलने का कार्य कर रहे हैं। जब राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की यह हालत है तो आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि अंदर के हालात क्या होंगे।



# ग्राम पंचायत तारापुर के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट



शासकीय भूमि का पट्टा निरस्त कर सार्वजनिक उपयोग हेतु उपलब्ध कराने की एसडीएम से की मांग

**जगदलपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत तारापुर के ग्रामीणों ने सार्वजनिक शासकीय भूमि को सम्बंधित अधिकारी से मिली भगत कर अतिक्रमण करके पट्टा बनाने की शिकायत करते हुए पट्टा निरस्त कर शासकीय भूमि को सार्वजनिक उपयोग के लिए मुक्त करने की मांग करने मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत तारापुर हल्का नं.25 तह. बकावण्ड जिला-बस्तर के सार्वजनिक शासकीय पटवारी भूमी को गांव के ही घासी पिता जयदेव जाति पनारा में खसरा न.996 कक्षा 0.10 हेक्टेयर है जो ग्राम के छोटे बाजार हटरी बैठने का स्थल है और खसरा न. 556 रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमी जो ग्राम के मंडई मेला पर लोग-बाग बैठने का स्थल है। खसरा न. 998 रकवा 0.06 हेक्टेयर भूमी जो ग्राम के होली जलाने का स्थल है खसरा न. 999 रकबा 0.14 हेक्टेयर भूमी जो ग्राम के सार्वजनिक भंगाराम मन्दिर का स्थल है खसरा न. 830 रकबा 0...नरहेक्टेयर भूमी जो ग्राम के सार्वजनिक आस्था का केंद्र माता-मन्दिर का स्थल है और खसरा न.1004/2 रकबा 0.08 हेक्टेयर भूमी जो सार्वजनिक शासकीय भूमी है ये सभी शासकीय भूमी पर उक्त व्यक्ति सम्बंधित अधिकारी से मिली-भगत कर अति क्रमण करके पट्टा बनवाया है जो न्याय संगत नहीं है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा का जाने पर उन्हें धमकी देने की बात ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सार्वजनिक शासकीय भूमी पर अतिक्रमण कर कब्जा कर पट्टा बनवाने वाले पर उचित कार्यवाही कर अतिक्रमण हटा कर पट्टा निरस्त करने की मांग की है। इस अववसर पर आवेदक गण रेवती, रमाबाई पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत तारापुर जनपद पंचायत बकावण्ड एवं अन्य के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विवाहित पुत्रियां, पिता की नौकरी के लिए पात्र नहीं लेकिन पोते-पोतियों को एनएमडीसी ने दे दी दादा की नौकरी : भू प्रभावित पुत्रियां



**जगदलपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। नगरनार इस्पात संयंत्र भूक्क प्रभावित पुत्रीयों ने उनके पिता की स्थान पर नौकरी नहीं देने का आरोप एनएमडीसी पर लगाते हुए कहा कि विवाहित पुत्रियों की तरह पोतों पोतियों को भी पुनर्वास नीति में जगह नहीं लेकिन एनएमडीसी ने पोते पोतियों को दादा की नौकरी दे दी। हमें एनएमडीसी 10 लाख रुपए मुआवजा देने के लिए तैयार है लेकिन हमें नौकरी चाहिए मुआवजा नहीं।

मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भूक्क प्रभावित पुत्रियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति 2007 के अन्तर्गत पोते पोतियों को भी परिवार का हिस्सा नहीं माना गया है लेकिन एनएमडीसी की पितृ सत्तात्मक सोच के चलते एनएमडीसी प्रशासन ने उन्हें पुनर्वास नीति नियमों में शिथिलता प्रदान करके उनको उनके दादा की नौकरी के लिए पात्र मानकर उनका नमांकन स्वीकार किया और दादा की नौकरी देदी, जबकि पुनर्वास निति कामे छूट हवाला देकर विवाहित पुत्रियों एवं पुत्रियों के परिवार वालों याने नाती नातिनों को भी नोकरी के लिए नमांकन प्रस्तुत करने दिया जा सकता था। एनएमडीसी द्वारा बालिग पुत्रों के साथ साथ पोते पोतियों को नौकरी दी गई जिससे एक ही परिवार में खातेदार के पुत्र एवं पोते पोतियों को दोहरी नौकरी का लाभ मिला, जबकि पुनर्वास निति में एक परिवार को एक ही नोकरी देने का प्रावधान था। 2010 एनएमडीसी द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण की एवज में कुछ परिवारों में उनके पिता और नाना की एक एक नौकरी अभी भी रिक्त है जिसे एनएमडीसी द्वारा खातेदार की पुत्रियों या नाती नातिनों को पुनर्वास निति का हवाला देकर नॉमिनेशन करने से रोका जा रहा है और नौकरी के बदले 10 लाख रूपए ले लेने को कहा जा रहा है, जबकि वर्तमान में एनएमडीसी में खातेदार के पोते पोतियां खातेदार की नौकरी कर रहे हैं। एनएमडीसी द्वारा कुछ लोगों के लिए पुनर्वास निति में छूट और कुछ लोगों के लिए पुनर्वास निति का कवच जैसा प्रयोग एनएमडीसी जैसी नवरत्न कंपनी की पितृ सत्तात्मक सोच और भेदभाव को उजागर करता है। इस कारण से ऐसे परिवारों के नौ लोग (भू प्राभावित परिवार) जिनके पिता या नाना की नौकरी अभी भी एनएमडीसी में रिक्त है। अपनी मांगों को लेकर सोमवार दिनाक 18/09/2023 से भूख हड़ताल पर है ताकि उन्हें भी नॉमिनेशन करने का मिल सके और एनएमडीसी में जो उनके परिवार की रिक्त नौकरी वो मिल सके।

भू प्राभावित परिवार के समर्थन में भू प्राभावित महिला सशक्तिकरण समिति भी भूख हड़ताल में सम्मिलित हैं और रिक्त नोकरी में नमांकन की मांग के साथ साथ महीला सशक्तीकरण समिति के सदस्यों की नोकरी की मांग उठा रही हैं।

# एक हाथ में गंगा जल, दूसरे हाथ में घोषणा पत्र लेकर कांग्रेस ने प्लेसमेंट कर्मचारियों को ठगा : संजय पांडेय



**जगदलपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। विगत 2 दिनों से नगरीय निकाय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारियों का समर्थन करने नगर मंडल और पार्षद मंडी प्रांगण पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने प्लेसमेंट कर्मचारियों का समर्थन करते हुए कर्मचारियों को याद दिलाया कि यह वही सरकार है जिसने चुनाव के पहले 36 वादे में एक वादा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की बात थी। आज प्रदेश में नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के बैनर पहले 25000 कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं, यह 25000 कर्मचारियों के भविष्य के साथ कांग्रेस के नेताओं ने भूपेश बघेल ने गंदा मजाक किया है। इन कर्मचारियों को एक बार नहीं तीन-तीन बार बेवकूफ बनाया गया। पहले तो सरकार में आने के लिए इन्होंने झूठे वादे किए, सरकार में आए फिर लोकसभा में कर्मचारियों से वोट लिया, फिर से वादे को दोहराया और हद्द तो तब हुई जब नगरी निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेता स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन और सांसद दीपक बेज अपने हाथ में नियमितीकरण का आदेश लेकर घूमते रहे और कर्मचारियों से कहा कि नगरी निकाय चुनाव में भी आपका समर्थन हमें चाहिए। इस चुनाव के संपन्न होते ही आप सब का नियमितीकरण कर दिया जाएगा। प्रदेश भर के प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ जगदलपुर और बस्तर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी अपना और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस के दिखाएं स्वप्न बाग में आकर तीनों चुनाव में भारी मत कांग्रेस को देकर विजय बनाए। स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन सफीरा साहू महापौर ने प्लेसमेंट कर्मचारियों के सुध नहीं ली। प्लेसमेंट कर्मचारियों अपनी मांगों को लेकर पूर्व में भी आंदोलन किये और वर्तमान में तीन दिवसीय आंदोलन करना पढ़ रहा है, यह बहुत ही दुर्भाग्य जनक विषय है। संजय पांडे ने कहा कि हम आपका समर्थन करते हैं। आपकी तीन सूत्रीय मांग हमारी सरकार आई तो हम आपकी मांगों पर पुरजोर तरीके से बात रखेंगे इसे क्रियान्वित करेंगे।

नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि जगदलपुर में बैठे 437 प्लेसमेंट कर्मचारी जो जगदलपुर और बस्तर नगर पंचायत के हैं। आपके अथक परिश्रम से शहर की सफाई व्यवस्था पेयजल व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था बनी रहती है। कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों करते हैं और श्रेय लेने में महापौर विधायक आगे रहते हैं। जब प्लेसमेंट कर्मचारियों की भविष्य की बात आती है यही महापौर विधायक सरकार के समक्ष आप लोगों की बात नहीं रखते यह दुर्भाग्यजनक है। विधायक रेखचन्द जैन को आप सब ने अपार समर्थन दिया। आज वही विधायक आप लोगों से किए वादे पर एक शब्द नहीं बोलते हैं, यह लोकतंत्र है। भाजपा नगर मंडल आपकी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आमागुड़ा चौक पर अवैध रूप से गांजा तस्करी करते पकड़ाया आरोपी



**जगदलपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली को मिले सूचना पर आमागुड़ा चौक में एक मोटरसाइकिल पर सफेद रंग के थैला में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहक के तलाश कर रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर अपना नाम बेनुधर कोरा निवासी जगदलपुर का होना बताया जिनके पास में रखे थैला की तलाशी लेने पर 3 पैकेट में 11.200 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नही दिया गया। आरोपी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट की परिधि में आने से गांजा जप्त किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 20 (बी) (आई आई) (बी

# शहर में तलवार लेकर डराने धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के आम जगह पर तलवार लेकर लोगो को डराने धमकाने वाले आरोपी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। अटल आवास सनसिटी क्षेत्र में एक व्यक्ति के द्वारा तलवार लेकर जाने-जाने वाले आम लोगों को डरा धमकाने की जानकारी मिली थी। सुचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु टीम के द्वारा घेराबंदी कर, संदेही को पकड़ा गया जिनसे पुछताछ करने पर अपना नाम करण कश्यप निवासी कुम्हारपारा गुरूघासी दास वार्ड जगदलपुर होना बताया। जिनसे पुछताछ करने पर एक धारदार लोहे के तलवार को लहराकर लोगों को डराना धमकाना स्वीकार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली जगदलपुर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। मामले में आरोपी के कब्जे से एक धारदार तलवार को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी को थाना कोतवाली के द्वारा गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



# तुलिका ने मोबाइल वेटनरी यूनिट को दिखाई हरी झंडी



- दंतेवाड़ा जिले में ऑन कॉल मिलेगी चार वाहन की सुविधा
- पशुधन को रोग से बचाने और देख-रेख के लिए नई पहल

**दंतेवाड़ा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशुधन की वृद्धि, देख रेख के सम्बन्ध में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इस क्रम में आज जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा द्वारा माँ दन्तेश्वरी मंदिर में विधिवत् पूजा अर्चना कर चारो विकासखण्ड हेतु चार चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन को गौठानों एवं ग्रामों में त्वरित पशु चिकित्सा सेवा हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सम्बन्ध में उपसंचालक डॉ. एस जहीरुद्दीन ने बताया कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई स्थापित किये जाने का मुख्य उद्देश्य सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करना, ताकि विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सके तथा पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

ज्ञातव्य है कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से संचालित की जानी है, जिसमें एक पशु चिकित्सक, पैरावेट तथा ड्राईवर कम हेल्पर होंगे इसके तहत प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर एक मोबाईल वेटेनरी चलायें जाने की योजना है, और किसी-किसी बड़े विकासखण्ड में पशु संख्या के आधार पर 2 मोबाइल वेटनरी यूनिट चलाया जावेगा। उक्त मोबाइल वेटनरी यूनिट में सारे उपभोग्य अर्थात उपचार हेतु औषधि, प्रतिबन्धात्मक टीकाकरण हेतु टीकाद्रव्य, कृत्रिम गर्भाधान हेतु सीमेन स्ट्रा, रोग अन्वेषण हेतु रक्त पट्टिका, गोवर आदि की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। मोबाइल वेटनरी यूनिट वाहन विकासखण्ड स्तरीय कार्यालय पर तैनात रहेगा मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालन का समय सामान्यत: प्रात: 8 से 4 बजे तक होगा।

मोबाइल वेटनरी यूनिट के स्टाफ को टीकाकरण हेतु टीकाद्रव्य व कृत्रिम गर्भाधान हेतु एल एन टू गैस, सीमेन इत्यादि विभाग की तरफ से प्रदान किया जायेगा। विकासखण्ड स्तर पर पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, विकासखण्ड मोबाइल वेटनरी यूनिट के प्रभारी अधिकारी तथा जिला स्तर पर पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई प्रभारी अधिकारी होंगे, जो मोबाइल वेटनरी यूनिट के द्वारा सम्पादित कार्यों का अनुशीलन एवं अनुश्रवण समस्त प्रकार की रिपोर्टिंग हेतु जवाब देह होंगे इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत अथवा गोठान में मोबाइल वेटनरी यूनिट के भ्रमण की तिथि निर्धारित है। इस अवसर पर डॉ. एस जहीरूदीन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, डॉ. श्यामा मालवीय डॉ. सरिता सोम, डॉ. सुरेन्द्र कुमार मरकाम, डॉ. मनोज यादव, डॉ. सुधीर भगत, डॉ. मनोहर चन्द्राकर, डॉ. अभिषेक राव, डॉ. रजत रतनायके, डॉ. विनय जांगड़े एवं विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए दिखाएं गंभीरता : कलेक्टर



- समय-सीमा बैठक में चुनावी तैयारी की समीक्षा
- अफसर-कर्मियों को मतदान अवश्य करने के निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वतंत्र-निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन संपन्न कराने के लिए दायित्व निर्वहन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी विभिन्न नोडल अधिकारियों बूथ-लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, पोस्टल बैलेट एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, मतदान सामग्री की व्यवस्था, वाहन रैली एवं आमसभा की अनुमति ईत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों सहित पुलिस अधीक्षक एवं अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारियों एवं जवानों को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री नंदनवार ने व्यय लेखा दलों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक निगरानी दल एवं वीडियो सर्विलांस दलों तथा मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अधिकारियों को पूरी जवाबदेही साथ दायित्व निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए जिससे उन्हें निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और निर्वाचन कार्य पूर्ण आत्मविश्वास, ईमानदारी एवं पारदर्शी सकें।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने किसानों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि किसान का पंजीयन अनिवार्य रूप से हो इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन कार्य गंभीरता से करें ताकि कोई भी किसान उसके पंजीयन से वंचित ना हो। साथ ही उन्होंने जिले के सभी किसानों का धान खरीदी के लिए शतप्रतिशत पंजीयन कराने तथा सभी धान उपार्जन केन्द्रों में पहले से पंजीकृत किसानों को धान बेचने के लिए धान पंजीयन के नॉमिनी नामांकन कर कैरीफारवर्ड (आगे बढ़ाने की कार्यवाही) करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही आगामी होने वाली रबी की फसलों की कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए पूर्व से ही रबी फसलों की तैयारियां करने को कहा। बैठक में डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाया पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**भानुप्रतापपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर में भाजपा मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस दौरान कहा कि पंडित जी पार्टी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। वे चितक और कुशल संगठनकर्ता थे। एकात्म मानववाद की विचारधारा से सशक्त भारत का निर्माण उनका लक्ष्य था। उन्होंने सदियों से अंधेरा में जीने वाले घरों में दीया जलाने का संकल्प लिया था।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री व संगोष्ठी के मुख्य वक्ता बृजेश सिंह चौहान ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की विचारधारा को विस्तार से सभी कार्यकर्ताओं को बताया एवं उनके द्वारा दिखाएं मार्ग पर चलते हुए सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा दीनदयाल उपाध्याय भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्ही के विचारों,आदर्शों और सिद्धांतों के आधार पर जन-जन तक जनकल्याणकारी योजनायों को पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गौतम उइके, मण्डल उपाध्यक्ष अरविंद जैन,महामंत्री ज्वाला जैन,वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश तिवारी तिवारी,अभय पांडे हेम प्रकाश शिवहारे मिलूदास महंत, कस्तूरचंद जैन अरविंद जैन राजीव श्रीवास गुरुपाल सिंह रंधावा रजिन्दर रंधावा संकेत नशीने आकाश सोलंकी मोहन रिजवान कुरैशी, राममिलन साहू मनीष साहू सरबजीत विश्वास, रोशन मिश्रा कमलेश गावड़े,ललित गांधी, ईश्वर साहू,जागेश्वर नरेटी सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# मुंगवाल स्कूल में अमृत कलश यात्रा निकाली गई



**भानुप्रतापपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। विद्यार्थियों और जन समुदाय में देश भक्ति की भावना को उद्दीप्त करने तथा स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए अमर वीरों की अमर गाथा को अंगीकृत करने समुदाय को जोड़ते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवाल में मेरी माटी मेरा देश के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम रंगोली ,चित्रकला ,निबंध ,नारा लेखन आदि आयोजित किए गए।जिसमे विद्यार्थियों ने इंदरू केंवट , सुखदेव पातर हल्बा, कंगलू कुम्हार ,वीर नारायण सिंह ,गुंडाधूर ,शहीद गेंद सिंह सहित स्थापित राष्ट नायकों के बारे में चित्र ,निबंध ,नारे आदि लेखन किए। तत्पश्चात अमृत कलश यात्रा जिसमे बालिकाएं सर में कलश धारण कर ,शेष विद्यार्थी राष्ट वीरों के चित्रों को रखकर , हर हाथों में तिरंगा लेकर गांव की गलियों में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा हर घर के प्रवेश द्वार में पहुंचते ही महिलाएं कलश में अपने बाड़ी, घर ,खेत की मिट्टी को डालकर प्रणाम कर कलश यात्रा में शामिल होती गई। गांव के मुख्य चौक में हाथों में जलता दीपक लेकर शपथ लिया गया। संस्था प्रमुख टिकेश ठाकुर ने गांव की मिट्टी से देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका के निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता सुखनंदन पददा, ब्यास नारायण पैकरा , मनोज निर्मलकर , तोरण लाल चंद्रवंशी ,निर्मल सिंह लेंडिया , महेंद्र कुमार जैन , चिमन मेरीया , सुनाराम कुलदीप, श्रीमती नोकेश्वरी तरेता, श्रीमती रंजना ध्रुव , श्रीमती ललिता कांगे, लालेश यादव , रेखा कोराम ,साहू , सर्वेश मंडावी उपस्थित रहे।

# महार समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष ने विधायक विक्रम मंडावी से की सौजन्य भेंट



**बीजापुर,** 26 सितंबर। महार समाज ज़िला ईकाई बीजापुर के नवनियुक्त अध्यक्ष जयहिन्द लाटकर ने समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ मंगलवार को उनके बीजापुर स्थित आवास पर सौजन्य मुलाक़ात की है। विधायक विक्रम मंडावी ने महार समाज के नवनीतुक्त अध्यक्ष जयहिन्द लाटकर को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया है। इस दौरान समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में विधायक विक्रम मंडावी से चर्चा की है। विदित हो कि बीते रविवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में महार समाज की बैठक हुई थी जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष-जयहिंद लाटकर, कार्यकारी अध्यक्ष-अजय दुर्गम, सचिव -कमल दास झाड़ी, कोषाध्यक्ष-कैलाश चन्द्र रामटेके ?संरक्षक-डी एस राम, लक्षमण झाड़ी, जुमार चिन्नना, मोरला चामंत्री, दुर्गम दुर्गैया, वाय बी दुर्गम को चुना गया था। विधायक विक्रम मंडावी से सौजन्य मुलाक़ात के दौरान महार समाज के डी एस राम, डी. नागेश्वर, रामकुमार दुर्गम, संन्यासी दुर्गम, किश्टैया सोनारकार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जेईई व नीट के लिए कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



**भानुप्रतापपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सफलता को देखते हुए और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप 25 सितंबर को भानुप्रतापपुर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में जेईई और नीट के लिए कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरा,पीआर भारद्वाज प्राचार्य नोडल अधिकारी, लखन जुर्री,सालिक राम सलाम,झरना कदम,प्रवीण साहू,सन्ध्या घोष,टिकेंद्र निषाद, तेजेंद्र यदु, बीआर नायक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**बड़े कोचिंग संस्थान से मिलेगा छात्रों को सहयोग**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस सरकार एक और बड़ी योजना की शुरुआत की है। इसके तहत राज्य में स्कूली छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए कोचिंग की व्यवस्था शुरू की गई हैं। इससे छात्रों को कोचिंग के लिए बाहर जाने और भारी भरकम खर्च से निजात मिलेगी। प्रदेश सरकार अब राज्य में ही देश के बड़े संस्थानों की मदद से छात्रों को कोचिंग देगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की थी की दूरस्थ क्षेत्रों के शासकीय शालाओं के 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए, देश की ख्याति प्राप्त संस्थाओं द्वारा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे ने बताया भानुप्रतापपुर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में जेईई और नीट के लिए कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ प्री मेडिकल और प्री इंजीनियरिंग की ऑनलाइन कोचिंग देंगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं के अध्ययनरत छात्रों को छत्तीसगढ़ सरकार जेईई, नीट के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग मे विद्यार्थियों को शासकीय विद्यालयों में 12वीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थी ही इसके लिए पात्र माने जाएंगे। अधिक संख्या में आवेदन आने पर मेरिट क्रम के हिसाब से छात्रों को मौका मिलेगा इसमें छात्रों को विषय विशेषज्ञों की ओर से गाइडेंस दी जाएगी। साथ ही छात्रों की पूरी तरह से तैयारी कराई जाएगी । कि वे जेईई और नीट की परीक्षा निकाल सकें और अच्छे कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

# तीन वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी को आजीवन कारावास



**भानुप्रतापपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। विशेष न्यायालय भानुप्रतापपुर के द्वारा पोक्सो मामले में युवक राजेश हिडको (25) निवासी डुवा चौकी क्षेत्र कच्चे को इस मामले सजा सुनाई गई है।

जानकारी के अनुसार इसी वर्ष 13 मार्च को 3 वर्षीय पीड़िता अपनी दादी के साथ परछी में सोई हुई थी इसी दौरान आरोपी पीडिता 3 वर्षीय बच्ची को उठाकर ले गया और गांव के बाहर डैम में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया इधर पीड़िता की दादी ने सुबह 4 बजे जब देखा तो पीड़िता को अपने आसपास नहीं पाया पूरे घर बाहर तलाश करने के बाद भी नहीं मिलने से उसने परिजनों को सूचना दी और परिजनों ने आसपास ढूंढा तत्काल पुलिस चौकी कच्चे थाना भानुप्रतापपुर में जाकर पीड़िता के अपहरण की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस 3 वर्षीय बच्ची के अपहरण की खबर पर तत्काल गांव पहुंची और पीड़िता की तलाश करने लगी तब तक पुलिस को पता चला कि गांव के पास एक युवक पीड़िता के साथ बैठा है तत्काल पुलिस एवं परिजन डैम के पास पहुंचे और आरोपी राजेश कुमार हिडको के साथ 3 वर्षीय पीड़िता को बरामद किया गया इस पर पुलिस चौकी कच्चे में अपराध दर्ज किया गया अपराध दर्ज कर होने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया 6 महीने चले के अंदर ही विशेष न्यायाधीश जीके नीलम द्वारा आरोपी राजेश कुमार हिडको दुष्कर्म का दोषी मानते हुए आईपीसी की धारा 450 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 अर्थ दंड,धारा 363 के तहत 7 वर्ष का कारावास एवं धारा 376 एबी के तहत आरोपी के शेष नैसर्गिक जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई गई है इसके अतिरिक्त ?10 हजार का अर्थ दंड भी लगाया गया है अर्थ दंड नहीं देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सीमा तिवारी ने की।

# भैंसा कन्हार डू में हुआ टीन शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन

**भानुप्रतापपुर,** 26 सितंबर। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव द्वारा ग्राम भैंसाकन्हार डू में उयके समाज के देवधाम झामा दाई में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान सरपंच हिंसाराम भुआर्य जनपद सदस्य अंजली ठाकुर मुंगवाल सरपंच महेश ऊयके हेटारकसा उपसरपंच सुनेहेर गजेंद्र ग्राम पटेल महेतरू राम उपस्थित रहे।



# प्रत्याशी के पक्ष में प्रकाशित समाचार का खर्च जुड़ेगा



- पैड न्यूज पर निगरानी रखने अफसर-कर्मियों को ट्रेनिंग
- सोशल मीडिया पर भी नजर रखेगी टीम

**दंतेवाड़ा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान होने वाली एमसीएमसी के सदस्यों और विभिन्न मीडिया ईकाई की टीम को आज कलेक्ट्रेट के सभागार में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इसके साथ ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिये जाने वाले पैड न्यूज पर सतत् और कड़ी निगरानी रखी जायेगी। इस हेतु मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित किया गया है। इसके साथ ही प्रिन्ट मीडिया ईकाई, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ईकाई, सोशल मीडिया ईकाई, केबल नेटवर्क ईकाई आदि पृथक-पृथक मीडिया मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है, जो उक्त सभी मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित समाचारों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेगी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा किसी अभ्यर्थी के पक्ष में प्रकाशित और प्रसारित समाचार पैड न्यूज पाये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जायेगा तथा पैड न्यूज प्रमाणित होने पर सम्बन्धित पैड न्यूज के व्यय का आंकलन कर अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करने के लिये मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों तथा विभिन्न मीडिया सेल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर कलेक्टर विनीत नंदनवार जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अखबारी कागज में खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई



- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कड़ी चेतावनी
- पेपर की स्याही में होते हैं खतरनाक रसायन

**दंतेवाड़ा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार समाचार पत्र दैनिक जीवन में सूचना के महत्वपूर्ण स्त्रोत है। न्यूनतम लागत होने के कारण इसका अक्सर खाद्य सामग्री लाने ले जाने में उपयोग किया जाता है। फूड पार्सल लाने के लिए आमतौर पर फूड्स को अखबार में लपेटा जाता है, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर स्ट्रीट फूड के लिए किया जाता है। विक्रेता भोजन पैक करने के लिए और घर पर भी गहरे तले हुए भोजन से अतिरिक्त तेल निकालने के लिये अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज, पेपर का उपयोग करते है। पर्यावरणीय परिस्थितियों से भोजन को संदूषण से बचाने के लिए खाद्य पैकेजिंग आवश्यक है, लेकिन अखबार के उपयोग किए जाने से भोजन में स्याही का स्थानांतरण होता है, जो भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्रभावित करता है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अखबार, पेपर को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में डाई आइसोब्यूटाइल फटालेड, डाइएन आईसोब्यूटाइलेट जैसे हानिकारक रसायन एवं कई तरह के हानिकारक रंजक होते हैं, जो तेल के साथ मिल जाते है और खाने के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारे शरीर में पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, विभिन्न कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता तथा प्रतिरक्षा तंत्र के कमजोर होने जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है। अतएव इस संबंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ द्वारा सामान्य जन एवं खाद्य कारोबार विक्रेताओं से अपील किया गया है कि खाने के स्टॉल से खाने-पीने की चीजें लेने-देने के लिए अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज, पेपर का उपयोग न करें।

# ब्लाक स्तरीय शिविर में बनाए जाएंगे लायसेंस

- विकासखंडवार तारीख घोषित
- 6 अक्टूबर से गीदम से शुरूआत

**दंतेवाड़ा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से जिला परिवहन विभाग की सहायता से जिले के समस्त विकास खंडों में 6 अक्टूबर जनपद पंचायत गीदम, 13 अक्टूबर जनपद पंचायत कटेकल्याण, 20 अक्टूबर जनपद पंचायत कुआकोण्डा तथा 27 अक्टूबर जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा में अस्थायी लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन प्रात: 10 बजे से 5.30 बजे तक किया जाएगा।

शिविर में अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) परिवहन सुविधा द्वारा बनाया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस, टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, निर्धारित हैं। इस संबंध में अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड या बिजली बिल, या वोटर आईडी या पैन कार्ड, पासपोर्ट और शासन द्वारा जारी आईडी, आवश्यक किया गया है। साथ ही 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति भी लर्निंग लाइसेंस हेतु अनिवार्य रहेगी।

## तहसील साहू संघ की बैठक आज

**बालोद।** बालोद तहसील साहू संघ की पदाधिकारी व समस्त पदाधिकारी की बैठक आज 27 सितंबर को दोपहर 1 बजे तीज मिलान समारोह की आयोजन की विधि व तैयारी हेतु आवश्यक बैठक साहू सदन मरार पारा में रखी गई है। उक्त बैठक में बालोद तहसील के समस्त पदादिकारियो के उपस्थिति की अपील बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने की है।



# देवकर सब स्टेशन में बड़ा हादसा

## 33/11केवी लाइन के चपेट में आने से एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**देवकर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के 33/11 केवी सब स्टेशन देवकर में सोमवार को दोपहर करीब 1बजे बड़ा हादसा हुआ जिसमें सब स्टेशन के अंदर कार्य कर रहे एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसको इलाज के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा रिफर किया गया।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब सब स्टेशन के अंदर अतरिक्त पावर ट्रांसफार्मर को लगाने के लिए लोहे के पोल को खड़ा किया जा रहा था इसी बीच अचानक खड़ा हुआ लोहे का पोल गिरने लगा जिसको देख कार्य कर रहे हैं मजदूरों ने संभालने का प्रयास किया पर अनियंत्रित पोल सीधे 33/11केवी के सर्किट ब्रेकर पर जा गिरा सर्किट ब्रेकर पर 11केवी का लाइट चालू था जिससे लोहे के पोल पर करंट दौड़ गया और मौक पर कार्य कर रहे दो मजदूर को अपने चपेट में ले लिया जिससे मजदूर छन्नू मंडावी पिता बुधराम मंडावी उम्र 29 वर्ष निवासी तिरयाभाठ थाना परपोड़ी की मौत हो गई तो वंही किशन ध्रुवे पिता हेमूराम उम्र 29 वर्ष निवासी तिरयाभाठ थाना परपोड़ी गंभीर रूप से घायल है। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बेमेतरा रिफर किया गया और मृतक को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा गया जहां पोस्टमार्टम उपरांत मृतक के परिजनों को शव सौंपा गया।

**नरेन्द्र स्वामी एसोसिएट कम्पनी को मिला काम**

सब स्टेशन पर अतरिक्त पावर ट्रांसफार्मर में पोल खड़ा करने के साथ ही सारा वर्क का ठेका नरेन्द्र स्वामी एसोसिएट कम्पनी दुर्ग को मिला है। उक्त कंपनी ने अपने 9 मजदूरों को भेज सब स्टेशन के अंदर कार्य करवाया जा रहा था। इस संबंध में जब पत्रिका संवाददाता जितेन्द्र राजपूत ने संबंधित कम्पनी के प्रोपराइटर चंद्रशेखर अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त घटना के वक्त सुपरवाइजर मौजूद था और पोल खड़ा करने का कार्य किया जा रहा था इसी बीच पोल खड़ा कर मजदूर खड़े ही थे कि




गड्ढे पर पानी भरे होने के चलते लोहे का पोल अनबैलेंस हो गया और यह घटना घटी है सभी मजदूरों का बीमा है उनका बीमा कंपनी के द्वारा बीमा क्लेम मिलेगा।

**भीम रेजीमेंट ने किया बिजली ऑफिस का घेराव**

घटना की जानकारी होने के तुरंत बाद बेमेतरा जिले के भीम रेजीमेंट ने मृतक एवं घायल को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सब स्टेशन देवकर का जय भीम के नारों के साथ मुआवजा देने की बात करते हुए घेराव किया। ठेकेदार सहित सब स्टेशन के असिस्टेंट इंजीनियर से चर्चा कर प्रशासन से मृतक पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा और नौकरी देने मांग की घायल को उचित उपचार सहित आर्धिक सहायता देने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

मृतक की मृत्यु सब स्टेशन के अंदर कार्य के दौरान होने के चलते आरबीसी 6/4 के तहत मुआवजा देने का प्रावधान नही है। भीम रेजीमेंट ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा है जिसे मैं कलेक्टर महोदय को प्रेषित करूंगा।

– **विनोद बंजारे** तहसीलदार, देवकर

पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है साथ ही भीम रेजीमेंट के घेराव के आह्वान के साथ ही पुलिस पूरी मुस्तादी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़ी रही है।

– **यशवंत जंघेल** चौकी प्रभारी, देवकर

उक्त घटना के वक्त जूनियर इंजीनियर फील्ड में थे और मैं बेमेतरा गया हुआ था फोन पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद तुरंत सब स्टेशन पहुंच मौके को देखा जिसमें घटना से संबंधित पोल खड़ा करने को लेकर किए गए गड्ढे में पानी भरने के चलते पोल अनियंत्रित होने की बात सामने आई। इस संबंध में पुलिस चौकी देवकर को सूचित कर एक एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी और पुलिसया जांच भी करवाया जाएगा रही बात मृतक मजदूर को मुआवजे की तो बिजली विभाग चार लाख रुपए का मुआवजा देती है घटना की रिपोर्ट तैयार कर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

– **वरदान खलखो** अस्सिटेंट इंजीनियर, देवकर

## श्रीमद् भागवत महापुराण में भक्तों की भीड़



**गुरुर,** 26 सितंबर। ग्राम कोलिहामार में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित है। भगवताचार्य पंडित परमेश्वर तिवारी ने अपने प्रवचन में बताया कि दुनिया का उल्टा यानिदु, दुनिया मे हमे सुख-दुख, जय-पराजय, रात-दिन, यश-अपयश, जन्म-मृत्य सब मिलना ही है, परन्तु परमपिता परमेश्वर इन सबसे परे है। भगवान श्रीकृष्ण हमें कर्मयोग की शिक्षा देते हैं, कर्तव्यों को निभाते हुए परमार्थ करना और परमात्मा को पाने का प्रयास करना ही सच मे तपस्या है। हमें अपने जीवन मे दया और दान के महत्व को समझ कर मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाना है। उल्लेखनीय है कि नगर के पत्रकार स्व.सालिक राम शर्मा एवं उनके बड़े भ्राता स्व. माधव प्रसाद शर्मा के वार्षिक श्राद्ध पर शर्मा परिवार एवं ग्रामवासियों के द्वारा 9 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे अंचल के श्रद्धालु भागवत प्रवचन का श्रवण कर रहे हैं। ग्राम में पहली बार ऐसा आयोजन होने से उत्साह का माहौल है।आयोजन स्थल से जानकारी के मुताबिक 27 को सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बलि प्रसंग, 28 को श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, 29 को कंस वध, श्री रुक्मणी मंगल कथा वर्णन एवं 30 को परीक्षित मोक्ष पश्चात भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण के बाद 1 अक्टूबर को पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, शहस्त्रधारा स्नान किया जाएगा।

**आज भगवताचार्य पंडित निरंजन महाराज का होगा आगमन**

आयोजक संजय गिरजा शर्मा, जितेंद्र दीप्ति शर्मा ने बताया कि भगवताचार्य पंडित परमेश्वर तिवारी, पंडित निरंजन महाराज के छोटे भाई हैं। 27 सितंबर को छत्तीसगढ़ के पवन दीवान सम्मान से सम्मानित प्रख्यात भगवताचार्य पंडित निरंजन महाराज का आगमन भागवत स्थल कोलिहामार में होगा।

## आवासीय विद्युत बिल में विद्युत मंडल बालोद द्वारा उपभोक्ताओं को लुटा जा रहा : संतोष कौशिक

**बालोद,** 26 सितंबर। नगर से लगे वार्ड 20 भाटापारा वासियों को विगत 3 वर्ष पूर्व से अस्थाई आवासीय विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है एक विद्युत खंभे में ही 30 मीटर लगाई गई है जब से विद्युत मीटर खंभे में लगाई गई है तब से प्रतिमाह ?10 प्रति यूनिट के दर से बिजली बिल आ रहा है इसके अलावा मांग प्रभार ?30 विद्युत शुल्क 343 रुपए उर्जा विकास उपकार ?40 बीसीए चार्ज 388 रुपए कुल मिलाकर 3500 से ?5000 तक बिजली बिल उपभोक्ताओं को प्रति माह पटाना पड़ रहा है जिसके कारण रोज खाने कमाने वाले मजदूरों को अत्यंत ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है विदित हो कि बालोद नगर अंतर्गत वार्ड 20 भाटापारा के सभी वासी गरीब मजदूर वर्ग से आते हैं दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करतें हैं ऐसी स्थिति में प्रतिमाह तीन से पांच हजार रुपए बिजली का भुगतान करने में भारी असुविधा होती है वार्ड 20 भाटापारा में लगभग 100परिवार निवास करते हैं रेल्वे जमीन से बेदखल किये गये तीस परिवार को भी इसी भाटापारा में शिफ्ट किया गया है ये लोग भी अपना मकान बनाकर यही रहनें लग गये है भुपेश बघेल की सरकार में आधा बिजली बिल माफ करने की बात करते हैं लेकिन यहा तो गरीब उपभोक्ताओं को उर्जा उपकर के नाम से लुटा जा रहा है एक विद्युत खंभे में चालीस मीटर लगाई गई है विद्युत खंभा विस्तार करने की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है पुरे बस्ती में 500से800मीटर विद्युत तार बांस बल्ली के सहारे लटका कर कनेक्शन दिया गया है बरसात और हवा तुफान आने पर तार टुट कर जमीन पर गिर जाता है फिर भी विद्युत विभाग ध्यान नहीं देते हैं जान माल हानि होने की आशंका बनी रहती है 65 आवेदन स्थाई कनेक्शन हेतु जमा किया गया है लेकिन अधिकारियों की तानाशाही रवैया के कारण खम्भा विस्तार का कार्य एवम् स्थाई कनेक्शन का कार्य नही हुआ है स्थानीय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवम् उसके पति भैय्या राम सिन्हा नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं सिर्फ आश्वासन हि दे रहे हैं। प्रति माह हजारों रुपए की बील साथ में विद्युत शुल्क के नाम पर लुटने की कवायद बन्द होनी चाहिए। वार्ड वासियों ने अब धरना प्रदर्शन की राह अख्तियार करने मंशा बना रहे हैं।

## भाजपा के प्रयास से आमरण-अनशन कर रहे 12 श्रमिकों को मिली जीत

**दल्लीराजहरा,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। अपने हक व अधिकार के लिए पिछले 22दिनों से 12 मजदूरों द्वारा लगातार आमरण अनशन व क्रमिक भूख हड़ताल किया जा रहा था। जिसमें नगरपालिका के अड़ियल रैवये के कारण इनकी मांगो पर कोई सार्थक पहल नही हो पा रहा था। मामले की गम्भीरता को देखते हुवे भाजपा ने मजदूरों को खुला समर्थन देकर फ्रंट लाइन में आकर मजदूरों की लड़ाई लड़ी व उस लड़ाई को अंतिम परिणाम पर भी पहुँचाया पिछले 22 दिनों में प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियो से तीन बैठकों में कोई निर्णय नही निकलने के बाद भाजपा ने उग्र रूप अपनाते हुवे 26/09/2023 को चक्का जाम का करने का निर्णय लेते हुए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया। जिसके बाद सुबह 11 बजे अनशन स्थल पर प्रशासन द्वारा पुन: चौथा बैठक आयोजित कर आंदोलनकारी श्रमिकों व भाजपा के नेताओं से चक्का जाम नही करने की बात कही गयी। परंतु भाजपा नेताओं ने श्रमिको को नगरपालिका में काम पर रखने के लिखित आश्वासन के बिना आंदोलन स्थगित करने से मना कर दिया गया। व सभी आंदोलनकारी व भाजपा नेताओं ने सुभाष चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुँच कर भाजपा ने चक्का जाम कर दिया जिसके बाद मजदूरों के हितों की बात को ध्यान में रखते हुवे जनमुक्ति मोर्चा के सदस्यों द्वारा भी चक्का जाम में सर्मथन हेतु दल बल के साथ पहुँचने लगे। सैकड़ो की संख्या में लोगो के पहुँचने से व चक्का जाम के बाद के स्थिति को भांपते हुवे तत्काल पुलिस प्रशासन की ओर से सीएसपी राजेश बागडे थाना प्रभारी मुकेश सिंह डौंडी थाना प्रभारी सुनिल तिर्की तहसीलदार हरकत में आये व उनके द्वारा पुन:एस डी एम कार्यलय में पुन: आपात बैठक आयोजित किया गया व चक्काजाम कुछ देर टालने व अंतिम बार बैठक में आने का निवेदन किया गया। जिसमें आंदोलनकारी श्रमिक ,भाजपा नेताओ व मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बुलाया गया। जिसे स्वीकार कर अंतिम बैठक में प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ लगभग 2 घण्टे की सार्थक चर्चा के बाद आंदोलनकारीयो के द्वारा किये गये मांगो को जायज करार देते हुवे इन 12 श्रमिको को लिखित में मुख्यनगर पालिका अधिकारी द्वारा पत्र दिया गया जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया कि शासन से स्वीकृति आते ही इन 11 आंदोलनकारी मजदूरों को तत्काल नगरपालिका के प्लेसमेंट ठेका श्रमिक के रूप में कार्य पर रखा जायेगा। अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस प्रशासन के पहल से ही इस मामले का निराकरण निकल पाया नही तो नगरपालिका में बैठे लोग तो इन मजदूरों को मृत्यु के मुहाने पर पहुँचा ही चुके थे। नगरपालिका में इन मजदूरों को प्रथमिकता से काम देने के पत्र मिलने पर सभी आंदोलनकारीयो ने खुशी जाहिर करते हुए सभी भाजपा नेताओ व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व विशेष रूप से पुलिस प्रशासन का आभार माना इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी महामंत्री महेंद्र सिंह सांसद प्रतिनिधि राजेश दसोड युवा भाजपा नेता श्याम जायसवाल सुजीत झा रमेश गुर्जर रामेश्वर साहू नेता प्रतिपक्ष बॉबी छतवाल, जिला मीडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल महेंद्र पिपरे, पार्षद राजेश कांबले सुरेश जायसवाल सुरेंद्र बेहरा,शंकर साहू मेवा पटेल भूपेंद्र श्रीवास सोनू ठगेल,जनार्दन सिंहरोल लीलावती साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम, उषा आस्टीकर सुचित्रा दास,भाजयुमो अध्यक्ष संजीव सिंह एम एस श्रीजीत सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता बंटी चोपड़े कासिम कुरैशी दमनदीप सिंह, मोहम्मद इमरान एम.अमन नदीम बडगूजर दुष्यंत पुरुषोत्तम ठाकुर जीवन साहू रोहित साहू राजकुमार गुप्ता प्रणव साहू उपस्थित रहे।



## बालोद सहकारी विपणन समिति की बैठक आज

**बालोद,** 26 सितंबर। बालोद सहकारी विपणन समिति की वार्षिक साधारण सभा आज बुधवार 27 सितंबर को दोपहर1 बजे संस्था प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसमे अनेक विषयों और बिंदुवार चर्चा किया जावेगा। प्रबंधक भूषण लाल पटेल ने बताया कि कोरम के अभाव में बैठक को आधे घंटे के लिए रोक जाएगा। स्थगित बैठक की कार्यवाही उसी दिन उसी आधेघन्टे के पश्चात प्रारंभ की जावेगी। श्री पटेल ने आगे बताय की वर्ष 2022 23 का प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा। इसी प्रकार वर्ष 2022 23 का आय व्यय का अवलोकन एवं अनुमोदन वर्ष 2023 24 का अनुमानित बजट का अनुमोदन अन्य विषय प्राधिकृत अधिकारी केअनुमाती से वित्तीय वर्ष 2022 23 के अकिंचक नियुक्ति संबंधी विषय शामिल हैं।

## विश्व में मोदी भारत के नेतृत्व क्षमता का मनवाया लोहा : राणा

**डौंडी/दल्लीराजहरा,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा पार्टी के रीति नीति और विचारों व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर आये दिन क्षेत्र के ग्रामिण भाजपा पार्टी से जुड़ कर सदस्यता ले रहे है। इसी के तहत डौंडीलोहारा विधानसभा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर की उपस्थिति में कुसुमटोला के उप सरपंच नोहर सिंह राणा के नेतृत्व में 30 ग्रामीणों ने भाजपा में प्रवेश कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये। साथ ही क्षेत्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। नव प्रवेशी सदस्यों का सभी ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में प्रवेश करने पर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले उप सरपंच नोहर सिंह राणा ने कहा की भाजपा ही देश और छग को कुशल, सक्षम और बेदाग नेतृत्व देकर आगे बढ़ा सकती है। उन्होने इसी कड़ी में आगे कहा की जो कार्य कांग्रेस के 50 सालों में नही हुआ वह कार्य प्रधानमंत्री मोदी चंद्र यान 3 जी 20 समिट की सफलता महिला आरक्षण बिल लोकसभा राज्य सभा में सफलता पूर्वक पास कर कर इन 9 सालों मे पुरे विश्व में भारत के नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है। पार्टी की सदस्यत ग्रहण करने वाले ग्रामीणों ने कहा की 2018 में झूठ की नीव पर बनी भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से हम सभी काफी परेशान है,गांव में जितने भी विकास कार्य हो रहे है यह केन्द्र की योजनाओं से हो रहा है पुरे ग्रामिण इलाकों में ठेकाप्रथा का बोलवाला है। सरपंच जनप्रतिनिधियों को मूकदर्शक बना के रख दिया गया है। प्रदेश शासन से सभी त्रस्त हो चुके है। ना ही हमारे पास उचित किस्म की खाद पहुंचती है और न ही गांव में उचित मूलभूत सुविधाएं है।छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ चुका है। सभी ग्रामीणों ने बदलबो बदलाबो नारे के साथ भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को एक स्वर में समर्थन दिया और विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाएंगे संकल्प भी लिया। इस दौरान डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा,मंडल महामंत्री अजय चौहान, पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश अग्रवाल,पवन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## करहीभदर का तात्या ग्रुप गणेश उत्सव समिति का पंडाल आकर्षण का केन्द्र

### 29 को जस भजन सम्राट दुकालू यादव देंगे प्रस्तुति

**बालोद।** बालोद जिले के ग्राम कहीभदर में ग्रुप समूह न्यू जनरेशन गणेश उत्सव समिती द्वारा गणपति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस समूह द्वारा बनाया गया पांडाल आसपास में चर्चा का विषय बनाया गया है महाप्रसादी का भी आयोजन तात्या ग्रुप द्वारा किया गया था तात्या ग्रुप के अध्यक्ष धनंजय साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश जी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 29 सितंबर को भव्य जस गीत का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक दुकालू यादव अपनी प्रस्तुति देंगे उन्होंने पूरे जिले भर से भक्तों को इस भजन संध्या में आने का आग्रह किया है।

### आज महिला आभार सम्मेलन

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो जाने पर कल 27 सितंबर को पुराने बस स्टैंड में भाजपा महिला मोर्चा एवं महिला पार्षदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति महिला आभार सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय होगी।



**बालोद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बालोद जिले में मंगलवार को वर्चुअल विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट...

से ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण, 49 लाख 45 हजार रूपए लागत के सी मार्ट, 3 करोड़ 22 लाख 18 हजार रूपए लागत से 30 सड़क/ नाली निर्माण कार्य, 3 करोड़ 29 लाख रूपए लागत के 2 नग उच्च स्तरीय जलागार और 6 लाख रूपए लागत के नवनिर्मित सभागृह शामिल है। भूमिपूजन कार्यों में नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत 5 करोड़ 56 लाख रूपए लागत से शहर के बाएं क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार, 5 करोड़ 96 लाख 42 हजार रूपए लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 16 नग नाला निर्माण कार्य, 3 करोड़ 26 लाख 70 हजार रूपए लागत से 3 मार्गों का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, 80 लाख रूपए लागत से वार्ड क्रं. 54 पोटियाकला में मांगलिक भवन निर्माण कार्य तथा 23 करोड़ 72 लाख रूपए लागत से जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव समूह जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन (शिलान्यास) शामिल है।

इस अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधायक अरुण वोरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, जिला सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद गण, गणमान्य नागरिक तथा कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष...

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुखएअध्यक्ष केश कला बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकार, चांद खान, विधायक प्रतिनिधी डा पिलेश्वर साहू , आयूब खान, विनोद गुप्ता, मोंटू तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर मंत्री श्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है।

### छठवें दिन भी ...

लेकर आज मुख्यमंत्री निवास भिलाई-3 का घेराव करने जा रहे थे। पाटन, धमधा, व अन्य ग्रामों से लोग वहां पहुंचने भी लगे थे। दुर्ग के कार्यकर्ता आधा रास्ता ही पहुंचे थे कि कलेक्टर कार्यालय से चर्चा करने के लिये सूचना मिलने पर वे वापस आ गये। चर्चा शुरू की मगर मामला मुआवजा राशि पर आकर अटक गया है।

आज भी पूरे दिन मृतक के माता-पिता, पत्नी व अन्य परिजन तथा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरना स्थल पटेल चौक में बैठे रहे ।

### किरीट भाई ने मरणोपरांत किया...

नेत्रदान की पहल नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्यों ने की। श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज की डॉ. पुष्पेन्द्र लहरे, नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्टक किया। फाउण्डेशन के राज आढ़तिया, यतीन्द्र चावड़ा, राजेश पारख, हरमन ढुलाई, जितेन्द्र कारिया, प्रकाश आढ़तिया आदि उपस्थित थे।

### राज्य के अन्य सामग्रियों को भी ...

साथ ही पोर्ट इकोस्पोर्ट, कस्टम ड्यूटी, बैंकिंग कार्य, डाकघर निर्यात, कन्टेनर के माध्यम से निर्यात, ई.कॉमर्स कस्टम ड्यूटी, बिल एंट्री, सिपिंग बिल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आदि जानकारी दी गई है। विशेषज्ञों के द्वारा ई.कॉमर्स निर्यात घर बैठे ऑनलाईन की जानकारी, बैंकिंग सुविधा आदि डीजीएफ्टी के टीम के द्वारा बताया गया।

कहा गया कि राज्य में चांवल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप से आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए।

इस अवसर पर डीजीएफ्टी डॉ. व्ही. श्रमन, बैंक ऑफमहाराष्ट्र के जोनल मैंनेजर अभिलांष दास, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी सौरभ वर्मा एवं संग्राम केसरी बिसोई, भारतीय डाक विभाग सीमा श्रीवास्तव, जिला उद्योग विभाग के अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, सोनाली मोरई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ओम नगर में नाली निर्माण ...

रहता है। यह पानी आसपास के घरों में भी घुस जाता है जिससे आये दिनों आसपास के पड़ोसियों के बीच लड़ाई झगड़े व अनबन होते रहती है। सड़क में गंदगी भी बढ़ती है। श्री नवरंग ने मांग की है कि इस समस्या का एकमात्र हल नाली निर्माण है।

ज्ञापन सौंपने वालों में उमा शंकर ज्योति, प्रदीप वनवासे, उर्वशी वर्मा, डिलेश्वरी देवांगन, सुनील विशेशर, सुनीता पाणी, गायत्री पटले, राजेन्द्र सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### पद्मनाभपुर में क्रियायोग शिविर...

द्वारा प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। संध्या 6 बजे से गुरु पूजा उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। 1 अक्टूबर को प्रात: 7.30 बजे क्रियायोग की दीक्षा दी जाएगी। शिविर के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को संध्या 4 बजे से 6 बजे तक सत्संग व संध्या 6 बजे से ध्यान उपरांत शिविर का समापन होगा।

क्रियायोग आश्रम पदमनाभपुर के अध्यक्ष टीके कुंभज, सचिव युवराज देशमुख के अलावा अन्य सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

### पीएससी घोटाले के ...

रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। आंदोलन में जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, दिलीप साहू, मनोज सोनी, मदन बढ़ई, डॉ. सुनील साहू, नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, शिवेन्द्र परिहार, जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजा खड़गराज सिंह का स्वागत ग्रामीण कर रहे

**सहसपुर लोहारा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़गराज सिंह अपने चुनावी दौरे में लगातार ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा कर लोगो से मिलकर समर्थन मांग रहे है। ग्रामीण राजपरिवार के सदस्य को अपने बीच पाकर राजा का भव्य स्वागत करते हुए राजा खड़ग राजा सिंह को नारियल, फूल, पैसा भेटकर उन पर अपना समर्थन जता रहे है। अपने सम्पर्क अभियान में राजा खड़ग राज सिंह सोनबरसा पहुँचे वहां वे संतोष मेरावी के निवास पहुंचकर छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर मेरावी परिवार से उनका हाल चाल जाना इसके बाद गांव में स्थित आदिवासी समाज के पुराने देव स्थल पहुंचकर समाज के लोगो से चर्चा कर चुनाव में सहयोग की अपील की ग्राम सोनबरसा में महिला, पुरुष और युवाओं ने अपने बीच राजपरिवार के सदस्य को पाकर उनका स्वागत नारियल, फूल और पैसा देकर किया यहां के दर्जनों ग्रामीणों ने राजा खड़ग राज सिंह के समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर तन, मन, धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पिपरिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रावण श्रीवास,राजेन्द्र धुर्वे,शशि धुर्वे, विनय धुर्वे,केदार कश्यप,देवलाल कश्यप, विवेक कश्यप,गोपाल कश्यप,कुशल कश्यप,धनेश्वर कश्यप,श्यामलाल धुर्वे के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके पश्चात राजा खड़ग राज सिंह बटुआ कछार पहुंचकर सतनामी समाज के भवन में ग्राम मोहल्ला सभा को सम्बोधित कर लोगो से अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहाँ की आप का परिवार और हमारा परिवार का संबंध कई पीढ़ियों से इस लिए मै अपने परिवार के पास उनका हाल चाल जानने आया हूँ। और मै आप जैसे इस विधानसभा क्षेत्र के मेरे हजारों परिवारजन की सेवा और उन्नति के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। इस अवसर पर यहां दर्जनों महिला,पुरुषो और युवाओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद राजा खड़ग राज सिंह सहसपुर लोहारा के सुदूर वनाँचल के गांव सरई पतेरा पहुँचे जहाँ झूला के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर यहां सैकड़ो की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्या को सुनी। राजा की उपस्थिति से ग्रामीण बहुत उत्साहित नजर आये उनसे मिलने और उनके साथ फोटो खींचने की होड़ मच गई और ग्रामीणों ने यहां भी आम आदमी पार्टी प्रत्याशी राजा खड़ग राज सिंह के समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अंजू साहू ब्लाक प्रमुख,धन्ना साहू,लखन साहू छंन्नू साहू,बिसे लाल साहू जितराम साहू,समलू मरकाम,गणेश मरकाम, गोविन्द साहू के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ज्ञात हो की जब से राजा खड़ग राज सिंह चुनाव मैदान में उतरे तब से वो लगातार ग्रामीणों से उनके गांव पहुंचकर मिल रहे है जिससे ग्रामीण लगातार उनके समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।



## राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा


देवेन्द्र नगर गणेशोत्सव समिति


रंगीला गणेशोत्सव समिति, लाखेनगर


बालमित्र गणेशोत्सव समिति, वीरभद्र नगर


श्री शिवशक्ति गणेशोत्सव समिति, मठपुरैना

# रायपुर में 30 को निकलेगी झांकियां

## हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर





**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। रजधानी रायपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश विसर्जन झांकी बड़े धूमधाम से निकाला जाएगा। इस वर्ष झांकियों के लिए पुलिस प्रशासनद्वारा विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी है। झांकियों के दौरान सुगम एवं सुरक्षित यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा भी तैयारियां की जा रही है। बता दे की राजधानी पुलिस ने गणेश विसर्जन और झांकी को लेकर गाइडलाइन तैयार की है। किसी भी हाल में बड़े गणेशोत्सव समितियों को एक अक्टूबर तक प्रतिमा विसर्जन करने के लिए कहा गया है। ऐसे में 30 सितंबर को राजधानी में गणेश झांकी निकलने की चर्चा तेज है। आगामी महीने में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोगों की मूर्ति विसर्जन के लिए निकाली जाने वाली झांकियों में सहभागिता देखने को मिलेगी।

### भीड़ की ड्रोन होगी निगरानी

पुलिस अफसर के अनुसार जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, कोतवाली चौक, लाखेनगर चौक जहां झांकियां थोक के भाव में पहुंचते हैं वहां भीड़ का दबाव ज्यादा रहता है। ऐसी स्थिति में बदमाश आपराधिक घटना करने की फिराक में रहते हैं। उन स्थानों में एएसपी सिटी ने ड्रोन से निगरानी करने के अलावा अन्य संवेदनशील स्थानों पर बदमाशों की ड्रोन से निगरानी करने व्यवस्था करने की बात कही है।

### गलियों के अंदर बाइक पेट्रोलिंग रहेगी नजर

गणेश विसर्जन के दौरान निकलने वाली झांकियों की वजह से सड़कों में पैदल चलना मुश्किल होता है, ऐसी स्थिति में पुलिस को पेट्रोलिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीम जिन रास्तों से होकर झांकी निकलेंगी। उन रास्तों को जोड़ने वाली गलियों में पुलिस बाइक से पेट्रोलिंग करेगी।

### सिविल ड्रेस में तैनात रहेंगे जवान

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की विशेष टीम निगरानी करेगी। सभी सिविल में तैनात रहेंगे। संदेहियों को तत्काल पकड़कर कार्रवाई की जाएगी। झांकी के साथ चलेंगे।

### हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई

गणेश विसर्जन में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने बदमाशों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। पुलिस की प्राथमिकता तीन साल से लगातार जो अपराध में सक्रिय रहे हैं, उनकी धरपकड़ की जा रही है। इसके साथ ही गणेश विसर्जन करने के दौरान हुड़दंग फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा, राजस्थान और प.बंगाल के ठगों के 300 सिम पुलिस ने कराए बंद, 200 प्रक्रियाधीन

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए रायपुर पुलिस ने आठ महीने के भीतर हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के ठगों के 300 सिम बंद करा चुकी है। इनमें पश्चिम बंगाल के 120, राजस्थान के 95 और हरियाणा के मेवात के 85 सिम शामिल हैं। इनके अलावा लगभग 200 सिम को बंद कराने की प्रक्रिया जारी है। इतना ही नहीं, पुलिस ने ठगों के बैंक खातों को ब्लाक करने और उनमें लेन.देन रोकने के लिए संबंधित बैंकों को ई.मेल भी कर दिया है। पुलिस के अनुसार ज्यादातर ठग अपने राज्य के सिम का उपयोग नहीं करते ताकि वे जल्दी पकड़ में न आएं। वे एक साथ कई सिम का उपयोग करते हैं और झांसे में आने वाले लोगों से अलग.अलग नंबरों से बात करते हैं। पुलिस के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ठगी की घटनाएं रोकने के लिए पिछले साल ठगों के सिम और खाते ब्लाक करने के निर्देश दिए हैं। उसी के बाद पिछले साल ठगों के 300 नंबर को ब्लाक करने भेजा गया। इस साल आठ माह में 500 से ज्यादा फोन नंबर भेजा गया है। इसकी प्रक्रिया चल रही हैं। हालांकि अब तक इतने सिम ब्लाक कराए जाने के बाद भी ठगी की घटनाएं रूक नहीं रही हैं। ठग रोज नए.नए मोबाइल नंबरों से फोन कर ठगी कर रहे हैं।

**अलग.अलग व्यक्तियों के खाते के नंबर और मोबाइल :** पुलिस ने अब तक अलग.अलग जगह से ठगों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके पास अलग.अलग व्यक्ति के बैंक खातेए मोबाइल नंबर मिले हैं। ठग किराए पर नंबर लेते हैं इसके बाद आसानी से खातों में पैसे ट्रांसफर कर देते हैं।

## धारदार चाकू के साथ 2 युवक हिरासत में

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत दुर्गा नगर बड़े झाड़ के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी आकाश थापा पिता धन बहादुर थापा उम्र 30 वर्ष निवासी शहीद राजीव पांडे नगर थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 1 नग धारदार चाकू जप्त किया गया। इधर एक अन्य मामले में थाना डी.डी.नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना डी.डी. नगर क्षेत्रांतर्गत महादेव घाट रोड स्थित प्रकाश होटल के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी निकलेश यादव पिता गोविंद यादव उम्र 24 साल निवासी यादवपारा गौरा-गौरी चौक के पास थाना डी.डी.नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 1 धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# पत्रकारों को आवास ऋण पर अनुदान के लिए मुख्यमंत्री का आभार: दामु आम्बेडारे

**रायपुर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामु आम्बेडारे ने पत्रकारों के हित में आवास ऋण पर अनुदान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने जनता और सरकार के बीच के सेतु को मजबूत बनाने हमेशा उदारता दिखाई है। रायपुर प्रेस क्लब ने जब भी मुख्यमंत्री से पत्रकारों के हित में कोई मांग की है, उन्होंने अविलम्ब कदम उठाए हैं। कैबिनेट का यह फैसला मुख्यमंत्री के इन्हीं प्रयासों की ताजा कड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर अमल करते हुए ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना राजपत्र में प्रकाशित की गई है। इसके लिए रायपुर प्रेस क्लब मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभारी है।



**राजधानी में पत्रकार आवास के लिए भूखंड दे सरकार**

रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामु आम्बेडारे ने कहा कि पत्रकार आवास समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे मकान बनाने के लिए लिए गए ऋण का भारी ब्याज हर माह चुका सकें। ऐसे में पत्रकारों को आवास ऋण पर अनुदान का यह फैसला पत्रकार बिरादरी के लिए बड़ी राहत का संदेश लाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राजधानी में पत्रकार आवास के लिए जमीन आवंटन हेतु रायपुर प्रेस क्लब का आग्रह स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहा है। जिस सद उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने आवास ऋण पर अनुदान दिया है, उसकी पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि पत्रकारों को सस्ती दर पर भूखंड उपलब्ध कराएं तथा राज्य के अन्य शहरों की तरह उन भूखंडों को विकसित करने राशि प्रदान करें।

# पिछले आठ महीनों में डेढ़ हजार से अधिक सड़क हादसे

## गई 360 लोगों की जान, एक हजार से अधिक हुए घायल

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिले की सड़कें वाहन चालकों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रही हैं। यह हम नहीं यातायात पुलिस के आकंड़े बयां कर रहे हैं। शहर में जहां सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालक घायल हो रहे हैं वहीं आउटर में मौतें ज्यादा हो रही हैं। पिछले आठ महीनों में रायपुर जिले में 1,553 सड़क हादसे हुए हैं। इसमें 360 की मौत और 1,009 लोग घायल हुए हैं। जिले में रोजाना औसतन छह सड़क हादसों में चार घायल और एक से दो लोगों की मौत हो रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में सड़क हादसों का आंकड़ा 50 प्रतिशत से भी कम है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने और तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण सड़क हादसों का ग्राफ्लगातार बढ़ रहा है। यातायात पुलिस शहर की सड़कों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों की धरपकड़ कर उन पर चालानी कार्रवाई तो कर रही है लेकिन आउटर में सख्ती नहीं बरतने के कारण ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग बेपरवाह होकर तेज रफ्तार में वाहन चला रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सड़क हादसे में होने वाली ज्यादातर मौतें दोपहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के कारणए सिर में चोट लगने से हो रही हैं। आवागमन के लिए बनाए गए हाईवे, सर्विस रोड पर भारी वाहन खड़े करने के कारण सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं। इसके लिए शहर के अंदरूनी इलाकों से लेकर आउटर में सड़कों पर यातायात जाम करने वाले वाहन चालकों के खिलाफसख्ती से कार्रवाई से ही हादसों में कमी आ सकती है।

**9.50 करोड़ से ज्यादा का वसूला जुर्माना:** प्रदेशभर में पिछले आठ महीनों के भीतर 2.55 लाख 232 वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए 9.58 करोड़ 80 हजार 90 रुपये का जुर्माना वसूला है। इसमें सबसे ज्यादा रायपुर जिले के 26 प्रतिशत से ज्यादा वाहन चालक शामिल हैं।

### सर्विस रोड पर दुकानदारी

रायपुर शहर के दो प्रमुख रिंग रोड पर वाहन चालकों की सुविधा के लिए सर्विस रोड बनाई गई है, लेकिन रायपुरा, भाठागांव, पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा चौक से लेकर भनपुरी, हीरापुर चौक पर ठेले.खोमचे से लेकर सर्विसिंग सेंटर, फल.सब्जी से लेकर होटल और पान की दुकानें खुल जाने से यातायात बेतरतीब हो गया है।

### नियमित कार्रवाई से रुकेगा हादसा

यातायात पुलिस के अनुसार शहर के अंदरूनी इलाकों में रोजाना चार और आउटर में दो सड़क हादसे हो रहे हैं। इसकी मुख्य वजह शहर में आए दिन यातायात का जाम होना और आउटर इलाके में तेज रफ्तार से वाहन चलाना है।

इसे रोकने के लिए जांच का दायरा बढ़ाने के साथ ही रिंग रोड और सर्विस रोड पर अवैध तरीके से खड़े भारी माल वाहक वाहनों पर नियमित रूप से सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत है।

### लोगों को कर रहे जागरूक

सड़क हादसे में होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे हैंए ताकि हादसे में कमी लाया जा सके।

**- गुरजीत सिंह**
**डीएसपी यातायात**

# अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में थाना डी.डी.नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना डी.डी.नगर क्षेत्रातंर्गत चंगोराभाठा



स्थित महादेवा तालाब के पास एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी डी.डी.नगर के नेतृत्व में थाना डीण्डीण्नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नारायण यादव उर्फ टीपू निवसी गोबरानवापारा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में नारायण यादव उर्फटीपू से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी नारायण यादव उर्फटीपू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 80 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 15,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी नगर में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट करने के नाम पर हो रही ठगी

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आजकल साइबर आपराधियों द्वारा पेंशन धारकों को जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल किया जा रहा है उनके पास पेंशन धारकों का पूरा डेटा जैसे नियुक्ति का डेट सेवानिवृत्ति का डेट, पीपीओ नंबर पेंशनभोगी भुगतान आदेश संख्या आधार कार्ड संख्या स्थायी पता, ईमेल आईडी, सेवानिवृत्ति पर प्राप्त राशि, मासिक पेंशन, नॉमिनी आदि की जानकारी होती है। वे उन्हें इस पूरे डेटा के साथ कॉल करते हैं ताकि पेंशन धारक को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वे पेंशन निदेशालय से है। वे पेंशन धारकों का पूरा डेटा बताते हुये उनका जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने ओटीपी साझा करने के लिए कहते हैं। एक बार जब पेंशन धारक फोन पर आये हुये ओटीपी को साझा कर देते हैं तोए जालसाजों को पेंशन धारक के बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है। तत्पश्चात वे पेंशन धारक के खाते में जमा समस्त राशि को तुरन्त दुसरे फर्जी बैंक खातों या व्वॉलेट में स्थानांतरित कर देते हैं। इसलिए जागरूक रहे, पेंशन निदेशालय कभी भी किसी पेंशन धारक को उनका जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए कॉल नहीं करता है और न ही ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करता है। यह पेंशन धारकों का कर्तव्य है कि वे अपने जीवन प्रमाण पत्र को व्यक्तिगत रूप से पेंशन निदेशालय में जाकर अपडेट करायें। इस तरह आने वाली फर्जी कॉल से बचे व साइबर क्राइम सेल को सूचित करें।

# शहर के आधा दर्जन थानों में मारपीट के प्रकरण दर्ज

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के आधा दर्जन थानों में मारपीट के प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पक्ष के खिलाफ 294, 506,323, 327 34 का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। ऐसा ही प्रकरण तेलीबांधा थाना में दर्ज हुआ है। जहां राजीवनगर जीवन विहार विहार कालोनी निवासी महेश सोनी के साथ बदमाशों ने जबरन मारपीट कर किसी धारदार चीज से महेश पर वार कर घायल कर दिया। महेश सोनी ने पुलिस को बताया कि राजीव नगर खम्हारडीह में रहता है जो शाम को जीवन विहार गया हुआ था। और रास्ते में खड़ा हुआ था। तभी वहां पर भुरुए शेखर और उसके 3 साथी वहा आ गए और रास्ता रोककर खड़े हो गए। और शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे। जिसे मना करने पर लड़के गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर लड़कों ने जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे किसी धारदार चीज से चहरे और हाथ पर वार कर घायल कर वहां से भाग निकले। पुलिस ने शिकायत पर बदमाश के खिलाफअपराध दर्ज कर कार्रवाई की। कबीर नगर वाल्मिकि नगर में राह चलते से मारपीट हो गई। चौक चौराहों पर अड्डेबाजी करने वाले लड़कों ने घर के पास टहल रहे शख्स से जबरन गाली गलौज कर मारपीट की। जिसका विरोध करने पर मोहल्ले के बदमाश कारण ठाकूर और उसके तीन दोस्तों ने विराट सिंह की जमकर पिटाई कर दी। इसकी रिपोर्ट विराट ने कबीर नगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी लड़कों के खिलाफधारा 294,506,323 34 का अपराध दर्ज कर लिया है। करण और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। देवेंद्र नगर इलाके के फोकटपारा में रहने वाली दो महिलाएं किसी पुरानी बात पर आपस में भीड़ गई। दोनों पक्षों के बीच का विवाद इतना बढ़ गया कि वे मारपीट पर आमादा हो गए। पुलिस ने इस मामले में काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया है। फोकटपारा निवासी समीम बेगम ने वाहीदा बेगम के खिलाफ अपने पति से बजरन गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। वहीं बाहिदा बेगम ने रजिश के चलते गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया हैं।

# 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत दुर्गानगर स्थित आर.डी.ए बिल्डिंग पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई



एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी द्वारा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर निरीक्षक अर्चना धुरंधर को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम किशन झारिया निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी किशन झारिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 05 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 51,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी किशन झारिया थाना न्यू राजेन्द्र नगर का निगरानी बदमाश है जो पूर्व में भी कई प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

उल्टा पुल्टा

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

# ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट, निगम सभागृह, सी मार्ट का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री ने दी जिलेवासियों को 69 करोड़ लागत के 21 कार्यों की सौगात**

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने जिलेवासियों को 69 करोड़ 4 हजार रूपए लागत के 21 विकास कार्यों की सौगातें दी है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उक्त कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण शिलान्यास किया। जिसमें 29 करोड़ 68 लाख 12 हजार रूपए लागत के 16 कार्यों का लोकार्पण तथा 39 करोड़ 31 लाख 92 हजार रूपए लागत के 5 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इसके अंतर्गत दुर्ग के बहुप्रतिक्षित ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण, निगम सभाकक्ष, सी मार्ट का मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में विकासखण्ड धमधा अंतर्गत ग्राम करहीडीह में 52 लाख 56 हजार रूपए लागत के सोलर आधारित नलजल योजना, ग्राम ओटेबंद में 70 लाख 54 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना, ग्राम पंचदेवरी में 5 लाख 52 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना, ग्राम सेमरिया (लि) में 9 लाख 92 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना। दुर्ग विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिरपोटी में 46 लाख 01 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना। पाटन विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोघारी में 57 लाख 13 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना, ग्राम चुलगहन में 42 लाख 47 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना, ग्राम खपरी (चु) में 48 लाख 17 हजार रूपए लागत के सोलर आधारित नलजल योजना, ग्राम करगा में 33 लाख 31 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना, ग्राम भैंसबोड़ में 73 लाख 73 हजार रूपए लागत के सिंगल विलेज नलजल योजना, ग्राम रवेली में 87 लाख 13 हजार रूपए लागत के रेट्रोफिटिंग नलजल योजना। इसी प्रकार नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत 16 करोड़ 26 लाख रूपए लागत ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बंजारे कांग्रेस में शामिल, मंत्री ताम्रध्वज ने किया स्वागत



**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस प्रवेश किया।

प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास पर धर्मेन्द्र बंजारे ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। इनके साथ अश्वनी साहू, निलेश साहू, भूपेंद्र साहू डोमेंद्र चंद्राकार, संजय बंजारे, धनजय कुर्रे, संजय देशमुख, रितेश यादव, जसवंत, खिलेश कौशिक, दीपक सहित अन्य लोग कांग्रेस पार्टी में प्रवेश लिए।

इस मौके पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी को कांग्रेस गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# डॉ. बसंत वर्मा के पद्मनाभपुर निवास में 8 लाख की चोरी

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। गत रात्रि पद्मनाभपुर निवासी डॉ. बसंत वर्मा के निवास से लगभग 8 लाख रूपयों के आभूषण व नकद राशि की चोरी हो गई। पद्मनाभपुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार पद्मनाभपुर एमआईजी 249 निवासी डॉ. बसंत वर्मा एवं उनकी पत्नी रश्मि वर्मा 25 सितंबर की संध्या घर पर ताला लगाकर अपने क्लीनिक गये थे। रात्रि 9 बजे लौटने पर देखा कि घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर कमरे में प्रवेश किया। वहां रखी आलमारी से हीरे की अंगूठी, सोने चांदी के जेवरात महंगे कपड़े व 4 लाख रूपये नकद पार कर दिये। आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरे, हार्डडिस्क को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकालकर मामले की जांच कर रही है। इसमें तीन अज्ञात लड़के मुंह में कपड़ा लपेट कर घर में प्रवेश कर रहे है।

# छठवें दिन भी नहीं हो सका अंतिम संस्कार

## प्रशासन मृतक के बच्चों को पढ़ाने, पत्नी को नियुक्ति पर राजी, मामला मुआवजा राशि पर अटका

**सूरज हत्याकांड**

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। सूरज हत्याकांड के मामले में अब मामला मुआवजा राशि पर आकर अटक गया है। मृतक के पिता, परिजन 50 लाख रूपये की मांग कर रहे है। प्रशासन ने 50 हजार रूपये तक देने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा प्रशासन मृतक के दो बच्चों को स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाने, परिवार के एक सदस्य को तदर्थ नियुक्ति देने पर सहमत हो गया है। इस मामले में अभी तक बात आगे न बढ़ पाने के कारण अब कल 27 सितंबर को कोई निष्कर्ष निकलने की उम्मीद की जा रही है। मृतक सूरज साहू का पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार आज भी नहीं हो पाया है। लाश पिछले 6 दिनों से मरच्यूरी के डीप फ्रीजर में रखी हुई है।

उक्त जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल ने बताया कि मृतक के पिता, पत्नी व परिजन के साथ ही आम आदमी पार्टी मात्र 50 हजार रूपये की मुआवजा राशि के लिये सहमत नहीं है। पार्टी व परिवार ने 50 लाख रूपये क्षतिपूर्ति की मांग की है। इस मांग के पूरी होने तक उनका आंदोलन, धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल जारी रहेगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि वे लोग अपनी मांग को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# किरीट भाई ने मरणोपरांत किया नेत्रदान दो दृष्टिहीनों को मिलेगी रोशनी

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आर्य नगर निवासी किरीट भाई न्यालचंद भाई सेठ 68 वर्ष का आज अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। दिवंगत किरीट भाई के निधन उपरांत उनके परिवारजनों ने उनका नेत्रदान करवाया। दिवंगत की पत्नी मीता सेठ



पुत्र दिव्येश सेठ, एवं चंद्रेश भाई किशोर, विपिन, गजेन्द्र एवं नितिन ने परिवार के मुखिया के नेत्रदान की सहमति दी। इससे अब दो लोगों की आंखें रोशन होगी। सामाजिक कार्यो में अग्रणी किरीट भाई नवयुवक गुजराती समाज दुर्ग एवं रघुवंशी सेवा समिति के संस्थापक सदस्य थे। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करने बढ़ावा दिया जाए : श्रमन



**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में जिला को निर्यात केन्द्र बनाने के लिए आज एक निजी होटल में भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फॉरेन ट्रेड ;डीजीएफ्टी एवं जिला प्रशासन दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विदेश व्यापार नागपुर के अपर महानिदेशक डॉ.व्ही. श्रमन की अध्यक्षता में किया गया। डीजीएफ्टी नागपुर के अंतर्गत 49 जिले शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के 12 और मध्यप्रदेश के 04 और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को एक निर्यात केन्द्र में बदलने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

**■ .जिला को निर्यात केन्द्र बनाने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

डॉ. व्ही. श्रमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नागपुर के अंतर्गत वर्तमान में 49 जिला को निर्यात केन्द्र बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी जानकारी आपको ऑनलाइन अपडेट घर बैठे पंजीयन करने के आसान तरीके बताए गये है। इसके ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आनंद सरोवर भवन का उद्घाटन कल

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर बघेरा का उद्घाटन 28 सितंबर को सुबह 8 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से संस्था की मुख्य प्रशासिका जयंती दीदी आ रही है। उद्घाटन कार्यक्रम विधायक दुर्ग शहर अरूण वोरा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, समाजसेवी चतुर्भुज राठी, अंशुल जैन, प्रभात पडियार, कार्यक्रम में होगा।



इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी परिवार की क्षेत्रीय निर्देशिका इंदोर जोन, हेमलता दीदी, संचालिका उज्जैन उषा दीदी संचालिका ब्रम्हाकुमारी भिलाई आशा दीदी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

# ओम नगर में नाली निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 56 उरला रोड में ओमनगर कालोनी में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात का पानी सड़क में बहता है। लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे लोग काफी परेशान है और उनमें भारी रोष व्याप्त है। इस सिलसिले में आज वार्ड के नागरिकों ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अलख नवरंग के नेतृत्व में आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपकर नाली निर्माण की मांग की है।



श्री नवरंग ने बताया कि नाली न होने के कारण बरसात ही नहीं घरों से निकला पानी भी सड़क पर बहता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पद्मनाभपुर में क्रियायोग शिविर 30 से

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। पदमनाभपुर एलआईजी 297 स्थित प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तीन दिवसीय चक्रशोधन, दीक्षा एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर प्रज्ञान मिशन हरिहरानंद गुरुकुलम बालीघई पूरी के स्वामी परिपूर्णानंद गिरी के सानिध्य में होगा। आश्रम में क्रियायोग दीक्षा के लिए श्रद्धालुओं का पंजीयन भी शुरू हो गया है। दीक्षा ग्रहण करने के इच्छुक श्रद्धालु आश्रम में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।



**दीक्षा के लिये पंजीयन शुरू**

उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पदमनाभपुर की संचालिका स्वामी धरानंद गिरी ने बताया कि शिविर में पहले दिन 30 सितंबर को संध्या 4 बजे स्वामी परिपूर्णानंद गिरी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नगपुरा में मुंबई से जैन महिला संघ का आगमन

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आज मंगलवार को तीर्थ में नितेशभाई पारेख के संयोजन में डोम्बिवली मुम्बई से जैन महिला मंडल संघ काआगमन हुआ। आज वासक्षेप पूजा का लाभ बदामीबेन नैनमलजी उम्मेदाबाद परिवार ने लिया। पक्षाल पूजा का लाभ महिला मंडल ने लिया, नासिक से सुमतिलाल चुन्नीलाल शाह परिवार ने आंगी का लाभ लिया। महिला मंडल ने विधिकारक धर्मेश भाई परभणी के संयोजन में बहुत ही सुंदर श्री पार्श्व पद्मावती महापूजन का संरचना किए। नगपुरा तीर्थ में साध्वी मुक्तिप्रियाश्री के सानिध्य में चातुर्मास जारी है।



# पीएससी घोटाले के विरोध में भाजपा का हस्ताक्षर अभियान



**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। पीएससी परीक्षा में हुए कथित घोटाले के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी एवं घटक संगठनों ने साईंस कालेज के सामने जर्बदस्त प्रदर्शन करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। भाजपाईयों ने मांग की है कि पीएससी परीक्षाएं निरस्त की जाये तथा पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जायें। आज के आंदोलन का नेतृत्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने किया। हस्ताक्षर अभियान पूर्ण होने के बाद कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

आज दोपहर साईंस कॉलेज के सामने शुरू किये गये हस्ताक्षर अभियान शुरू होते ही साईंस कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौके पर पहुंचकर मांगपत्र पर अपने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएससी परीक्षा में कांग्रेस पार्टी के जमकर भ्रष्टाचार करते हुए इस संस्था की गरिमा को जबर्दस्त ठेस पहुंचाई है। उन्होंने 14 पदों पर चयनित उम्मीदवारों के चयन में जमकर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जी कामेश ने जीता 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल



**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ ओलंपिक में दुर्ग जिला पुलिस बल के एथलीट जी कामेश लगातार दूसरी बार 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया और दुर्ग जिला व दुर्ग पुलिस का नाम रौशन किया है। जी कामेश ने इस मेडल का श्रेय पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी, आर. आई. रमेश चंद्रा एवं कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक मीना ध्रुव को दिया है।



## तहसील साहू संघ की बैठक आज

**बालोद।** बालोद तहसील साहू संघ की पदाधिकारी व समस्त पदाधिकारी की बैठक आज 27 सितंबर को दोपहर 1 बजे तीज मिलान समारोह की आयोजन की विधि व तैयारी हेतु आवश्यक बैठक साहू सदन मरार पारा में रखी गई है। उक्त बैठक में बालोद तहसील के समस्त पदादिकारियो के उपस्थिति की अपील बालोद तहसील साहू संघ अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने की है।



# देवकर सब स्टेशन में बड़ा हादसा

## 33/11केवी लाइन के चपेट में आने से एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**देवकर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के 33/11 केवी सब स्टेशन देवकर में सोमवार को दोपहर करीब 1बजे बड़ा हादसा हुआ जिसमें सब स्टेशन के अंदर कार्य कर रहे एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसको इलाज के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा रिफर किया गया।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब सब स्टेशन के अंदर अतरिक्त पावर ट्रांसफार्मर को लगाने के लिए लोहे के पोल को खड़ा किया जा रहा था इसी बीच अचानक खड़ा हुआ लोहे का पोल गिरने लगा जिसको देख कार्य कर रहे हैं मजदूरों ने संभालने का प्रयास किया पर अनियंत्रित पोल सीधे 33/11केवी के सर्किट ब्रेकर पर जा गिरा सर्किट ब्रेकर पर 11केवी का लाइट चालू था जिससे लोहे के पोल पर करंट दौड़ गया और मौक पर कार्य कर रहे दो मजदूर को अपने चपेट में ले लिया जिससे मजदूर छन्नू मंडावी पिता बुधराम मंडावी उम्र 29 वर्ष निवासी तिरयाभाठ थाना परपोड़ी की मौत हो गई तो वंही किशन ध्रुवे पिता हेमूराम उम्र 29 वर्ष निवासी तिरयाभाठ थाना परपोड़ी गंभीर रूप से घायल है। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बेमेतरा रिफर किया गया और मृतक को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा गया जहां पोस्टमार्टम उपरांत मृतक के परिजनों को शव सौंपा गया।

**नरेन्द्र स्वामी एसोसिएट कम्पनी को मिला काम**

सब स्टेशन पर अतरिक्त पावर ट्रांसफार्मर में पोल खड़ा करने के साथ ही सारा वर्क का ठेका नरेन्द्र स्वामी एसोसिएट कम्पनी दुर्ग को मिला है। उक्त कंपनी ने अपने 9 मजदूरों को भेज सब स्टेशन के अंदर कार्य करवाया जा रहा था। इस संबंध में जब पत्रिका संवाददाता जितेन्द्र राजपूत ने संबंधित कम्पनी के प्रोपराइटर चंद्रशेखर अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त घटना के वक्त सुपरवाइजर मौजूद था और पोल खड़ा करने का कार्य किया जा रहा था इसी बीच पोल खड़ा कर मजदूर खड़े ही थे कि





गड्ढे पर पानी भरे होने के चलते लोहे का पोल अनबैलेंस हो गया और यह घटना घटी है सभी मजदूरों का बीमा है उनका बीमा कंपनी के द्वारा बीमा क्लेम मिलेगा।

**भीम रेजीमेंट ने किया बिजली ऑफिस का घेराव**

घटना की जानकारी होने के तुरंत बाद बेमेतरा जिले के भीम रेजीमेंट ने मृतक एवं घायल को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सब स्टेशन देवकर का जय भीम के नारों के साथ मुआवजा देने की बात करते हुए घेराव किया। ठेकेदार सहित सब स्टेशन के असिस्टेंट इंजीनियर से चर्चा कर प्रशासन से मृतक पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा और नौकरी देने मांग की घायल को उचित उपचार सहित आर्थिक सहायता देने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

मृतक की मृत्यु सब स्टेशन के अंदर कार्य के दौरान होने के चलते आरबीसी 6/4 के तहत मुआवजा देने का प्रावधान नही है। भीम रेजीमेंट ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा है जिसे मैं कलेक्टर महोदय को प्रेषित करूंगा।

– **विनोद बंजारे** तहसीलदार, देवकर

पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है साथ ही भीम रेजीमेंट के घेराव के आह्वान के साथ ही पुलिस पूरी मुस्तादी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़ी रही है।

– **यशवंत जंघेल** चौकी प्रभारी, देवकर

उक्त घटना के वक्त जूनियर इंजीनियर फील्ड में थे और मैं बेमेतरा गया हुआ था फोन पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद तुरंत सब स्टेशन पहुंच मौके को देखा जिसमें घटना से संबंधित पोल खड़ा करने को लेकर किए गए गड्ढे में पानी भरने के चलते पोल अनियंत्रित होने की बात सामने आई। इस संबंध में पुलिस चौकी देवकर को सूचित कर एक एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी और पुलिसया जांच भी करवाया जाएगा रही बात मृतक मजदूर को मुआवजे की तो बिजली विभाग चार लाख रुपए का मुआवजा देती है घटना की रिपोर्ट तैयार कर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

– **वरदान खलखो** अस्सिटेंट इंजीनियर, देवकर

## श्रीमद् भागवत महापुराण में भक्तों की भीड़



**गुरुर,** 26 सितंबर। ग्राम कोलिहामार में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित है। भगवताचार्य पंडित परमेश्वर तिवारी ने अपने प्रवचन में बताया कि दुनिया का उल्टा यानिदु, दुनिया मे हमे सुख-दुख, जय-पराजय, रात-दिन, यश-अपयश, जन्म-मृत्य सब मिलना ही है, परन्तु परमपिता परमेश्वर इन सबसे परे है। भगवान श्रीकृष्ण हमें कर्मयोग की शिक्षा देते हैं, कर्तव्यों को निभाते हुए परमार्थ करना और परमात्मा को पाने का प्रयास करना ही सच मे तपस्या है। हमें अपने जीवन मे दया और दान के महत्व को समझ कर मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाना है। उल्लेखनीय है कि नगर के पत्रकार स्व.सालिक राम शर्मा एवं उनके बड़े भ्राता स्व. माधव प्रसाद शर्मा के वार्षिक श्राद्ध पर शर्मा परिवार एवं ग्रामवासियों के द्वारा 9 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे अंचल के श्रद्धालु भागवत प्रवचन का श्रवण कर रहे हैं। ग्राम में पहली बार ऐसा आयोजन होने से उत्साह का माहौल है।आयोजन स्थल से जानकारी के मुताबिक 27 को सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बलि प्रसंग, 28 को श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, 29 को कंस वध, श्री रुक्मणी मंगल कथा वर्णन एवं 30 को परीक्षित मोक्ष पश्चात भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण के बाद 1 अक्टूबर को पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, शहस्त्रधारा स्नान किया जाएगा।

**आज भगवताचार्य पंडित निरंजन महाराज का होगा आगमन**

आयोजक संजय गिरजा शर्मा, जितेंद्र दीप्ति शर्मा ने बताया कि भगवताचार्य पंडित परमेश्वर तिवारी, पंडित निरंजन महाराज के छोटे भाई हैं। 27 सितंबर को छत्तीसगढ़ के पवन दीवान सम्मान से सम्मानित प्रख्यात भगवताचार्य पंडित निरंजन महाराज का आगमन भागवत स्थल कोलिहामार में होगा।

## आवासीय विद्युत बिल में विद्युत मंडल बालोद द्वारा उपभोक्ताओं को लुटा जा रहा : संतोष कौशिक

**बालोद,** 26 सितंबर। नगर से लगे वार्ड 20 भाटापारा वासियों को विगत 3 वर्ष पूर्व से अस्थाई आवासीय विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है एक विद्युत खंभे में ही 30 मीटर लगाई गई है जब से विद्युत मीटर खंभे में लगाई गई है तब से प्रतिमाह ?10 प्रति यूनिट के दर से बिजली बिल आ रहा है इसके अलावा मांग प्रभार ?30 विद्युत शुल्क 343 रुपए उर्जा विकास उपकार ?40 बीसीए चार्ज 388 रुपए कुल मिलाकर 3500 से ?5000 तक बिजली बिल उपभोक्ताओं को प्रति माह पटाना पड़ रहा है जिसके कारण रोज खाने कमाने वाले मजदूरों को अत्यंत ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है विदित हो कि बालोद नगर अंतर्गत वार्ड 20 भाटापारा के सभी वासी गरीब मजदूर वर्ग से आते हैं दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करतें हैं ऐसी स्थिति में प्रतिमाह तीन से पांच हजार रुपए बिजली का भुगतान करने में भारी असुविधा होती है वार्ड 20 भाटापारा में लगभग 100परिवार निवास करते हैं रेल्वे जमीन से बेदखल किये गये तीस परिवार को भी इसी भाटापारा में शिफ्ट किया गया है ये लोग भी अपना मकान बनाकर यही रहनें लग गये है भुपेश बघेल की सरकार में आधा बिजली बिल माफ करने की बात करते हैं लेकिन यहा तो गरीब उपभोक्ताओं को उर्जा उपकर के नाम से लुटा जा रहा है एक विद्युत खंभे में चालीस मीटर लगाई गई है विद्युत खंभा विस्तार करने की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है पुरे बस्ती में 500से800मीटर विद्युत तार बांस बल्ली के सहारे लटका कर कनेक्शन दिया गया है बरसात और हवा तुफान आने पर तार टुट कर जमीन पर गिर जाता है फिर भी विद्युत विभाग ध्यान नहीं देते हैं जान माल हानि होने की आशंका बनी रहती है 65 आवेदन स्थाई कनेक्शन हेतु जमा किया गया है लेकिन अधिकारियों की तानाशाही रवैया के कारण खम्भा विस्तार का कार्य एवम् स्थाई कनेक्शन का कार्य नही हुआ है स्थानीय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवम् उसके पति भैय्या राम सिन्हा नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं सिर्फ आश्वासन हि दे रहे हैं। प्रति माह हजारों रुपए की बील साथ में विद्युत शुल्क के नाम पर लुटने की कवायद बन्द होनी चाहिए। वार्ड वासियों ने अब धरना प्रदर्शन की राह अख्तियार करने मंशा बना रहे हैं।

## भाजपा के प्रयास से आमरण-अनशन कर रहे 12 श्रमिकों को मिली जीत

**दल्लीराजहरा,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। अपने हक व अधिकार के लिए पिछले 22दिनों से 12 मजदूरों द्वारा लगातार आमरण अनशन व क्रमिक भूख हड़ताल किया जा रहा था। जिसमें नगरपालिका के अड़ियल रैवये के कारण इनकी मांगो पर कोई सार्थक पहल नही हो पा रहा था। मामले की गम्भीरता को देखते हुवे भाजपा ने मजदूरों को खुला समर्थन देकर फ्रंट लाइन में आकर मजदूरों की लड़ाई लड़ी व उस लड़ाई को अंतिम परिणाम पर भी पहुँचाया पिछले 22 दिनों में प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियो से तीन बैठकों में कोई निर्णय नही निकलने के बाद भाजपा ने उग्र रूप अपनाते हुवे 26/09/2023 को चक्का जाम का करने का निर्णय लेते हुए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया। जिसके बाद सुबह 11 बजे अनशन स्थल पर प्रशासन द्वारा पुन: चौथा बैठक आयोजित कर आंदोलनकारी श्रमिकों व भाजपा के नेताओं से चक्का जाम नही करने की बात कही गयी। परंतु भाजपा नेताओं ने श्रमिको को नगरपालिका में काम पर रखने के लिखित आश्वासन के बिना आंदोलन स्थगित करने से मना कर दिया गया। व सभी आंदोलनकारी व भाजपा नेताओं ने सुभाष चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुँच कर भाजपा ने चक्का जाम कर दिया जिसके बाद मजदूरों के हितों की बात को ध्यान में रखते हुवे जनमुक्ति मोर्चा के सदस्यों द्वारा भी चक्का जाम में सर्मथन हेतु दल बल के साथ पहुँचने लगे। सैकड़ो की संख्या में लोगो के पहुँचने से व चक्का जाम के बाद के स्थिति को भांपते हुवे तत्काल पुलिस प्रशासन की ओर से सीएसपी राजेश बागडे थाना प्रभारी मुकेश सिंह डौंडी थाना प्रभारी सुनिल तिर्की तहसीलदार हरकत में आये व उनके द्वारा पुन:एस डी एम कार्यलय में पुन: आपात बैठक आयोजित किया गया व चक्काजाम कुछ देर टालने व अंतिम बार बैठक में आने का निवेदन किया गया। जिसमें आंदोलनकारी श्रमिक ,भाजपा नेताओ व मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बुलाया गया। जिसे स्वीकार कर अंतिम बैठक में प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ लगभग 2 घण्टे की सार्थक चर्चा के बाद आंदोलनकारीयो के द्वारा किये गये मांगो को जायज करार देते हुवे इन 12 श्रमिको को लिखित में मुख्यनगर पालिका अधिकारी द्वारा पत्र दिया गया जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया कि शासन से स्वीकृति आते ही इन 11 आंदोलनकारी मजदूरों को तत्काल नगरपालिका के प्लेसमेंट ठेका श्रमिक के रूप में कार्य पर रखा जायेगा। अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस प्रशासन के पहल से ही इस मामले का निराकरण निकल पाया नही तो नगरपालिका में बैठे लोग तो इन मजदूरों को मृत्यु के मुहाने पर पहुँचा ही चुके थे। नगरपालिका में इन मजदूरों को प्रथमिकता से काम देने के पत्र मिलने पर सभी आंदोलनकारीयो ने खुशी जाहिर करते हुए सभी भाजपा नेताओ व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार व विशेष रूप से पुलिस प्रशासन का आभार माना इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी महामंत्री महेंद्र सिंह सांसद प्रतिनिधि राजेश दसोड युवा भाजपा नेता श्याम जायसवाल सुजीत झा रमेश गुर्जर रामेश्वर साहू नेता प्रतिपक्ष बॉबी छतवाल, जिला मीडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल महेंद्र पिपरे, पार्षद राजेश कांबले सुरेश जायसवाल सुरेंद्र बेहरा,शंकर साहू मेवा पटेल भूपेंद्र श्रीवास सोनू ठगेल,जनार्दन सिंहरोल लीलावती साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम, उषा आस्टीकर सुचित्रा दास,भाजयुमो अध्यक्ष संजीव सिंह एम एस श्रीजीत सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता बंटी चोपड़े कासिम कुरैशी दमनदीप सिंह, मोहम्मद इमरान एम.अमन नदीम बडगूजर दुष्यंत पुरुषोत्तम ठाकुर जीवन साहू रोहित साहू राजकुमार गुप्ता प्रणव साहू उपस्थित रहे।



## बालोद सहकारी विपणन समिति की बैठक आज

**बालोद,** 26 सितंबर। बालोद सहकारी विपणन समिति की वार्षिक साधारण सभा आज बुधवार 27 सितंबर को दोपहर1 बजे संस्था प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसमे अनेक विषयों और बिंदुवार चर्चा किया जावेगा। प्रबंधक भूषण लाल पटेल ने बताया कि कोरम के अभाव में बैठक को आधे घंटे के लिए रोक जाएगा। स्थगित बैठक की कार्यवाही उसी दिन उसी आधेघन्टे के पश्चात प्रारंभ की जावेगी। श्री पटेल ने आगे बताय की वर्ष 2022 23 का प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा। इसी प्रकार वर्ष 2022 23 का आय व्यय का अवलोकन एवं अनुमोदन वर्ष 2023 24 का अनुमानित बजट का अनुमोदन अन्य विषय प्राधिकृत अधिकारी केअनुमाती से वित्तीय वर्ष 2022 23 के अकिंचक नियुक्ति संबंधी विषय शामिल हैं।

## विश्व में मोदी भारत के नेतृत्व क्षमता का मनवाया लोहा : राणा

**डौंडी/दल्लीराजहरा,**26 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा पार्टी के रीति नीति और विचारों व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर आये दिन क्षेत्र के ग्रामिण भाजपा पार्टी से जुड़ कर सदस्यता ले रहे है। इसी के तहत डौंडीलोहारा विधानसभा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर की उपस्थिति में कुसुमटोला के उप सरपंच नोहर सिंह राणा के नेतृत्व में 30 ग्रामीणों ने भाजपा में प्रवेश कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये। साथ ही क्षेत्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। नव प्रवेशी सदस्यों का सभी ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में प्रवेश करने पर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले उप सरपंच नोहर सिंह राणा ने कहा की भाजपा ही देश और छग को कुशल, सक्षम और बेदाग नेतृत्व देकर आगे बढ़ा सकती है। उन्होने इसी कड़ी में आगे कहा की जो कार्य कांग्रेस के 50 सालों में नही हुआ वह कार्य प्रधानमंत्री मोदी चंद्र यान 3 जी 20 समिट की सफलता महिला आरक्षण बिल लोकसभा राज्य सभा में सफलता पूर्वक पास कर कर इन 9 सालों मे पुरे विश्व में भारत के नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है। पार्टी की सदस्यत ग्रहण करने वाले ग्रामीणों ने कहा की 2018 में झूठ की नीव पर बनी भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से हम सभी काफी परेशान है,गांव में जितने भी विकास कार्य हो रहे है यह केन्द्र की योजनाओं से हो रहा है पुरे ग्रामिण इलाकों में ठेकाप्रथा का बोलवाला है। सरपंच जनप्रतिनिधियों को मूकदर्शक बना के रख दिया गया है। प्रदेश शासन से सभी त्रस्त हो चुके है। ना ही हमारे पास उचित किस्म की खाद पहुंचती है और न ही गांव में उचित मूलभूत सुविधाएं है।छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ चुका है। सभी ग्रामीणों ने बदलबो बदलाबो नारे के साथ भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को एक स्वर में समर्थन दिया और विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाएंगे संकल्प भी लिया। इस दौरान डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा,मंडल महामंत्री अजय चौहान, पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश अग्रवाल,पवन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## करहीभदर का तात्या ग्रुप गणेश उत्सव समिति का पंडाल आकर्षण का केन्द्र

### 29 को जस भजन सम्राट दुकालू यादव देंगे प्रस्तुति

**बालोद।** बालोद जिले के ग्राम कहीभदर में ग्रुप समूह न्यू जनरेशन गणेश उत्सव समिती द्वारा गणपति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस समूह द्वारा बनाया गया पांडाल आसपास में चर्चा का विषय बनाया गया है महाप्रसादी का भी आयोजन तात्या ग्रुप द्वारा किया गया था तात्या ग्रुप के अध्यक्ष धनंजय साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश जी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 29 सितंबर को भव्य जस गीत का आयोजन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक दुकालू यादव अपनी प्रस्तुति देंगे उन्होंने पूरे जिले भर से भक्तों को इस भजन संध्या में आने का आग्रह किया है।

## आज महिला आभार सम्मेलन

**दुर्ग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो जाने पर कल 27 सितंबर को पुराने बस स्टैंड में भाजपा महिला मोर्चा एवं महिला पार्षदों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति महिला आभार सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय होगी।



**बालोद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बालोद जिले में मंगलवार को वर्चुअल विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट...

से ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण, 49 लाख 45 हजार रूपए लागत के सी मार्ट, 3 करोड़ 22 लाख 18 हजार रूपए लागत से 30 सड़क/ नाली निर्माण कार्य, 3 करोड़ 29 लाख रूपए लागत के 2 नग उच्च स्तरीय जलागार और 6 लाख रूपए लागत के नवनिर्मित सभागृह शामिल है। भूमिपूजन कार्यों में नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत 5 करोड़ 56 लाख रूपए लागत से शहर के बाएं क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार, 5 करोड़ 96 लाख 42 हजार रूपए लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 16 नग नाला निर्माण कार्य, 3 करोड़ 26 लाख 70 हजार रूपए लागत से 3 मार्गों का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, 80 लाख रूपए लागत से वार्ड क्रं. 54 पोटियाकला में मांगलिक भवन निर्माण कार्य तथा 23 करोड़ 72 लाख रूपए लागत से जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव समूह जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन (शिलान्यास) शामिल है।

इस अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधायक अरुण वोरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, जिला सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद गण, गणमान्य नागरिक तथा कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष...

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुखएअध्यक्ष केश कला बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकार, चांद खान, विधायक प्रतिनिधी डा पिलेश्वर साहू, आयूब खान, विनोद गुप्ता, मोंटू तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर मंत्री श्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है।

### छठवें दिन भी ...

लेकर आज मुख्यमंत्री निवास भिलाई-3 का घेराव करने जा रहे थे। पाटन, धमधा, व अन्य ग्रामों से लोग वहां पहुंचने भी लगे थे। दुर्ग के कार्यकर्ता आधा रास्ता ही पहुंचे थे कि कलेक्टर कार्यालय से चर्चा करने के लिये सूचना मिलने पर वे वापस आ गये। चर्चा शुरू की मगर मामला मुआवजा राशि पर आकर अटक गया है।

आज भी पूरे दिन मृतक के माता-पिता, पत्नी व अन्य परिजन तथा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरना स्थल पटेल चौक में बैठे रहे ।

### किरीट भाई ने मरणोपरांत किया...

नेत्रदान की पहल नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्यों ने की। श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज की डॉ. पुष्पेन्द्र लहरे, नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्टक किया। फाउण्डेशन के राज आढ़तिया, यतीन्द्र चावड़ा, राजेश पारख, हरमन ढुलाई, जितेन्द्र कारिया, प्रकाश आढ़तिया आदि उपस्थित थे।

### राज्य के अन्य सामग्रियों को भी ...

साथ ही पोर्ट इकोस्पोर्ट, कस्टम ड्यूटी, बैंकिंग कार्य, डाकघर निर्यात, कन्टेनर के माध्यम से निर्यात, ई.कॉमर्स कस्टम ड्यूटी, बिल एंट्री, सिपिंग बिल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आदि जानकारी दी गई है। विशेषज्ञों के द्वारा ई.कॉमर्स निर्यात घर बैठे ऑनलाईन की जानकारी, बैकिंग सुविधा आदि डीजीएफ्टी के टीम के द्वारा बताया गया।

कहा गया कि राज्य में चांवल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप से आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए।

इस अवसर पर डीजीएफ्टी डॉ. व्ही. श्रमन, बैंक ऑफमहाराष्ट्र के जोनल मैंनेजर अभिलांष दास, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी सौरभ वर्मा एवं संग्राम केसरी बिसोई, भारतीय डाक विभाग सीमा श्रीवास्तव, जिला उद्योग विभाग के अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, सोनाली मोरई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ओम नगर में नाली निर्माण ...

रहता है। यह पानी आसपास के घरों में भी घुस जाता है जिससे आये दिनों आसपास के पड़ोसियों के बीच लड़ाई झगड़े व अनबन होते रहती है। सड़क में गंदगी भी बढ़ती है। श्री नवरंग ने मांग की है कि इस समस्या का एकमात्र हल नाली निर्माण है।

ज्ञापन सौंपने वालों में उमा शंकर ज्योति, प्रदीप वनवासे, उर्वशी वर्मा, डिलेश्वरी देवांगन, सुनील विशेशर, सुनीता पाणी, गायत्री पटले, राजेन्द्र सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### पद्मनाभपुर में क्रियायोग शिविर...

द्वारा प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। संध्या 6 बजे से गुरु पूजा उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। 1 अक्टूबर को प्रात: 7.30 बजे क्रियायोग की दीक्षा दी जाएगी। शिविर के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को संध्या 4 बजे से 6 बजे तक सत्संग व संध्या 6 बजे से ध्यान उपरांत शिविर का समापन होगा।

क्रियायोग आश्रम पदमनाभपुर के अध्यक्ष टीके कुंभज, सचिव युवराज देशमुख के अलावा अन्य सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

### पीएससी घोटाले के ...

रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। आंदोलन में जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, दिलीप साहू, मनोज सोनी, मदन बढ़ई, डॉ. सुनील साहू, नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, शिवेन्द्र परिहार, जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजा खड़गराज सिंह का स्वागत ग्रामीण कर रहे

**सहसपुर लोहारा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़गराज सिंह अपने चुनावी दौरे में लगातार ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा कर लोगो से मिलकर समर्थन मांग रहे है। ग्रामीण राजपरिवार के सदस्य को अपने बीच पाकर राजा का भव्य स्वागत करते हुए राजा खड़ग राजा सिंह को नारियल, फूल, पैसा भेटकर उन पर अपना समर्थन जता रहे है। अपने सम्पर्क अभियान में राजा खड़ग राज सिंह सोनबरसा पहुँचे वहां वे संतोष मेरावी के निवास पहुंचकर छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर मेरावी परिवार से उनका हाल चाल जाना इसके बाद गांव में स्थित आदिवासी समाज के पुराने देव स्थल पहुंचकर समाज के लोगो से चर्चा कर चुनाव में सहयोग की अपील की ग्राम सोनबरसा में महिला, पुरुष और युवाओं ने अपने बीच राजपरिवार के सदस्य को पाकर उनका स्वागत नारियल, फूल और पैसा देकर किया यहां के दर्जनों ग्रामीणों ने राजा खड़ग राज सिंह के समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर तन, मन, धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पिपरिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रावण श्रीवास,राजेन्द्र धुर्वे,शशि धुर्वे, विनय धुर्वे,केदार कश्यप,देवलाल कश्यप, विवेक कश्यप,गोपाल कश्यप,कुशल कश्यप,धनेश्वर कश्यप,श्यामलाल धुर्वे के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके पश्चात राजा खड़ग राज सिंह बटुआ कछार पहुंचकर सतनामी समाज के भवन में ग्राम मोहल्ला सभा को सम्बोधित कर लोगो से अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहाँ की आप का परिवार और हमारा परिवार का संबंध कई पीढ़ियों से इस लिए मै अपने परिवार के पास उनका हाल चाल जानने आया हूँ। और मै आप जैसे इस विधानसभा क्षेत्र के मेरे हजारों परिवारजन की सेवा और उन्नति के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। इस अवसर पर यहां दर्जनों महिला,पुरुषो और युवाओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद राजा खड़ग राज सिंह सहसपुर लोहारा के सुदूर वनाँचल के गांव सरई पतेरा पहुँचे जहाँ झूला के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर यहां सैकड़ो की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्या को सुनी। राजा की उपस्थिति से ग्रामीण बहुत उत्साहित नजर आये उनसे मिलने और उनके साथ फोटो खींचने की होड़ मच गई और ग्रामीणों ने यहां भी आम आदमी पार्टी प्रत्याशी राजा खड़ग राज सिंह के समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अंजू साहू ब्लाक प्रमुख,धन्ना साहू,लखन साहू छंन्नू साहू,बिसे लाल साहू जितराम साहू,समलू मरकाम,गणेश मरकाम, गोविन्द साहू के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ज्ञात हो की जब से राजा खड़ग राज सिंह चुनाव मैदान में उतरे तब से वो लगातार ग्रामीणों से उनके गांव पहुंचकर मिल रहे है जिससे ग्रामीण लगातार उनके समर्थन में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।



# विश्वविद्यालय के कुलपति ममता को लेनी पड़ी प्रेसवार्ता कहा सभी विभाग खैरागढ़ में ही रहेंगे

**खैरागढ़,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर का एक मात्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शहर में मौजूद है। खैरागढ़ नगर की आन बान शान है। संगीत नगरी में सभी विभाग यथावत खैरागढ़ में ही रहेंगे। विश्वविद्यालय का ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर के राजधानी रायपुर में खोले जाने को लेकर खैरागढ़ के नागरिकों में कुलपति डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर व विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आम नागरिकों में काफी नाराजगी दिख रही है। कुलपति डॉ. चंद्राकर ने मामला काफी हद तक आगे बढ़ने के बाद 25 सितंबर को प्रेसवार्ता कर खैरागढ़ के आम नागरिकों से अपील की है कि दुष्प्रचार से बचें और किसी के बहकावें में न आये, विश्विद्यालय के सभी विभाग यथावत खैरागढ़ में ही रहेंगे। इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ की धरोहर है, इसके किसी भी तरह का छेडछाड नही किया जायेगा सभी विभाग यथावत खैरागढ़ में ही रहेंगे। यह एशिया के कला-संगीत का प्रथम केंद्र के रूप में ख्याति प्राप्त है और इसकी स्थापना 14 अक्टूबर 1956 को किया गया था। आजादी के पूर्व खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह व रानी पद्मावती सिंह ने अपनी पुत्री स्व. राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में अपने इस महल को विश्विद्यालय को दान किया था। इस प्रकार विश्विद्यालय के विकास में खैरागढ़ के शासकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं पुन: खैरागढ़ के पूरे नागरिकों को बताना चाहती हूं कि विश्विद्यालय खैरागढ़ की धरोहर है और पूरा विभाग यहीं संचालित होगा। इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ की देश भर में सम्बद्धता 13 कॉलेजों और मान्यता 52 संस्थानों को है। अकेले रायपुर में ही 3 संस्थानों को विश्वविद्यालय की मान्यता मिली हुई है। जो पहले से ही विभन्न पाठ्यक्रम जैसे डिग्री-



■ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की देश भर में सम्बद्धता 13 कॉलेजों और मान्यता 52 संस्थानों को है
■ रायपुर के ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर में मात्र 5 विषयों पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलेगा, जो 2014 से शासन द्वारा स्वीकृत है

डिप्लोमा से संचालित कर रहे हैं। रायपुर का ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग,छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के द्वारा 12 अगस्त 2014 को विश्विद्यालय के हित व विस्तार के रूप में स्वीकृत हुआ था। रायपुर ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर में मात्र 5 विषयों पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलेगा, जो 2014 से राज्य शासन द्वारा स्वीकृत है। अध्ययन सेंटर खुलने से खैरागढ़ विश्विद्यालय के नैक ग्रेडिंग में भी बेहतर सुधार होगा। विश्वविद्यालय और स्टडी सेंटर का फण्ड व पद स्वीकृति अलग-अलग होगा

कुलपति ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्विद्यालय के विस्तार के लिए रायपुर के ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ रायपुर से 2014 में स्वीकृत हो चुका है। परन्तु बजट और पदस्थापना के अभाव में खुल नही पाया था। राज्य शासन द्वारा इस वर्ष जून 2023 में बजट और पदस्थापना की स्वीकृति होने के कारण शनिवार 23 सितंबर को रायपुर डीईओ ऑफिस के पास विधिवत विश्वविद्यालय का ऑफ कैम्पस स्टडी सेंटर खोला गया है। विश्वविद्यालय और स्टडी सेंटर के फण्ड व पद की स्वीकृति अलग-अलग होगा।

**स्टडी सेंटर में डिप्लोमा के मात्र 5 विषयों की स्वीकृति मिली है**

कुलपति ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्दिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ के विस्तार व रायपुर के ऑफ कैंपस स्टडी सेंटर में मात्र 5 विषयों के डिप्लोमा का पाठ्यक्रम संचालित होगा। एक वर्षीय डिप्लोमा में थियेटर, लोकसंगीत, फैशन डिजाईन, योग व दर्शन का एक वर्षीय डिप्लोमा/ चातुर्मासिक पाठ्यक्रम और दृश्य कला में द्विवर्षीय पेंटिंग का आर्ट एप्रिसिएशन कोर्स संचालित होगा। ये सभी पाठ्यक्रम खैरागढ़ विश्वविद्यालय में यथावत संचालित रहेंगे। इस प्रकार खैरागढ़ विश्विद्यालय से किसी भी प्रकार के कोई फण्ड, स्टॉफ या अधिकारी-कर्मचारी को स्थानांतरित नही किया जाएगा। इस दौरान कुलपति से पूछे गए प्रश्नों के सम्बन्ध कुलपति व अन्य अधिकारियों ने बहकाने का कार्य किया प्रेसवार्ता में कुलसचिव प्रो. डॉ. आई.डी. तिवारी, सहायक कुल सचिव राजेश गुप्ता, अधिष्ठाता कला संकाय डॉ. योगेन्द्र चौबे, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय प्रशासन के विरोध में नगर रहा बंद

**खैरागढ़,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ प्रशासन द्वारा रायपुर में ऑफ कैम्पस स्टडी सेंटर खोले जाने के विरोध में खैरागढ़ के आम नागरिकों ने मंगलवार 26 सितंबर को नगर बंद किया नगर बंद को लेकर खैरागढ़ व्यापारी संघ व अधिवक्ता संघ सहित विभिन्न संस्थाओं ने अपनी सहमति आंदोलनकारी नागरिकों को प्रदान की विवि प्रशासन के निर्णय का विरोध कर रहे नागरिकों का कहना है कि जब तक रायपुर में खोले गये ऑफ कैम्पस स्टडी सेंटर को बंद नहीं किया जाता तब तक खैरागढ़ के नागरिक अनवरत अपना आंदोलन करते रहेंगे बंद को लेकर आंदोलनकारियों ने सुबह से नगर के छोटे-बड़े सभी व्यापारिक संस्थानों व व्यापारिक इलाकों में पहुंचकर पृथक से समर्थन मांगा बताया जा रहा है। कि आवश्यक सुविधाओं को छोड़कर जैसे मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसी को छोड़कर लगभग सभी प्रतिष्ठान मंगलवार को खैरागढ़ शहर बंद रहा आने जाने वाले राहगिरो को पीने के पानी के लिए भी व अन्य सामानों के लिए आज दिन भर तरासना पड़ा खैरागढ़ के नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन में ममता चंद्राकर तेरी तानाशाही नही चलेगी ममता चंद्राकर मुर्दाबाद आईडी तिवारी मुर्दाबाद योगेंद्र चौबे मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ लगातार नारेबाजी करते रहे पुलिस जवानों की ड्यूटी 26 सितंबर को पूरे खैरागढ़ नगर में पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए थे।




■ चाय पानी के लिए तरसते रहे ग्रामीण
■ नगर बंद को मिला पूरा समर्थन

# भाजपा नेता व विश्वविद्यालय के कर्मचारी के बीच हुई मारपीट, थाने में शिकायत

**खैरागढ़,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर रायपुर में खोले जाने के विरोध में नगर में आंदोलन जारी है, इसी आंदोलन के बीच सोमवार 25 सितंबर की रात भाजपा नेता व विश्वविद्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। भाजपा नेता अंकित गर्ग पिता राजेंद्र अग्रवाल उम्र 29 वर्ष निवासी इतवारी बाजार का रहने वाला है। अंकित ने खैरागढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रोज की तरह वह सोमवार की रात खाना खाने के बाद इतवारी बाजार रावण भाटा की ओर टहलने निकला था तभी अपने बुलेट से मुकेश भट्ट पिता स्व मोहन प्रसाद भट्ट उम्र 37 वर्ष निवासी तुरकारी पारा खैरागढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। गाड़ी से उतरते ही मुझे गंदी गंदी गाली गलौज करने लगा और यह कहा कि तुम लोग विश्वविद्यालय को बंद करने के लिए नगर में मशाल रैली निकाल रहे हो और नगर बंद कर रहे हो, यह कहते हुए धमकी दी कि तुम लोग विश्वविद्यालय का कुछ नहीं बिगाड़ सकते, मैं तुम लोगों को चुनाव के बाद देख लूंगा। यह कहते हुए मुकेश भट्ट ने पहले मुझे हाथ मुक्का से मारपीट की उसके बाद चाकू से हमला किया जैसे तैसे मैं थाने तक पहुंचा हूं। इस हमले से मेरे दोनों हाथ जख्मी हो गए हैं। प्रार्थी अंकित की रिपोर्ट पर खैरागढ़ थाने में मुकेश भट्ट के विरुद्ध आईपीसी की धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीकृत कर मामला विवेचना में लिया गया है।

# राजेन्द्र शर्मा ने गणेश दर्शन कर सुख शांति समृद्धि की कामना



**बेमेतरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा ने बेमेतरा शहर के गणेश पंडाल में पहुंच कर गणेश भगवान के दर्शन कर समिति के सदस्य गण से मुलाकात की जिनमे प्रमुख रूप से गिरीश गभेल ,प्रणीश रजक,अमरीका निर्मलकर ,दिनेश सिन्हा , ओमकार साहू,चेतन वर्मा , टोनू यादव ,अनिल यादव,नीलू सारथी थे । राजेन्द्र शर्मा ने कहा की गणेश भगवान 11 दिन पृथ्वी में विराजमान रहते है हम उनकी पूजा अर्चना कर अपने मंगल की कामना करते है मैने भी भगवान से बेमेतरा वासियों के सुख शांति समृद्धि की कामना की है । गणेश पंडाल में श्री राम गणेश उत्सव समिति बी टी आई कोबीया, नवधा चौरा गणेश उत्सव समिति सिंघौरी , गणेश उत्सव समिति प्रताप चौक,गणेश उत्सव समिति नया बस स्टैंड ,गणेश उत्सव समिति किसान पारा, श्री बाल गोपाल गणेश उत्सव समिति बाजार पारा , श्री राम भक्त गणेश उत्सव समिति गस्ति चौक ,पंडाल भ्रमण में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,बेमेतरा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, गोपी देवांगन , पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश साहू , मंडल महामंत्री युगल देवांगन,अभिनव ठाकुर थे ।

# मुख्यमंत्री बघेल ने ज़िले के 203 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया



**बेमेतरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर से वर्चुअल कार्यक्रम में बेमेतरा ज़िले के विभिन्न 184.0747 करोड़ रुपये के 156 कार्यों भूमिपूजन और 120.0203 करोड़ रुपये के 47 कार्यों का लोकार्पण किया। वही 108 हितग्राहियों को जिन्होंने विभिन्न चिटफ़ंड कम्पनी में राशि लगायी इन हितग्राहियों को 34 लाख 34 हज़ार 684 रुपये की वापसी / अंतरित की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से हितग्राही श्रीमती सरस्वती साहू और गौकरण साहू ने बात की और राशि वापसी के लिए धन्यवाद दिया। संयुक्त ज़िला कार्यालय कलेक्ट्रेट बेमेतरा से संसदीय सचिव विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष छबड़ा,कलेक्टर पी.एस.एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित अपर कलेक्टर, जनप्रतिनिधि चिटफंड के हितग्राही वीडियो कन्फ़्रेंसिंग के ज़रिये जुड़े।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम किरकी का किया गया सम्मान

**बेमेतरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायतों को आज सोमवार 25 सितम्बर को ग्राम परसदा सकरी बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय आवास न्याय योजना कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के ग्राम किरकी को स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गांव के सरपंच केवल सिंह वर्मा एवं सचिव रोशन कुमार साहू को स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर श्रीमती पद्मनी भोई साहू ने प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला बेमेतरा के समन्वयकगण उपस्थि थे। कलेक्टर पी.एस.एल्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम पंचायत किरकी के सरपंच एवं सचिव को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



# भाजपा पदाधिकारियो ने किया पौधा रोपण

**गुण्डरदेही,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही के पदाधिकारियो द्वारा सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर शिव मंदिर पुलिस कालोनी के पास बेल वृक्ष का पौधा रोपण किया गया इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी लाभार्थी प्रमुख व मंडल मंत्री मुरलीधर साहू सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य केशव राम साहू किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व पार्षद टीकाराम निषाद तोमन साहू आदि शामिल थे।



# लीनेस क्लब ने गरीबो को सहायता राशि दी



**बेमेतरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया लीनस क्लब प्रेरणा बिमेतरा समाज सेवा करता रहता है चेयर शारदा तिवारी जी ने दुर्ग रोड गुपचुप ठेला लगाने वाले को सहायता राशि देखकर उसके लिए घर चलाने के लिए व्यवस्था की गई और उसको सहायता राशि देकर उसको घर चलाने के लिए उत्साहित किया गया उसमें क्लब के सदस्य अध्यक्ष विनोद राघव चेयरपर्सन शारदा तिवारी जी उमा तिवारी शशि तिवारी वंदना इंगोले रानी रवानी मामू रवानी वर्षा गौतम मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने किया भव्य एवं मनोरम तांदुला इको टुरिज्म पार्क का वर्चुअल लोकार्पण

**बालोद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप एवं बालोद जिला प्रशासन के अभिनव एवं विशेष प्रयासों से बालोद वासियों को आज सर्वसुविधायुक्त इको टुरिज्म पार्क का सौगात मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित समारोह में संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के समीप स्थित तांदुला जलाशय के तट पर नवनिर्मित इस सर्व सुविधायुक्त इस सुंदर एवं मनोरम तांदुला इको टुरिज्म पार्क का वर्चुअली लोकार्पण कर सैलानियों एवं आम जनता को महत्वपूर्ण सौगात दिया है। लगभग 20 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में नवनिर्मित यह खूबसूरत इको टुरिज्म पार्क प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित होने के कारण सैलानियों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश हुकुमत के दौरान सिंचाई सुविधाओं के विस्तार एवं लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी में सन् 1912 में निर्मित तांदुला जलाशय प्रारंभ से ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। किंतु आज इस तांदुला जलाशय के तट पर जरूरी सुविधाओं से युक्त इको टुरिज्म पार्क के निर्माण हो जाने से जिले के पर्यटन क्षेत्र के विकास एवं विस्तार की दृष्टि से ''सोने पे सुहाग'' साबित हो रहा है। तांदुला जलाशय के विशाल क्षेत्र में फैले निर्मल जल के साथ-साथ खूबसूरत घने जंगलों के बीच स्थित होने के कारण इस इको टुरिज्म पार्क के सुंदरता में चार चाँद लग गया है। पार्क को चारों तरफ से देखने पर ऐसा लगता है कि प्रकृति ने इस स्थान के रूप में अनुपम उपहार दिया है। वास्तव में यह इको फ्रेंडली टुरिज्म पार्क तांदुला जलाशय के तट पर स्थित होने के कारण समुद्र तटीय क्षेत्र का आभास कराता है। इस स्थान पर रेतिली तट के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा सैलानियों को



■ बालोद वासियों को मिला सर्व सुविधायुक्त मनोरम इको टुरिज्म पार्क की सौगात
■ प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित खूबसूरत पार्क
■ सैलानियों के लिए बनेगा खासा आकर्षण का केंद्र

आर्टिफिशियल सेंडबीच का आभास कराने का प्रयास किया गया है।

विदित हो कि बालोद जिला प्रशासन के द्वारा तांदुला नदी के तट पर एक बेहतरीन इको टुरिज्म पार्क की परिकल्पना को साकार करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए इस इको टुरिज्म पार्क में वर्तमान में सर्व सुविधायुक्त 08 कार्टेज, 04 टेंट हाउस का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही इस पार्क में हरियाली का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अंतर्गत पार्क में विभिन्न प्रकार के लगभग हजारों प्रजातियों के फूल एवं पौधों का रोपण किया गया है, जो कि पार्क में आकर्षण का केंद्र बनकर सुंदरता में श्रीवृद्धि कर रहे हैं। इसके अलावा पार्क में आने वाले सैनानियों को उनके रूचि के अनुसार भोजन एवं जलपान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बेहतरीन फाइन डाईन रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के स्थानीय एवं देश-विदेश के अन्य व्यंजनों का लुत्फ सैलानी उठा सकेंगे। पार्क में सैलानियों के भ्रमण हेतु विशाल लॉन के निर्माण के साथ-साथ विशाल पार्किंग सुविधा, वॉच टॉवर, बोन फायर, वॉटर बॉडी बुद्धा स्टेचू, गार्डन आदि का निर्माण किया गया है।

इसके अलावा आगंतुक सैलानियों को उनके रूचि के अनुसार तांदुला जलाशय की सैर कराने हेतु बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में यहाँ पर 06, 12, 18 एवं 32 सीटर बोट उपलब्ध है। इसके साथ ही सैलानियों के लिए 02 सीटर का कयाक एवं 05 सीटर का बनाना राइड की सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में इस पार्क में वाटर पार्क एवं 22 कार्टेज का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इसके साथ ही पार्क में हैलीपेड का भी निर्माण किया गया है। इस तरह से यह पार्क बालोद जिले में पर्यटन क्षेत्र के विस्तार एवं विकास के साथ-साथ लोगों को रोजगार मुहैया कराने का कारगर माध्यम साबित होगा।

# भाजपाईयो ने पं दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

**गुण्डरदेही,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही द्वारा सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म जयंती पर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया जहां सभी कार्यकर्ताओ ने अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम में पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी मुरलीधर साहू लाभार्थी प्रमुख बालोद कोमल सोनकर केशव साहू सौरभ चोपड़ा थानसिंग मंडावी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद पार्षद हरीश निषाद संतोष नेताम शंकर यादव हेमंत सोनकर सतीश महोबिया दयाराम सिन्हा ईश्वर यदु सोहन सिन्हा तोमन साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# दुपचेरा के रामधुनी आयोजन में शामिल हुई संध्या अजेंद्र साहू



**गुरुर,** 26 सितम्बर (देशबंधु)। ग्राम दुपचेरा मे बाल युवा गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन पर्व में रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जय अम्बे रामधुनी मंडली डोंगेश्वर धाम देवपुर धमतरी ने अपनी कार्यक्रम की प्रस्तुति की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद पंचायत गुरूर सदस्य संध्या अजेंद्र साहू मंचासीन थी। अध्यक्षता सरपंच गैदलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेखराम साहू, पंच दानेश्वरी साहू, गायत्री साहू, मंथीरा साहू, योगेश्वरी साहू, तुलसी राम, गुरुदयाल, मनीराम, कोमेश्वर साहू, मोरध्वज साहू, लेखराम साहू, गुलशन साहू, सुभाष साहू, सुकृत साहू, हरिओम साहू थे। मुख्य अतिथि संध्या साहू ने भगवान गणेश जी को बुद्धि के देवता बताते हुए इस कलयुग में युवाओं एवं बच्चों को माता-पिता की सेवा करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण कार्यक्रम में महिलाओ की उपस्थिति अधिक होती है। महिला सशक्त होती जा रही है इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओ को 33त्न आरक्षण दिया है। महिलाओ को हर क्षेत्र मे आगे लाने का प्रयास कर रहे है।

# राज्य स्तरीय हेतु शाउमावि भिरई के खिलाड़ियों का हुआ था चयन

**गुरुर**, 26 सितम्बर (देशबंधु )। 23 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023./24 दिनांक 21.09.2023 से 24.09.2023 तक धमतरी में आयोजित हुआ , जहा कुश्ती व नेट बॉल की प्रतियोगिता आयोजित है। अत: प्रतियोगिता में शा. उ. मा. वि. भिरई के खिलाड़ियों का चयन कुश्ती प्रतियोगिता हेतु बालक अंडर 14 में यश ध्रुव,बालिका अंडर 14में देहुती,दीपिका ठाकुर,बालिका अंडर 17में चंचल निर्मलकर, माधुरी साहू, बालिका अंडर 19में लक्ष्मी भेसले का चयन हुआ था,पी टी आई, जानकी साहू ने बताया कि दीपिका ठाकुर द्वितीय स्थान,लक्ष्मी भेसले व चंचल तृतीय स्थान बनाई, इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पी के साहू ,डी एन देवांगन ने बधाई दी, इस अवसर पर विद्यालय के स्टाप एल के सिन्हा, पीटर कुमार कुर्रे, एम के मारकंडे, एम के बोरकर, अभिनव जंगेल ,एमपी साहू ,जकिया सितारा ,स्नेह रणसिंह,संध्या साहू, लिकेश हिंदू ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दिए।



उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
**पिज्जावाला-** आप शादीशुदा हो?
**आदमी-** ऐसे तूफान और बारिश में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगा भाई।

# भूपेश बघेल को काम नहीं, सिर्फ नाम चाहिए : अजय चंद्राकर

**धमतरी,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि भूपेश बघेल सरकार ने मुख्यमंत्री आवास न्याय के नाम का नया ढोंग रचा है, अपने नेता को बुलाकर प्रदेश की जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं कि गरीबों के लिए 7 लाख मकान बनाए जायेंगे। जो मुख्यमंत्री प्रदेश के गरीबों को पक्का मकान से वंचित रखा, जिनके कच्चे मकान बारिश में ढह गए, ऐसे सभी पीड़ित परिवार भूपेश सरकार को सबक सिखाएंगे।

पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने धमतरी के बठेना समेत अन्य वार्डो के रहवासियों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलने पर शहर सरकार और प्रदेश की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रोजी मजूदरी का अपना पालन पोषण कर रहे वार्डो के अधिकांश गरीब मजदूर तबके के लोग कच्चे मकानों में ही जैसे तैसे गुजर बसर कर रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे गरीब तबके के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी ताकि उनके पास खुद का अपना आशियाना हो, मगर प्रदेश की भ्रष्ट और घोटालेबाज सरकार ने इन गरीब तबके के लोगों का सपने को चकनाचूर कर दिया।



छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार की ग्रामीण आवास योजना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास योजना के नाम पर 30 हजार हितग्राहियों को केवल स्वीकृति पत्र दिया गया है, 47 हजार पक्का मकान देने के लिए 1 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। एक पक्का मकान बनाने के लिए मात्र 21 हजार रुपए दिए जाएंगे, इतने पैसे में पक्का मकान कैसे बनेगा? यह न्याय योजना भी मकान बनने की आस लगाए गरीब भाइयों के साथ फरेब है। राहुल गांधी के हाथों 1 लाख ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त बंटवाई गई है, जब सरकार अंतिम सांसें गिन रही है उस समय अपनी विफलता छुपाने लीपापोती करने में लगी है। जनता भूपेश सरकार की झूठ और फरेब को समझ चुकी है।

यह घोषणा भी पिछले चुनाव के पहले संकल्प पत्र में किए गए झूठे वादे की तरह ही है जो चुनाव के समय की गई है। जब केंद्र की मोदी सरकार ने 16 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए, निर्माण के लिए पैसा दिया, तब यह आवास क्यों नहीं बनाए? गरीब जनता को आवास से वंचित करके क्यों रखा? चुनाव से पहले यह मकान बनाने की घोषणा क्यों कर रहे हैं? भूपेश बघेल केवल नाम चाहते हैं। पौने पांच साल में न तो उन्होंने कोई काम किया है और न कोई काम करना चाहते हैं। उन्हें चुनाव के वक्त गरीबों के आवास याद आ रहे हैं तो क्या वजह है कि इसके पहले उन्होंने गरीबों के आवास में तरह-तरह के अड़ंगे लगाए और गरीबों के आवास नहीं बनने दिए। चुनाव आ गया तो कह रहे हैं कि 7 लाख आवास बनायेंगे। अब उनके पास समय है कहां, जो वे गरीबों के लिए यह आवास बनायेंगे?

उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि आखिर यह नौबत क्यों आई? इसके लिए भूपेश बघेल जिम्मेदार हैं। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने तो उन्हें गरीबों के मकान बनाने के लिए पैसा भेजा था, उन्होंने ही 10 हजार करोड़ ठुकरा दिए। वे नहीं चाहते थे कि छत्तीसगढ़ के सभी आवासहीन गरीबों को पक्का मकान मिले। जब तक राज्य में भाजपा की सरकार रही, तब तक लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ़ की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रादेशिक सम्मेलन आज रायपुर में

**राजिम,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर को रायपुर में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष करेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ विधायक रायपुर सत्यनारायण शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़, विकास उपाध्याय संसदीय सचिव एवं विधायक, रामकुमार पटेल अध्यक्ष शाकंम्भरी बोर्ड रायपुर, सुशील आनंद शुक्ला मुख्य प्रवक्ता छ.ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, द्वारकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। उक्त एकदिवसीय पत्रकार सम्मेलन व परिचर्चा में छत्तीसगढ़ के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा, पत्रकार जगत से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा सहित पत्रकार साथियों की समस्याओं के निदान में सार्थक पहल का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिकारिता के लिए पत्रकार साथियों एवं रचना धार्मियों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक रायपुर होंगे एवं समापन सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष पांडेय सांसद राजनंदगांव, सुनील सोनी सांसद रायपुर, चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुंद, लाभचंद बाफ्ना >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत करेंगे**

# किशोर संस्कार शाला का संचालन कर रही प्रतिभा देवांगन



**कटगी/बलौदाबाजार,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी में श्रीमती प्रतिभा देवांगन व्याख्याता (रसायन शास्त्र) द्वारा नियमित रूप से किशोर संस्कार शाला का संचालन किया जा रहा है। इन्होंने बच्चों को नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण, व्यक्ति निर्माण, समाज कल्याण एवं नारी सशक्तिकरण का ज्ञान दिया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन किशोर संस्कार शाला ग्राम कटगी में बालिकाओं को सम्मानित करते हुए पं श्रीराम शर्मा द्वारा लिखित 201 ज्ञानवर्धक पुस्तकों का भी वितरण किया है।

# आवासहीनों को भूपेश सरकार का तोहफा, दिए जाएंगे पक्के मकान : विनोद

**महासमुंद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल से आवासहीनों को पक्के मकान का तोहफा मिलेगा। प्रदेश में कच्चे घर वाले लोगों को पक्का मकान देने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत राज्य में जिन लोगों के पास घर कच्चे हैं, उन्हें पक्का मकान दिए जाएंगे। इस योजना से छत्तीसगढ़ में कुल 10 लाख 76 हजार बेघर गरीब परिवारों को घर देकर लाभान्वित किया जाना है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरूआत किए जाने ने पर प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण आवास न्याय योजना का फायदा राज्य के लोगों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के गांवों में रह रहे गरीब परिवार के लोग इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन लोगों को भी पक्का मकान मिलेगा, जिनको पीएम आवास योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। छत्तीसगढ़ के ऐसे लोग जिनको पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के नए सर्वे में सोशियो इकोनॉमिक एंड कॉस्ट सेंसस के तहत पीएम आवास योजना के लिए पात्रता नहीं मिल पाई थी, उन्हें अब इस योजना के जरिए पक्के मकान दिए जाएंगे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के सात लाख आवासहीनों को जबरिया रोक रखा है और उनके लिए स्वीकृति नहीं दी जा रही है। जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री से बार.बार आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आवास की स्वीकृति दी जाए लेकिन छत्तीसगढ़ के लोगों की मांग को नहीं माना गया। अलबत्ता भाजपा की उसी गरीब विरोधी सोच के कारण भूपेश सरकार ने आवास न्याय योजना की शुरूआत की है। इस योजना में 2011 की सर्वे सूची के अलावा 47000 नए लोगों को भी आर्थिक गणना कराकर जोड़ा गया है। बीते दिनों आवास योजना की पहली किश्त जारी करते हुए सात लाख आवासहीनों के खाते में डाली गई।



# सड़क पुलिया हमारी क्षेत्र की जनता का अधिकार : अदिति बघमार

**बलौदाबाजार,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। रोड व पुलिया नही तो वोट नही के तर्ज पर ग्राम पंचायत-संकरी, करेली, भैसा, सतभावा, नवापारा के ग्रामीणों द्वारा 5 दिन के शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का तीसरा दिवस संपन्न हुआ। शासन प्रशासन सरकार को जगाने के लिए आंदोलनकारी रामायण का आयोजन कर रहे है। सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन अपनी मांग को लेकर भरे बरसात में बैठे रहे। बहुत से लोग छाता लेकर खड़े रहे पर बरसात भी आंदोलनकारियो के हौसले को कम नही कर पाएं।

तीसरे दिन क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अदिति बघमार आंदोलन को समर्थन देनी पहुँची। साथ मे भाजपा के मण्डल सुहेला के अध्यक्ष शिव कटरिया भी उनके साथ शामिल हुए। अपने बीच मे आंदोलनकारी जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार को पाकर बहुत ही प्रसन्न हुआ। अदिति बघमार ने आंदोलनकारियो को विश्वास दिलाते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आप सब अपने अधिकार की लड़ाई के लिए बैठे है। हम भी इस लड़ाई में आपके साथ है। जहां जहॉ उपस्थित होने को आप लोग आदेश करेंगे हम उपस्थित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के रोड के खस्ता हालात पर चिंता जताते हुए प्रदेश की सरकार के उदासीन रवैया की आलोचना की, अदिति बघमार ने पूर्व में किये गए रोड व पुलिया निर्माण हेतु अपने प्रयासों को लोगो को अवगत करवाया और कहा कि मैं साथ पहले भी थी और परिणाम आने तक साथ हूँ। क्षेत्र की जनता ने चुनकर मुझे जिला पंचायत सदस्य बनाया है। मेरे अधिकार में जो भी शक्ति सामर्थ्य है। उससे अधिक करने का प्रयास करती रहूंगी। आप सबके बीच मे रहकर मैं भी आंदोलनकारी बनकर आप सभी के साथ हूँ।

सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल ध्रुव ने अदिति बघमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिव कटारिया ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में विफल रही है तथा आने वाले समय में ऐसी उदासीनता सरकार को उखाड़ फेंकने का काम क्षेत्र की जनता करेगी। युवा समाजसेवी संदीप वर्मा, सरपंच श्रीमती सुनीता ध्रुव संकरी, करेली सरपंच प्रतिनिधि देवनाथ कोशले उपसरपंच हेमंत सिरमौर, पूर्व सरपंच नवापारा दौलतराम पाल ने समर्थन में आए नेताओ का स्वागत किया। संदीप वर्मा ने आवेदन निवेदन के बाद शुक्रवार से >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**क्षेत्र के खस्ता हालत सड़कों को लेकर ग्रामीण कर रहे हैं आंदोलन**

# भरोसे की सरकार, सेवा जतन सरोकार : विपिन साहू

**धमतरी,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। हमारा राज्य छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी समस्या कुपोषण दर का निरंतर बढ़ना था परंतु हमारी सरकार माननीय भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में इस समस्या को राज्य की बुनियाद के लिए सबसे घातक मानते हुए सरकार गठन के समय इस समस्या के खिलाफ निर्णायक जंग की घोषणा की थी जिसका परिणाम प्रशंसीय नज़र आ रहा हैं प्रदेश में 2.65 लाख से अधिक बच्चे कुपोषण मुक्त हो चुके हैं, 1.65 लाख से अधिक महिलाएं एनिमिया मुक्त की राह में हैं महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बिहान, बीसी सखी, गौठान, रीपा आदि से 34 लाख से अधिक महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा हैं, बस्तर संभाग में दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव में गारमेंट फैक्ट्री का निर्माण कर महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं मितानिनों को पहली बार राज्य मद से 2200 रुपए प्रति माह देने की घोषणा, इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि कर 50000 रुपए दिया जा रहा हैं कुपोषण की खिलाफ़ जंग में महत्वपूर्ण समर्पित भूमिका निभाने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए इनका मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया हैं ऐसे बहुत से कार्य प्रदेश में संचालित योजनाओं के माध्यम से कुपोषण दर में कमी, राज्य की आर्थिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# परिवर्तन यात्रा में भाजपा के पास आरोपों के सिवाय बोलने को कुछ नहीं : राशि

**महासमुंद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर नेताओं द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर कटाक्ष किया है। उन्होंने ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व कर रहे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद अरुण साव और चल रहे अन्य भाजपा नेताओं के पास छग के कांग्रेस की भूपेश सरकार पर आरोप लगाने के सिवाय बोलने को कुछ नहीं है। श्रीमती राशि महिलांग ने कहा कि भाजपा के नेता छग में सरकार बनने पर राज्य की जनता के लिए क्या करेंगे ये बताने की बजाए केवल और केवल भूपेश सरकार पर आरोप लगा रहे है। यात्रा के दौरान भाजपा के नेता यह नहीं बता पा रहे हैं कि उनकी सरकार आई तो क्या.क्या योजनाएं होंगी। जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छग में चुनाव से पूर्व ही किसानों से इस बार प्रति एकड़ 20 किवंटल की दर से धान खरीदने के साथ ही हर साल धान के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की घोषणा कर दी है। भूपेश सरकार ने अपने चुनावी घोषणापत्र में जो.जो वादे जनता से किए वे सिर्फ घोषणा मात्र नहीं थी। सरकार ने कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व ही उसे पूरे भी कर दिखाया। जबकि भाजपा ने सरकार रहते किसानों से किए बोनस जैसे वादे को निभाने की बजाए किसानों के साथ ठगी की। केंद्र में सरकार आने पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल की जयंती मनाई



**महासमुंद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जिला भाजपा कार्यालय में 26 सितंबर को मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में सांसद माननीय चुन्नी लाल साहू, एपूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ नेता मोती साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टाकसाले, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान ने पंडित दीनदयाल जी के जीवनी एवं सिद्धांतो पर अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष लाल विजय सिंह देव किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिलामोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा साहू, वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा, रमेश साहू, महेंद्र जैन, दिग्विजय साहू, झनक राम साहू, सुरेखा कवर, राकेश श्रीवास्तव, हिमांशु चंद्राकर, सुनीता देवांगन, नागेंद्र नसीने, मोहन साहू, अरविंद प्रहरे, सोनाधार सोनवानी, मधु यादव, लक्ष्मी साहू, आकाश पांडे, कुशल साहू, सुमीत जैन, मंहेद्र वर्मा, रोहित पटेल आदि उपस्थित थे।



**सिंघारी में जिओ टावर बंद होने से उपभोक्ता परेशान**

**लवन,** 26 सितंबर। लवन से चार किलोमीटर दूर ग्राम सिंघारी जहां की आबादी लगभग 3000 की है हजार लोगों ने यहां जिओ सिम का उपयोग करते आ रहे हैं विगत एक सप्ताह से जिओ का टावर नहीं होने से सिग्नल नहीं होने से मोबाइल सेवा बंद है।

# शॉपिंग मॉल में अब गेड़ी भी मिलता है, कांग्रेस सरकार ने छग की संस्कृति को सहेजने का काम किया : डॉ. डहरिया

**आरंग,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लागू होने में कुछ ही दिन शेष है ऐसे में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.शिवकुमार डहरिया ने एक बार फिर आरंग नगर पालिका को करोड़ो रूपये के विकासकार्यो की सौगात दी। मंगलवार को आरंग के इंदिरा चौक में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ.डहरिया ने 2130.52 लाख रुपये की लागत से होने वाले 87 विकासकार्यो का भूमिपूजन और 3067.62 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकासकार्यो का लोकार्पण कर आरंग के विकास में एक और अध्याय को जोड़ दिया।इसके अलावा मंत्री डॉ.डहरिया ने नगर पंचायत समोदा,लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग आरंग, मंडी बोर्ड,जनपद पंचायत एवं खादी ग्रामोद्योग के विभिन्न विकासकार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ.डहरिया का आरंग क्षेत्र के सभी समाजो के प्रमुखों ने उनके द्वारा समाजो को दिए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में मंत्री डॉ.डहरिया ने राजीव आश्रय योजना के तहत नगर के 74 लोगो को पट्टा वितरण किया।मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का काम किया है अब प्रदेश के बड़े बड़े शॉपिंग मॉल में हरेली पर्व का प्रतीक गेड़ी भी मिलता है। छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख तीज-त्योहारों ने प्रदेश सरकार ने अवकाश की घोषणा की है। 2 साल कोरोना महामारी के बाद भी प्रदेश में विकास के काफी कार्य हुए है।देश मे अन्य प्रदेशों के मुकाबले छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्य हुए है जिसके कारण प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हुए है। मंत्री डॉ.डहरिया ने पिछली भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले राशन कार्ड सिर्फ चुनाव के समय बनते थे और जब चुनाव हो जाता तो राशनकार्ड से नाम काट देते थे।कांग्रेस सरकार में सभी वर्गों के लोगो का राशन कार्ड बना है।भाजपा के नेताओ का भी राशनकार्ड कांग्रेस सरकार ने बनवाया है। उन्होंने आवास न्याय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि देश मे सबसे पहले गरीबो के लिए आवास बनाने काम कांग्रेस सरकार ने किया।इंदिरा आवास योजना के तहत देश मे इसकी शुरुआत हुई।ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आज भी इसे इंदिरा आवास के नाम से ही जानते है। कांग्रेस सरकार ने बिना भेदभाव किये आवास



- कैबिनेट मंत्री ने आरंग क्षेत्र को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात
- जपं आरंग में 3 अक्टूबर से प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वालों को नि:शुल्क कोचिंग

योजना के तहत लोगो को आवास दिए। डॉ.डहरिया ने आरंग विधानसभा क्षेत्र में हुए विकासकार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि आरंग विधानसभा में 3 नए नगर पंचायत बने जिसमे से मंदिरहसौद को अब नगर पालिका का दर्जा मिल चुका है। गुल्लू में 58 करोड़ की लागत से विद्युत सब स्टेशन बन रहा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी। तुलसी सकरी मार्ग में बहुप्रतीक्षित पतालु नाला पर 6 करोड़ से अधिक की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण किया गया,जिससे उस क्षेत्र के लोगो को काफी राहत मिली।मंत्री डॉ.डहरिया ने आरंग क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बड़ी सौगात देते हुए 03 अक्टूबर से जनपद पंचायत आरंग में नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की घोषणा की है।उन्होंने कहा कि आरंग विधानसभा में जितने विकासकार्यो हुए जनता के आशीर्वाद से हुए है।

मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने आरंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन को जनता को समर्पित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, विशिष्ट अतिथि खिलेश्वर देवांगन ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा. आरंग, शरद गुप्ता, धनेश्वरी खिलावन निषाद, समीर गोरी, दीक्षा सूरज सोनकर, गौरी बाई देवांगन, राममोहन लोधी, ममता जितेन्द्र शर्मा, दीपक चन्द्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, गणेश बांधे, राजेश्वरी साहू, भरत लोधी, उपेन्द्र साहू, के.के. चन्द्राकर, माखन कुर्रे, देवनाथ साहू, आजूराम वंशे, मंजू चन्द्राकर, समीर गोरी, डॉ. घनश्याम टंडन, लक्ष्मीनारायण लोधी, दिलीप चन्द्राकर, संजय चेलक, नारायण कुर्रे, शिव साहू, बसंती साहू, राधेलाल यादव, भूनेश्वर यदु, रहमत खान, अवध लोधी, किशन डहरिया, पिंटू कुर्रे, भीम जलक्षत्री, चंद्रकला साहू, सूरज शर्मा, डॉ. विष्णु भारद्वाज, दिनेश्वर तंबोली, गोपाल साहू, रविकांत साहू, दुजेराम धीवर, महेन्द्र पटेल, जय डहरिया, बलराम पाल, कैलाश ठाकुर, टिकेश्वर गिलहरे, हेमलता लोधी, नरेन्द्र वर्मा, धन्ना साहू, दिलिप कुर्रे, शत्रुहन चेलक सहित विभिन्न समाज के समाजिक पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## खट्टी में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2 अक्टूबर से



**बागबाहरा,** 26 सितम्बर (देशबंधु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी में जय ठाकुर देव क्रीडा एवं सांस्कृतिक समिति पंक्र 24357 के तत्वावधान में 2 अक्टूबर सोमवार को राष्टपिता स्वर्गीय महात्मा गाँधी जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। प्रथम ईनाम 15 हज़ार रुपए, द्वितीय ईनाम 10 हज़ार रुपए, तृतीय ईनाम 7 हज़ार रुपये एवं चतुर्थ ईनाम 5 हज़ार रुपये नगद राशि के साथ शील्ड एवं प्रशस्त्रि पत्र विजेता खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारभ महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं खल्लारी विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका नरेश चन्द्राकर, जनपद पंचायत बागबाहरा की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चन्द्राकर ,मोनिका साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,भेखलाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच श्रीमती मीना बाई, तीरथ राम पटेल आदि होगें। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव एवं नुआपाड़ा उडीसा विधायक राजूभाई ढोलकिया, उषा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, बसंता ठाकुर सदस्य जिला पंचायत ,कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तेजन चन्द्राकर आदि होंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत कुसमी ( देवरी ) मे छठवें वर्ष दो दिवसीय अन्तर्राज्जीय कबड्डी प्रतियोगिता आगामी 4 व 5 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। जिसका प्रवेश शुल्क 201 रुपये रखा गया है। विजेता प्रतिभागी को प्रथम ईनाम 11 हज़ार रुपए डां चमन निषाद देवरी एवं ताराचंद पटेल कुसमी द्वारा द्वितीय ईनाम 7 हज़ार रुपए, अजय देवांगन कुसमी द्वारा तृतीया ईनाम 5 हज़ार रुपए , मिलाप पटेल कारपेंटर कुसमी द्वारा एवं चतुर्थ ईनाम 3हज़ार रुपए किसान मितान कृषि सेवा केन्द्र देवरी के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इन दोनों ग्रामो में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील ग्रामवासियो द्वारा किया गया है।

## तेली पिछड़ा वै. महासभा के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष बने नीलकंठ साहू



**खरोरा,** 26 सितंबर। तेली पिछड़ा वै. महासभा (छग) प्रदेश के द्वारा अपने कार्यकारणी का विस्तार किया जिसमें धरसीवां पवनी निवासी नीलकंठ साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया द्य अपनी नियुक्ति पर नीलकंठ साहू ने राष्टिय अध्यक्ष आर के शाहवाल (रामकृष्ण शाहवल), स्वदेश तेली सस्थापक एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष (छ.ग.) अश्वन्त तुषार साहू , प्रदेश महासचिव अनिल साहू एवं तेली पिछड़ा वै. महासभा (छ.ग.) प्रदेश के पदाधिकारीगणों का आभार जताते हुए विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया द्य गौरतलब हो कि नीलकंठ साहू वर्तमान में सामाज युवा प्रकोष्ठ धरसीवां तहसील संगठन सचिव के पद पर रहते हुए सामाज की आवाज को बड़ी प्रमुखता से रखते हैं इसके इसी सामाजिक समर्पण एवं निष्ठा का ईनाम उपाध्यक्ष के रुप में मिला हैं और नीलकंठ कि नियुक्ति पर सामाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी बधाई देने वालों में तहसील साहू संघ धरसीवां के टीम,अध्यक्ष एवं डारेक्टर श्रम विभाग छ. ग. शासन चूड़ामणि साहू , प्रदेश महासचिव एवं युवा अध्यक्ष तहसील अनिल साहू, थलेश्वर साहू , दुर्गेश साहू , तेजराम साहू , मनोज साहू , ईश्वर साहू , कमल साहू , कौशल साहू, लक्ष्मीनाथ साहू , सुशील साहू, धनी साहू , चंदू साहू , जितेन्द्र साहू आदि प्रमुख हैं।

## पुरानी पेंशन योजना संगठन के राष्ट्रीय आईटी सेल के प्रभारी बने विवेक शर्मा

**राजिम,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री , छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री आध्यात्मिक संग्रहालय गौरव पथ राजिम के संचालक एवम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्य विवेक कुमार शर्मा को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बीपी रावतजी, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे व राष्ट्रीय कार्यकारणी के अनुशंसा से पुरानी पेंशन योजना संगठन का राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी बनाया गया है।यह योजना भारत सरकार से मान्यता प्राप्त (राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा संगठन )जिसमें भारत सरकार के लगभग 24 लाख केंद्रीय कर्मचारी हैं तथा राज्य सरकार के लगभग 61लाख 19 हजार 9सौ कुलमिलाकर 85 लाख सरकारी कर्मचारी हैं तथा निजी प्राइवेट कॉरपोरेट सेक्टर के लगभग 29 लाख कर्मचारी है इस प्रकार कुल मिलाकर 1करोड़ 14लाख कर्मचारियों के राष्ट्रीय संगठन का राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी बनाया गया है। इस उपलब्धि के लिए पूरे देश व छत्तीसगढ़ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित भारत भर के विभिन्न संगठनों ,शुभचिंतकों परिवार जनों , मित्रगणों द्वारा बधाई एवम शुभकामनाएं दी जा रही है कि 28सितंबर से 01अक्टूबर तक देहरादून प्रवास से राजिम वापस आने के बाद 02अक्टूबर को उनके भव्य



स्वागत की तैयारी की जा रही है।इस परिप्रेक्ष्य में विवेक शर्मा जी ने कहा कि पूरे भारत में 01 नवंबर 2004 के बाद पुरानी पेंशन योजना को बंद कर नई पेंशन योजना एन पी एस लागू की गई जो कर्मचारियों एवम उनके परिवारजनों के लिए कतई हितकर नहीं है क्योंकि 25वर्ष व उससे ज्यादा सेवा देने के बाद उनको पेंशन का सही लाभ हक्क प्रणाली से नही मिल पाता । इसी के लिए पूरे देशभर में पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन द्वारा देशव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है उसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली की गई है हालांकि उसमें भी सुधार की आवश्यकता है जैसे छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग में सांविलयन प्राप्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से गणना कर पेंशन लाभ व पूर्ण पेंशन के लिए समय सीमा 33वर्ष की जगह 20वर्ष करने की मांग आदि है।

## परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए महेन्द्र साहू के साथ संडी के भाजपाई

**पलारी,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से निकली परिवर्तन यात्रा विजय संकल्प रैली की बड़ी आमसभा कसडोल में आयोजित की गई । सभा मे केन्द्रीय मंत्री श्रीपाद नाईक, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित प्रदेश के दर्जनों दिग्गज नेता शामिल हुये । इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल संडी के हजारों कार्यकर्ता एवं आम जनता मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी महेन्द्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ शामिल हुये । मंडल अध्यक्ष महेन्द्र ने कहा जिस प्रकार से 2003 में अजीत जोगी की कांग्रेस सरकार को बदलने के लिये तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा निकाला गया और भाजपा की सरकार बनी उसी प्रकार दंतेवाड़ा एवं जशपुर से प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में निकली यह परिवर्तन यात्रा का बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ समापन होगा । निश्चित ही इस यात्रा से कार्यकर्ताओं में एक नया ऊर्जा का संचार हुआ है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी । परिवर्तन यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा,



शम्भूसिंह डहरिया, भीष्मदेव सोनवानी, डागेश्वर वर्मा, पुनीत वर्मा, कृतराम वर्मा, राजू बंजारे, पप्पू वर्मा, विजय कोशले, ओंकेश्वर वर्मा, उमेश यदु, निर्मला रजक, परमेश्वरी वर्मा, मिथलेश साहू, भारती साहू, ललिता धृतलहरे, चंपा वर्मा, धनेश्वरी साहू, प्रभा कोशले, हुलाश वर्मा, लीलाधर साहू, खिलेश्वर धृतलहरे, भानसिंह ध्रुव, श्यामू साहू, नंद जायसवाल, सुधेराम वर्मा, राहुल बघेल, रामेश्वर धीवर, दौलत यादव, ओमप्रकाश वर्मा, मुकेश साहू, हिमांशु वर्मा, यशवंत तिवारी, कमलनारायण साहू, कामेश्वर साहू, मनीष दीवान, परस साहू, मदन साहू, नाथू वर्मा, देवव्रत वर्मा, नंदू चन्द्राकर, विशाल चन्द्राकर, खेमराज साहू, सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुये ।

## नागेंद्र निषाद की शिकायत पर तोता बेच रहे दो आरोपियों के विरुद्ध वन विभाग ने की कार्रवाई

**नवापारा राजिम,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के जागरूक युवा ,समाज सेवी एवं पर्यावरण प्रेमी नागेंद्र निषाद ने आज नगर के छाटा रोड़ पर अवैध रूप से दिन दहाड़े तोते बेचने वालो दो आरोपियों के भनक लगते ही नागेन्द्र निषाद ने वन विभाग के उच्च अधिकारीयों को इसकी जानकारी दी विभाग ने विषय की गंभीरता को समझते हुए , एक्शन लेते हुए तत्काल वन विभाग के अधिकारी उक्त स्थल भेजा जहा पर पहुंच कर तीन तोता तस्करो शंकर नायडू निवासी चुना भट्टी रायपुर को पकड़ा थोड़ी देर बार नागेन्द्र निषाद को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिला की थोड़े दूरी पर एक बड़े थैला में एक व्यक्ति और हैं जो थैला लिए उसके अंदर तोते को रखा है तभी वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी ।जाकारी के आधार पर वन अधिकारियो ने वहा दविश दी ओर लोकेश डीडी के थैला में कुल 8 नग तोता बंद पिजरे में पाया गया जिसके बाद वन विभाग ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 11 तोता को जप्त कर आगे की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है स उक्त कार्रवाई में में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी गिरीश रजक एवं वन रक्षक रोहित साहू सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा स



नागेंद्र निषाद इस तरह के वन्य जीवों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ हमेशा से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं विगत कुछ दिनों पूर्व भी इसी तरह से नगर में दिन दहाड़े तोता को अवैध रूप से बेचने वालों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम अंतर्गत तोता पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है चुकी वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के हिसाब से सेडयुल 1 में अर्थात गंभीर विलुप्त वन्य जीव की श्रेणी में आता है इसकी जानकारी के साथ समझाया भी गया था किन्तु वही लोग पुन: अवैध रूप से तोता बेच रहे थे जिसके बाद पर्यावरण प्रेमी नागेंद्र निषाद ने कड़ी कार्रवाई के लिए वन विभाग को शिक़ायत वन विभाग ने 11 नग तोता को जप्त कर दो आरोपियों के गिरफ्तार कर वन्य जीव अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

## परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया



**भाटापारा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा परिवर्तन यात्रा सभा में उर्मिला बांधे और उसकी टीम ने अधिक संख्या में भाजपा प्रवेश किया उन सभी का स्वागत विधायक शिवरतन शर्मा ने बीजेपी गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उर्मिला ने कहा सभी कांग्रेस कर्ताओं का कहना यह था कि सरकार की पार्टी वादा खिलाफी और झूठी पार्टी है जैसे कि भूपेश सरकार ने वादा किया था कि शराबबंदी बंद करेंगे तो नहीं किया भाटापारा को जिला बनाने का भी वादा किया था और इसी प्रकार से कई वादे किए थे जिसे वहां नहीं निभा सकी है जिसे तंग आकर उन्होंने भाजपा प्रवेश किया!

## प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन आज रायपुर में

**बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार,** 26 सितम्बर(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर को रायपुर में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष करेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ विधायक रायपुर सत्यनारायण शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़, विकास उपाध्याय संसदीय सचिव एवं विधायक, रामकुमार पटेल अध्यक्ष शाकंम्भरी बोर्ड रायपुर, सुशील आनंद शुक्ला मुख्य प्रवक्ता छ.ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, द्वारकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। उक्त एकदिवसीय पत्रकार सम्मेलन व परिचर्चा में छत्तीसगढ़ के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा, पत्रकार जगत से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा सहित पत्रकार साथियों की समस्याओं के निदान में सार्थक पहल का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिकारिता के लिए पत्रकार साथियों एवं रचना धार्मियों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक रायपुर होंगे एवं समापन सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष पांडेय सांसद राजनंदगांव, सुनील सोनी सांसद रायपुर, चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुंद, लाभचंद बाफना पूर्व विधायक



साजा, पुरंदर मिश्रा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ उत्कल समाज, इंदु बंजारे विधायक पामगढ़ की गरिमामयी में उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक ब्रजेश चौबे, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रदेश कार्यालय सचिव मनोज मिश्रा, प्रदेश सलाहकार भरत मिश्रा, राम साहू जिला अध्यक्ष, रायपुर ने की है 7साथ ही इस प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन में बिलाईगढ़ से संरक्षक योगेश शर्मा अध्यक्ष शैलेंद्र देवांगन कोषाध्यक्ष धनेश यादव उपाध्यक्ष रमेश साहू गोपाल साहू सतीश रात्रे यादराम हिरवानी आदि सम्मिलित होंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भूपेश बघेल को काम...

रफ्तार बहुत तेज रही। कांग्रेस ने आते ही गरीब का हक छीन लिया।

भाजपा विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने जिस गति से विकास किया, वह एक मिसाल है। केंद्र सरकार ने जनता के कल्याण के लिए जो योजनाएं लागू कीं, उनका लाभ छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को कांग्रेस की सरकार ने लगभग 5 साल से मिलने नहीं दिया। भाजपा की राज्य सरकार ने 2018 तक छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उपलब्ध कराया लेकिन जब से कांग्रेस की सरकार बनी तब से छत्तीसगढ़ की जनता मोदी जी की योजनाओं के लाभ से वंचित है।

### छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ...

पूर्व विधायक साजा, पुरंदर मिश्रा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ उत्कल समाज, इंदु बंजारे विधायक पामगढ़ की गरिमामयी में उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने का अपील छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक ब्रजेश चौबे, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रदेश कार्यालय सचिव मनोज मिश्रा, प्रदेश सलाहकार भरत मिश्रा, राम साहू जिला अध्यक्ष, रायपुर ने की है।

### सड़क पुलिया हमारी क्षेत्र की...

बलौदाबाजार सिमगा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम की बात कही व परिणाम नही आने पर इससे भी उग्र आंदोलन की बात कही। प्रमुख आंदोलनकारी महेंद्र साहू, सोनू वर्मा, लोमस वर्मा, मंशाराम यादव, पुमेश वर्मा, प्रह्लाद वर्मा, संभू यादव, भुरवा यादव, श्रीमती पुशैया ध्रुव, श्रीमती डोमेश्वरी यादव, श्रीमती पुष्पा यादव, कु.नितेश्वरी वर्मा, कु.कमानी वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### भरोसे की सरकार, सेवा...

व्यस्था में वृद्धि हर वर्ग के प्रति विकास को केंद्र बिंदु मानकर किया जा रहा हैं मुझे पूर्ण विश्वास हैं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी व माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा विश्वसनीय कार्य को मत के माध्यम से अपना प्यार व आशीर्वाद प्रदान करेगी।

### परिवर्तन यात्रा में भाजपा...

महंगाई से राहत दिलाने की बात की थी। पर आज देश में कांग्रेस कार्यकाल में जो सिलेंडर 600 सौ रुपए मिलता था उसके लिए आज जनता को 12 सौ रुपए देने पड़ रहे हैं। भाजपा ने केंद्र में महंगाई को मुद्दा बनाकर सत्ता हासिल की थी। आज सरकार बनने के बाद सिलेंडर, पेट्रोलए डीजल और खाद्य सामग्रियों और अन्य चीजों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। जिस पर भाजपा नेताओं ने मोदी जी के भय से मौन साध लिया है। छग में दौरे पर आए पीएम नरेंद्र मोदी जी ने भी कांग्रेस पर आरोप लगाए। पर ये नहीं कहा कि वे महंगाई से देशवासियों को राहत दिलाने के लिए क्या कर रहें है।

## कलार परिवार की रगों में दौड़ रही छग की परंपरा और संस्कृति : नीरज

**पिथौरा,** 26 सितंबर। कलार समाज की महिलाएं परिवार के साथ समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, इसीलिए कलार समाज छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर पाने में सफल हो रहा है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ कलार समाज के जिलाध्यक्ष नीरज गजेंद्र ने पिथौरा में आयोजित कलार परिवारों के तीज मिलन के उद्घाटन समारोह में कही। तीज और छत्तीसगढ़ की संस्कृति में महिलाओं की भागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ी परंपराएं कलार समाज के रगों में दौड़ती है, और उससे हम सभी गर्व का अनुभव करते हैं। यह छत्तीसगढ़ की मिट्टी का ही प्रभाव है कि समाज में महिलाओं को मिले स्थान से कलार परिवार सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से मजबूत हुआ है। उन्होंने समारोह में मौजूद महिला-पुरुषों को समाज के आराध्य शिव-शक्ति की कथाओं को जीवन में उतारने का अनुरोध किया।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद छत्तीसगढ़ कलार समाज की महिला मंच प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा ने विश्वास दिलाया कि कलार समाज की महिलाएं परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहीं हैं और इस दिशा में अनवरत वे काम करती रहेंगी। उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के बीच के भेद को सभी समाजों में खत्म करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कलार समाज में प्रारंभ से ही महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिया है, त्याग और तपस्या की मिसाल रही माता बहादुर कलारिन की वीरगाथा महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने में आजीवन मार्गदर्शक बनकर रहेगी।

कौडिया (पिथौरा) परिक्षेत्र की महिला मंच के इस आयोजन में महिलाओं ने तीज की महत्ता से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महिला मंच की परिक्षेत्र अध्यक्ष मीना सिन्हा ने अपने स्वागत उद्बोधन में क्षेत्र की महिलाओं और उनकी गतिविधियों से समाज को अवगत कराया। समारोह को संबोधित करते हुए मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा ने घर को स्वर्ग बनाने में महिलाओं के योगदान का उल्लेख किया, उन्होंने कहा कि महिलाओं



**परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में महिलाओं का योगदान अहम : प्रमिला**

की गतिविधियों से ही परिवार की दशा-दिशा तय होती है, इसलिए जरूरी है कि महिलाएं अपनी गतिविधि को समाज हितैषी बनाएं। समारोह को जिला उपाध्यक्ष उमेश नशीने व परिक्षेत्र संरक्षक प्रेमलाल सिन्हा ने भी संबोधित किया। समारोह के मंच में वक्ताओं के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, प्रमुख मार्गदर्शक शशिकुमार डड़सेना, महिला मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामदुलारी सिन्हा, महिला मंच नगर अध्यक्ष अनुराधा डड़सेना, भारती सिन्हा, जिला सचिव परमेश्वर डड़सेना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

भगवान सहस्त्रबाहु की अराधना और दीप प्रज्जवलन के बाद शुरू हुए समारोह में विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उनके विजेताओं को सम्मानित-पुरस्कृत किया गया। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश डड़सेना,सचिव पोला राम डड़सेना, कोषाध्यक्ष महेन्द्र डड़सेना, नगर प्रमुख राजू सिन्हा पार्षद, उपाध्यक्ष मानश्रवण डड़सेना, आत्माराम पंकज डड़सेना, नंदकुमार डड़सेना, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ट के संयोजक हेमन्त डड़सेना, वरिष्ठ पदाधिकारी रतनलाल डड़सेना, पुष्पराज गजेन्द्र, साबुलाल सिन्हा, लखनलाल डड़सेना, युवा मंच अध्यक्ष ओम सिन्हा, योगेन्द्र डड़सेना, सादराम डड़सेना, खगेश्वर डड़सेना ,खिलेश्वर सिन्हा, पप्पू सिन्हा, सुरेश सिन्हा ,चंचल सिन्हा, विष्णु सिन्हा, विशेष रूप से मौजूद रहे।

**प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित और पुरस्कृत**

प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़ की विजेता प्रेरणा डड़सेना को प्रथम, विमला गजेन्द्र को द्वितीय स्थान मिला। इसी प्रकार फुगड़ी में प्रथम मोनिका सिन्हा, बिंदी चिपकाओ प्रतियोगिता प्रथम टुकेश्वरी सिन्हा, द्वितीय मोनिका सिन्हा, मटका फोड़ प्रथम दुर्गेश्वरी डड़सेना ,बलून फुलाव में लक्ष्मी सिन्हा, भुनेश्वरी डड़सेना, धर्मिन डड़सेना, उषा सिन्हा ,तीजा पोरा सामूहिक नृत्य पर टुकेश्वरी डड़सेना, अनुराधा डड़सेना, ठगिया डड़सेना, गायत्री सिन्हा रहीं। आयोजन को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश डड़सेना, प्रतिभा डड़सेना, गायत्री डड़सेना, किरण सिन्हा, देवकी डड़सेना, पूजा सिन्हा,सुनीता डड़सेना, भुनेश्वरी डड़सेना, नीता डड़सेना, हेमबाई डड़सेना,संतोषी सिन्हा, का योगदान सराहनीय रहा। संचालन सुश्री दुर्गा डड़सेना, योगेश्वर गोलू डड़सेना और आभार प्रदर्शन प्रतिभा अनुराधा डड़सेना ने किया।

# छत्तीसगढ़ के गरीब के हक का पैसा कांग्रेस विधायकों के घर से निकल रहा : अरुण साव

**भाटापारा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा भूपेश बघेल की सरकार ने ऐसा भ्रष्टाचार किया, ऐसा सिस्टम बनाया की जनता के हक का पैसा कांग्रेस विधायको के घर से निकल रहा है।

सत्ता के नशे में कांग्रेस मगरुर हो गई है और जनता के हितों को कुचल रही है जनता का पैसा दिल्ली गांधी परिवार के पास भेज रही है ऐसे में जनता ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को नही चाहती वैसे भी कांग्रेस का सिस्टम है 100 में से 15 रु ही जनता के पास जाता है बाकी कांग्रेस के द्वारा भ्रष्टाचार कर लिया जाता है।

अरुण साव ने कहा छत्तीसगढ़ में चारो और अशांति है असुरक्षा का माहोल है बच्चियों के साथ लगातार अनाचार की घटनाएं हो रही है दहाड़े लूट डैकती और बर्बरता से हत्याएं हो रही है और कांग्रेस सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है।ये सरकार माफियाओं की सरकार बन के रह गई है।छत्तीसगढ़ में विकास के सारे काम रुके हुए है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए परिवर्तन जरूरी है।



### भाजपा की सरकार बनने पर सबको मिलेगा प्रधानमंत्री आवास : सुनील सोनी

सुनील सोनी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की जनता को बधाई। कांग्रेस ने यह बिल लगातार अटकाए रखा लेकिन महिलाओं को उनका अधिकार मिले इसकी चिंता केवल मोदी जी ने की। हमने कहा है हमारी सरकार जब बनेगी तो जब हमारा मुख्यमंत्री बनेगा तो पहले प्रधानमंत्री आवास की फाइल साइन करेगी बाद में मुख्यमंत्री अपने मुख्यमंत्री निवास जायेगी।

### सतनामी समाज को भौंकने वाला बोलने वाली कांग्रेस को सबक सिखाना है : गुरु बालदास

सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास ने कहा कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूब चुकी है सब पर अत्याचार हो रहा है सबसे ज्यादा अपराध महिलाओं के साथ हो रहे है ये समझ में नहीं आ रहा है प्रदेश कोई कानून व्यवस्था है की नही सरकार है की नही।हमे डबल इंजन की सरकार बनानी है और दोगुना विकास करना है डबल इंजन की सरकार हर प्रकार से सुरक्षा की गारंटी देगी। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार सभी को आपस में लड़वाने का काम करवा रही है अनुसूचित जाति के साथ भी अन्याय किया ।कांग्रेस ने हमारा आरक्षण छीना,सतनामी समाज को भौंकने वाला बोला है ऐसे लोगो को सबक सिखाने की जरूरत है।

### जब शिवरतन शर्मा विधानसभा में बोलते है तो कांग्रेस की बोलती बंद हो जाती है : बृजमोहन अग्रवाल

सतमानी समाज के लोगो जिस सरकार में नग्न होकर प्रदर्शन करना पड़ा है उन्हे अब बदलना ही है ये परिवर्तन यात्रा इसीलिए ही निकाली गई है।भूपेश सरकार ने पूरे प्रदेश की सड़को को डबरा बना दिया है, युवाओं को नशे की लत में डालकर बर्बाद किया जा रहा है गांव के मां बाप अपने बच्चो को शहर पढ़ने भेजने से संकोच कर रहे है।कांग्रेस के नेताओ के रिश्तेदारों का पीएससी में सलेक्शन हों रहा है और अपना जमीन बेच कर अपने बच्चो को पढ़ाने वाले का सलेक्शन नही हो रहा है। युवाओं का 15 हजार करोड़ ये सरकार खा गई है विधवाओं को पेंशन नहीं मिल रहा है टैक्स आधा नही हुआ कांग्रेस ने सबकुछ झूठ कहा था सबको धोखा दिया इसीलिए अब उन्हे विदा करने का समय आ गया।

### भाजपा की सरकार बनने पर भाटापारा को जिला बनाएंगे : शिवरतन शर्मा

भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास को कांग्रेस हमेशा बाधित करती है मुख्यमंत्री और टी एस सिहदेव ने घोषणा की थी भाटापारा को जिला बनाया जाएगा लेकिन 5 साल बाद भी नही बनाया भाजपा की सरकार आयेगी तो भाटापारा के विकास के लिए इसे जिला बनाया जाएगा।भाटापारा में मूलभूत सुविधाएं बढ़े भाटापारा में रोजगार के साधन बढ़े इसके लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।

# जिले में संवाद 24x7 वाट्सएप्प चैटबोट का हुआ शुभारंभ

**गरियाबंद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में आम जनता के समस्याओं व मांगो के निराकरण तथा सुझाव प्रदान करने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने वाट्सएप्प चैटबोट का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे वाट्सएप्प के माध्यम से ही अपनी मांगों, समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण की सुविधा मिलेगी।




- वाट्सएप्प नम्बर 9343300800 पर किसी भी समस्या, मांग एवं सुझाव की दे सकेंगे जानकारी
- वाट्सएप्प के माध्यम से भी होगा जिलेवासियों के समस्याओं का समाधान

मंगलवार को कलेक्टर छिकारा ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक के दौरान चौबीसों घंटे सक्रिय वाट्सएप्प चैटबोट संवाद 24*7 का शुभारंभ किया। इस चैटबोट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 9343300800 पर हाय या हेलो लिखकर मैसेज भेजने पर चैटबोट स्वत: ही उपयोगकर्ता से उनका नाम पता और सवाल पूछने लगता है। मैसेज में नाम इत्यादि की जानकारी दर्ज करने उपरांत किसी भी विभाग से संबंधित मांग, समस्या या सुझाव के बारे में जानकारी दर्ज करने का अवसर देता है। जानकारी दर्ज करने के पश्चात उपयोगकर्ता का समस्या-सुझाव सीधे संबंधित विभाग के पास पोर्टल के माध्यम से चला जाता है। साथ ही उपयोगकर्ता को इसकी पावती भी उसी वाट्सएप्प नम्बर पर स्वत: ही प्राप्त हो जाती है। चैटबोट के माध्यम से प्राप्त समस्या, सुझावों को संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जायेगा। साथ ही इसकी जानकारी उपयोगकर्ता को तय समय में दी जायेगी। चैटबोट प्रारंभ हो जाने से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को जिला कार्यालय जाए बिना ही किसी भी समस्या-सुझावों का निराकरण करवाने में सुविधा होगी। साथ ही बार-बार कार्यालय भी नहीं जाना पड़ेगा।

इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने कहा कि संवाद चैटबोट का उद्देश्य बिना परेशानी एवं भागदौड़ के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। चैटबोट से प्राप्त समस्याओं के निराकरण की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी। जिससे लोगों को तेजी से उनकी समस्याओं का समाधान मिल पायेगा। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि संवाद चैटबोट के माध्यम से वाट्सएप्प नम्बर 9343300800 पर अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को जरूर अवगत कराये। जिससे उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी और घर बैठे वाट्सएप्प के माध्यम से ही उनकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारी- कर्मचारियों को चैटबोट के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएमश्री स्कूल छड़िया में कबाड़ से जुगाड़ निर्माण का शुभारंभ

**पलारी,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। 25 सितम्बर को पी एम श्री से सम्मान प्राप्त प्राथमिक शाला छड़िया में नवाचार विधि से खेल खेल में शिक्षण गतिविधि से अध्ययन अध्यापन के लिए जादुई पिटारा कबाड़ से जुगाड़ का शुभारंभ किया गया जुदाई पिटारा निर्माण में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रभा कश्यप , संकुल समन्वयक मुकेश कुमार साहू, घनश्याम वर्मा, दुर्गा साहू, राम कुमार जायसवाल दुलारी पटेल सावित्री ध्रुव आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है जादुई पिटारा के संयोजक आराधना वर्मा जिसे शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकार से च्वशिक्षादूतज्ज गौरव अलंकरण से नवाजा गया है। इस अवसर पर जादुई पिटारा के ब्लाक नोडल अधिकारी हेमलाल साहू के उपस्थिति में जादुई पिटारा का प्रदर्शन किया गया नोडल अधिकारी साहू ने बताया कि इस सत्र पलारी ब्लाक के समस्त प्राथमिक शाला में एफ एल एन और जादुई पिटारा कबाड़ से जुगाड़ पर फोकस रहेगा और सभी प्राथमिक शाला में आगामी 1 में माह में जादुई पिटारा निर्माण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिया गया कहा शिक्षक, और बच्चे मिलकर जादुई पिटारा का निर्माण करेंगे।इस कार्यक्रम में हाई स्कूल के प्राचार्य शिक्षक प्राथमिक शाला बिनौरी प्राथमिक शाला छेरकडीह प्रधान पाठकों और शिक्षकों योगदान रहा।



# सर्व ब्राम्हण समाज के नुआ खाई मिलन समारोह में प्रतिभावान बच्चों को किया गया सम्मानित

**सरायपाली,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज सरायपाली का नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन टाउन हाल झिलमिला में भगवान परशुराम के पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ सरायपाली विकासखंड के समस्त उत्कल ब्राह्मण समाज के अधिसंख्य सदस्य गण सपरिवार उपस्थित थे,9अध्यक्ष प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सरायपाली के समाज के 16 प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया, वहीं विशेष रूप से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पहली बार समाज सरायपाली से लेखा अधिकारी पद पर चयनित निखिलेश मिश्रा एवं फॉरेस्ट रेंजर पद पर चयनित डॉक्टर एकता कर का समाज के द्वारा शाल स्मृति चिन्ह ,मेडल पुष्प वर्षा से सम्मान किया गया, कार्यक्रम में महिलाओं की मेहंदी, तात्कालिक भाषण,बालिकाओं के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम , गीत प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए जिसमें खुशबू रथ का तांडव नृत्य,सेजल पुरोहित का ओडिसी नृत्य,आयुषी मिश्रा का राधा नाचिब, आर्या महापात्र का ओड़िया नृत्य, आर्या होता का झूली झूली ,अर्चिता मिश्रा,अक्षता मिश्रा,अलका कर,अर्पिता कर,का शानदार गीत, नयन पंडा का ओजस्वी भाषण सहित ब्राह्मण बालक बालिकाओं के कार्यक्रमों,ने खूब तालियां बटोरी,रंगोली,प्रसाद,फूल,मंच सज्जा,सारी व्यवस्थाओं में सामाजिक जनों का उत्साह नजर आया, साथ ही कार्यक्रम में नुआखाई पर मुख्य अतिथि प्रदेश उत्कल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा द्वारा उपस्थित विप्र बंधुओं को नुआ प्रसाद वितरण किया गया,,उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक नुआखाई एक सामाजिक क्रांति है जिसके आने वाले समय में परिणाम दिखेंगे,,उन्होंने विप्र बंधुओं से एकजुता बनाए रखने की अपील की,श्री मिश्रा ने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को समाज के लिए गौरव बताया,,,प्रदेश प्रवक्ता तरुण दास ने अपने उद्बोधन में वर्ण शंकर संतान पर वैदिक व्याख्यान देते हुए समाज के युवा पीढ़ी से माता पिता आदेश एवं सहमति पर विवाह करने की मार्मिक अपील की,,, सभा को जिलाध्यक्ष नित्यानंद मिश्र, हेमंत दास सहित अन्यअतिथियों ने उद्बोधन दिया ,पश्चात भोजन प्रसादी के साथ नवा खाई की बधाई एक दूसरे को प्रेषित किया गया ,ज्ञात हो कि पश्चिमी उड़ीसा से लगे छत्तीसगढ़ की सीमा में नुआखाई एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जिसे हर्षोल्लास से मनाया गया ,इस वर्ष प्रथम बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष उत्कल ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़, नित्यानंद मिश्रा जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज जिला महासमुंद ,तरुण दास प्रदेश प्रवक्ता उत्कल ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़, हेमंत दास उत्कल ब्राह्मण समाज बसना, दशरथ महापात्र उत्कल ब्राह्मण समाज बसना ग्रामीण, पीसी सामंत राय उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा, सहित विभिन्न महिला पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे,अध्यक्ष प्रकाश मिश्र एवं कार्यकारिणी ने विकास खंड के समस्त विप्र बंधुओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बधाई प्रेषित की,,,कार्यक्रम का संचालन पूर्णानंद मिश्र,नवीन मिश्र,एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती शांति मिश्र ने किया



# भाजपा की परिवर्तन यात्रा का सिमगा में हुआ भव्य स्वागत

**सिमगा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। परिवर्तन यात्रा बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा से शुरू हुई जो प्रदेश के विभिन्न स्थानों भ्रमण करने के बाद आज मंगलवार को भाटापारा विधानसभा के नगर पंचायत सिमगा में दोपहर 1 बजे पहुंचा। कार्यक्रम स्थल पुराना बस स्टैंड में अनिल पांडे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। परिवर्तन यात्रा के रथ में सवार प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव केन्द्रीय मंत्री भागवत कड़ार सांसद सुनील सोनी यात्रा प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल शिवरतन शर्मा एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा का स्वागत किया ।उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि परिवर्तन यात्रा में आप सब की उपस्थिति यह दर्शा रही है कि इस बार के होने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन जरूर आएगा। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार से जनता दुखी एवं पीड़ित है। आप सब की उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बनने वाली है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए भाजपा को जिताने अपनी किया। परिवर्तन यात्रा कल सोमवार को देर शाम भाटापारा पहुंचा और आज सुबह यात्रा सिमगा होते हुए रायपुर के लिए निकली। इस दौरान लिमतरा चौक दामाखेड़ा एवं बनसांकरा में परिवर्तन यात्रा का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया यात्रा के आगे आगे भाजुयूमो के कार्यकर्ताओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी तथा सांस्कृतिक नृत्य दल के लोग गाजे बाजे के साथ यात्रा के आगे आगे चल रहे थे ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष केजू बघेल किसान नेता अनिल पांडे रमेश सोनी आनंद यादव धीरज जैन अभिजीत अवस्थी सचिन जैन हेमसिंग चौहान चंद्रमणि तिवारी सूर्यकांत ताम्रकार रुक्मणी साहू सरोज देवांगन छोटू यादव कमलेश साहू हेमंत साहू मनोज चौबे नारायण निषाद मनोज टोंडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा भाजयुमो एवं भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



# राहुल गांधी का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत

**भाटापारा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। लोकसभा सांसद कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी बिलासपुर से रायपुर तक के ट्रेन से यात्रा की भाटापारा रेलवे स्टेशन पर राहुल गांधी जी का कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में भव्य स्वागत किया गया, और स्टेशन पर जमकर नारेबाजी की गई, राहुल गांधी बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे, राहुल गांधी जी ने यात्रा के दौरान यात्रियों से बातचीत की कोच मे बैठे विद्यार्थियों से भी उन्होंने लंबें समय तक वार्ता की और उनकी बाते और समस्याओं को जाना, इस दौरान वे एक कोच से दूसरे कोच में जाते रहे और लोगों से मेल मुलाकात करते रहें और बातचीत भी उन्होंने लोगों से की भाटापारा आते तक वे स्लीपर के कोच नंबर एस3 मे यात्रा कर रहें थे, भाटापारा स्टेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार में निगम मंडल के सदस्य श्री सतीश अग्रवाल जी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व कांग्रेसजनो भव्य स्वागत किया गया। साथ ही इंटरसिटी एक्सप्रेस लगभग 5 मिनट तक भाटापारा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही, छत्तीसगढ़ सरकार में निगम मंडल के सदस्य श्री सतीश अग्रवाल जी भी भाटापारा से राहुल गांधी जी के साथ कोच क्रमाक एस 3 में चढ़कर रायपुर तक यात्रा मे शामिल हुए।



# 102 हड़ताल में, संजीवनी 108 की टीम ने गर्भवती महिला का कराया सुरक्षित प्रसव



**गरियाबंद,** 26 सितंबर (देशबन्धु)।जिले में 102 महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन में है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने की जिम्मेदारी संजीवनी 108 की टीम निभा रही रही। बीते एक हफ्ते से लगातार 108 संजीवनी एक्सप्रेस पूरी निष्ठा के साथ घायलों के अलावा गर्भवती महिलाओं को भी सेवा दे रहा है। इस बीच मंगलवार को संजीवनी 108 एक्सप्रेस के टीम ने एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव भी कराया। संजीवनी एक्सप्रेस 108 में ही महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। संजीवनी एक्सप्रेस 108 के जिला समन्वयक अनिकेत साहू ने इसकी पुष्टि की।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को ब्लॉक के गरबनटोरा निवासी गर्भवती महिला कौशल्या बाई कमार को हॉस्पिटल ले जाने के लिए परिजनों ने 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी उर्वशी साहू और पायलट प्रकाश साहू तुरंत गांव पहुँचे। 108 टीम घर पहुँचीं तो महिला को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। इस पर ईएमटी उर्वशी ने जांच में पाया कि यह प्रसव की अंतिम क्षण है। ऐसे में ईएमटी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर से संपर्क किया और उनके सलाहनुसार और परिजनों की सहमति उपरांत घर में प्रसव कराने का निर्णय लिया। ईएमटी महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इसके पश्चात माँ और नवजात शिशु को जिला अस्पताल गरियाबंद में शिफ्ट कराया। सुरक्षित प्रसव हेतु परिजनों ने 108 की टीम को धन्यवाद दिया। इसके अलावा इस हफ्ते में संजीवनी एक्सप्रेस 108 ने कई गर्भवती महिलाओ को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल तक पहुंचाया है।

# भूपेश बघेल की सरकार में समाज एवं प्रदेश को एक नई पहचान मिली : द्वारिकाधीश

**बागबाहरा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में समाज एवं प्रदेश को विकास के रास्ते पर एक नई दिशा एवं पहचान मिली है। जिससे प्रदेशवासी खुशहाल एवं उन्नतशील हैं। कका के राज में प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा, बेरोजगार, व्यापारी, छात्र-छात्राएं एवं गरीबो के साथ सभी वर्गो के लोग खुशहाल है। कका ने पौने पांच साल में छत्तीसगढ़ का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली, सामाजिक भवन, शासकीय भवन, स्कूल, कॉलेज, आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी मीडियम, स्वास्थ्य के क्षेत्र में चारो तरफ विकास की गंगा बह रही है। कका ने छत्तीसगढ़ में वायदे से अधिक काम कराकर जनता को विकासकार्य दिखा दिया है। पिछले भाजपा सरकार ने 15 सालों तक छत्तीसगढ़ में राज करती रही। उन्होंने केवल जनता को लूटने का काम किया है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में कोई विकासकार्य नहीं किया है।उक्त बातें नगर के कृषि उपज मंडी समिति में आज मंगलवार 26 सितंबर को छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज संघ बागबाहरा द्वारा आयोजित 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामाजिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा। उन्होंने समाज को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि जिस तरह पिछले विधान सभा चुनाव में मुझे पंजा छाप में वोट देकर सर्वाधिक मतो से जीताकर प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनाई है। ठीक उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पंजा छाप में वोट देकर कांग्रेस की सरकार फिर से बनाना है। ताकि छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास फिर से हो सकें।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता मोरतध्वज चक्रधारी ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार बनाने हेतु समाज का एक बहुत बड़ा योगदान होता है। जिसे हमारे कका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अच्छी तरह से निभा रहे है। समाज के बिना सरकार नहीं चल सकती। समाज को आगे बढ़ाने में कांग्रेस सरकार का सक्रिय भूमिका रही है। समाज को सक्रिय एवं संगठित बनाने हेतु सभी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। इसी तरह कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में पौने 5 साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानो, मजदूरो, वनवासियों, तेंदूपत्ता संग्राहको के लिए कई तरह के लगातार कार्य किए हैं। जिससे लोगों को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। समाज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सबसे पहले शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए।समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना चाहिए। वहीं समाज में नशापान करने पर भी रोक लगाना चाहिए। ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके। छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज जिला ईकाई परिक्षेत्र बागबाहरा में कुम्भकार समाज की जमीन में सामाजिक भवन निर्माण हेतु आज 26 सितंबर को भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं एवं कर्मचारी संघ एवं मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्यअतिथि द्वारिकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी, अध्यक्षता मोरतध्वज चक्रधारी केन्द्रीय अध्यक्ष कुम्भकार समाज के विशेष अतिथि महेन्द्र चन्द्राकर उपाध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद छ.ग., तेजन चंद्राकर मण्डी अध्यक्ष बागबाहरा, भूपेन्द्र ठाकुर शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बागबाहरा, रामेश्वर चक्रधारी प्रदेश उपाध्यक्ष पिछडा.वर्ग प्रकोष्ठ ,ओमप्रकाश चक्रधारी उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा, उत्तम राणा जनपद सदस्य, कार्तिक राम चक्रधारी ,भगवान सिंग चक्रधारी, नैनसिंह चक्रधारी पूर्व कोषाध्यक्ष, कृष्णा राणा, नेताराम चक्रधारी, घनश्याम चक्रधारी उपाध्यक्ष कर्मचारी संघ बागबाहरा, छेदूराम चक्रधारी , रेवाराम चक्रधारी, व्यासनारायण चक्रधारी, छबीराम चक्रधारी, माखन चक्रधारी,कमल चक्रधारी, नेहरुलाल चक्रधारी, टुमन लाल चक्रधारी, मूलचंद चक्रधारी, तेजनारायण चक्रधारी, दाऊराम चक्रधारी, दयाराम चक्रधारी, खेलूराम चक्रधारी,श्रीमती इन्दूमति पाड़े, श्रीमती लता पाड़े, केजू चक्रधारी उपाध्यक्ष मण्डी, उपाध्यक्ष नोहर चक्रधारी मनीराम पाड़े, पवन चक्रधारी, ज्ञानचंद चक्रधारी, राजेन्द्र पाड़े, मोहिन्दर पाड़े, दरवन चक्रधारी ,जनक राम चक्रधारी , चित्तरंजन चक्रधारी डमरुलाल चक्रधारी, तिलक चक्रधारी, खेमचंद चक्रधारी, बेनीराम चक्रधारी, सुरेश चक्रधारी, नरोत्तम चक्रधारी, यश चक्रधारी , विनोद चक्रधारी, श्रीमती खुशबू पाड़े, कुमारी बाई चक्रधारी ,चम्पा बाई , मुंगावती चक्रधारी, गिरीश चक्रधारी, झनक राम कुम्हार, मनीराम पाड़े, व्यासनारायण चक्रधारी, रेवाराम चक्रधारी, हुकुम चक्रधारी , पवन चक्रधारी नंदकुमार चक्रधारी, भीष्म चक्रधारी, नागेन्द्र पाड़े इस सामाजिक कार्यक्रम मे इन सभी सामाजिक बंधुओं का विशेष योगदान रहा। इस भूमिपूजन कार्यक्रम का शुरुआत संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने समाज प्रमुखों की उपस्थिति में धरती पर कुदाल चलाकर एवं श्रीफल फोड़कर किया। मंच में उपस्थित अतिथियों ने चक्रधारी विष्णु भगवान के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कुम्भकार समाज ने संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव को गमछा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भूमिपूजन कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दरवन चक्रधारी एवं आभार प्रदर्शन जेठूराम पाड़े केन्द्रीय सचिव बागबाहरा एवं शिक्षक घनश्याम चक्रधारी द्वारा किया गया।

